# देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 08 नवम्बर 2023 । वर्ष –67 । अंक –359 पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.



- नरसंहार के एक महीने
- इन चुनावी संकेतों से... 04
- अमेरिका क्यों कर रहा गाजा में सीजफायर...
- कनाडाई सिख कवयित्री रूपी कौर ने... 09
- सरकार ने बढ़ाई अरहर और उड़द दाल की...
- सोने में आंशिक गिरावट, चांदी 650 रुपये... 11
- भारत एफआईएच जूनियर...
- मुझे निर्णय लेना था कि... 10


### कांग्रेस की 'गारंटियों' पर प्रधानमंत्री का जोरदार हमला..

# गरीब और मध्यम वर्ग को कांग्रेस ने लूटा : मोदी



## सीधी की रैली में कहा–गरीब की जेब साफ और काम हाफ

**सीधी, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में अपने चुनाव अभियान को तेज करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीधी में एक बड़ी जनसभा को संबोधित किया। श्री मोदी ने कांग्रेस के घोषणा पत्र और गारंटियों पर तीखा प्रहार करते हुए चुटीले अंदाज में सभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि– कांग्रेस ने हमेशा गरीब और मध्यम वर्ग को लूटने का काम किया है।

उन्होंने कहा कांग्रेस का ऐसा पतन इसलिए हुआ, क्योंकि इनका नारा रहा है – गरीब की जेब साफ और काम हाफ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि– केंद्र में हमसे पहले 10 वर्ष तक कांग्रेस ने सरकार चलाई। लेकिन उसमें उसने गरीब और मध्यम वर्ग को लूटने का ही काम किया था। लेकिन आपके सेवक मोदी ने करीब 10 साल जो सरकार चलाई है, उसमें पूरी लगन से कार्य किए हैं। इन 10 वर्षों में घोटाले बंद हुए हैं, गरीब और मध्यम वर्ग की बचत हुई है, उन्हें अधिक सुविधा मिली है। श्री मोदी ने आगे कहा टेलीकॉम घोटाला और कोयला घोटाला करके कांग्रेस ने आपके लाखों–करोड़ रुपये लूट लिए। जबकि भाजपा सरकार में वो लाखों करोड़ रुपये के घोटाले बंद हो चुके हैं। जो पैसा घोटालों से हम बचा रहे हैं, वो पैसा हम गरीब और मध्यम वर्ग के हित में लगा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि देश भर के गरीब परिवारों को पक्का घर मिले, ये गारंटी भी मोदी ने दी इस पर भी सरकार 4 लाख करोड़ रुपए खर्च कर रही है। वो राम मंदिर की चर्चा तो करते हैं, लेकिन इसकी चर्चा नहीं करते हैं। उज्जवला योजना के तहत हमने सिलेंडर 500 रुपए सस्ता किया है। कांग्रेस ने गरीबों से पिछले 50–60 सालों में जितना झूठ बोला है, उसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। इन लोगों ने 5 साल पहले 2018 में कहा था 10 दिन में कर्ज माफ करेंगे। 15 महीने सरकार में भी यह कर्ज माफ नहीं कर पाए। हमने किसानों के खाते में सीधे पैसे ट्रांसफर किए।

➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा- पटाखों पर पूरे देश में लगे रोक

## आदेश केवल दिल्ली-एनसीआर तक सीमित नहीं हमारा आदेश

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सुप्रीम कोर्ट ने पटाखों को बैन करने के मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि हमने जो पिछले आदेश दिए थे वो केवल दिल्ली भर के नहीं थे। पटाखों को बैन करने का हमारा आदेश पूरे देश के लिए था।

उन्होंने कहा, हमने अपने पुराने आदेश में पटाखों पर पूर्ण रोक का मसला स्थानीय सरकार पर छोड़ा था, लेकिन हॉस्पिटल जैसी स्वास्थ्य के लिहाज से संवेदनशील जगहों पर पटाखे न चलाने, पटाखे चलाने की समय सीमा तय करने के लिए कहा था। एनसीआर में आने वाले राजस्थान के इलाकों के लिए दिल्ली–एनसीआर वाले नियम लागू होंगे। यानी पटाखों पर रोक रहेगी।



सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी उस समय की जब वह दिल्ली एनसीआर समेत देश भर के अन्य शहरों में बढ़ते प्रदूषण के मामले की सुनवाई कर रहे थे। पंजाब में पराली जलाने, देश के बाकी हिस्सों में अन्य कारणों से प्रदूषण के स्तर में हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए अदालत ने कहा, यह सिर्फ अदालत का काम नहीं है कि वह प्रदूषण को रोके, ये सभी की जिम्मेदारी है खासकर सरकार की सबसे ज्यादा जवाबदेही है।

### कैसे भी पराली जलाना रोके पंजाब सरकार

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर कहा, सरकार पराली जलाना रोके। वह पराली जलाना कैसे रोकती है इसके बारे में वह नहीं जानते पर पंजाब सरकार पराली जलाना रोके। अदालत ने आगे कहा, ऐसा हर समय नहीं हो सकता है कि आप हमेशा राजनीतिक लड़ाई लड़ते रहें। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान और अन्य राज्य सरकारों को भी उनके पहले के आदेशों पर अमल करने को कहा। कोर्ट ने कहा, हमारा आदेश सिर्फ एक राज्य या दिल्ली एनसीआर तक सीमित नहीं है, यह पूरे देश पर लागू है, जिन राज्यों में भी प्रदूषण है वहां की राज्य सरकारें इसका समाधान स्थानीय स्तर पर करने के लिए कदम उठाएं। प्रदूषण का नियंत्रण करना सिर्फ राज्य सरकार का ही कर्तव्य नहीं है।

ICC CRICKET WORLD CUP
INDIA 2023

**आज के मैच**
इंग्लैंड विरूद्ध नीदरलैंड
समय - 2.00 दोपहर

## दमोह, गुना, मुरैना में मोदी की जनसभाएं आज

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 8 नवम्बर को म.प्र. में तीन जनसभाएं संबोधित करेंगे। दमोह के इमलाई ग्राम मैदान में सुबह 10 बजे, गुना के दशहरा मैदान में दोपहर 12.30 बजे और मुरैना के पुलिस परेड ग्राउंड में दोपहर 3 बजे बड़ी जनसभाएं लेंगे।

**सूचना**
सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**बिरादरी की बात**

**चूहा–सुनती हो**– सुप्रीम कोर्ट ने कहा है– केवल दिल्ली नहीं पूरे देश में पटाखे रोकने कहा है।

**चुहिया– हां प्रिये**– हवा को जहर से बचाना जरूरी है, लेकिन हमारे माननीय ही पलीता लगा देते हैं।

## इधर शिवराज ने किया सोनिया पर हमला

# क्या ये काम सोनिया मेडम के इशारे पर हो रहा है..



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में विधानसभआ चुनाव नजदीक है इससे पहले नेताओं के बीच बयानबाजियों और आरोपो का दौर जारी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का बड़ा बयान सामने आया है।

मुख्यमंत्री ने जनता से सवाल पूछते हुए कांग्रेस और कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी पर जमकर हमला बोला है। शिवराज ने कहा कि– मैं आपसे फिर एक सवाल पूछना चाहता हूं आपके नेता कभी कर्मचारी अधिकारी को धमकाते हैं, कभी बहनों को धमकाते हैं घर में चूल्हा नहीं जलते देंगे कल भी मैंने यह पूछा था और आज भी मैं यह पूछ रहा हूं क्या बच्चों को भूखा मार देंगे..? ये धमकी जो कांग्रेस दे रही है क्या वो मैडम सोनिया गांधी के इशारे पर दे रही है..? जिनको नेता मान रखा है उनके बेटे जनता से कहते हैं, बहनों से कहते हैं खबरदार लाडली बहना का पैसा नहीं मिलेगा। आगे मुख्यमंत्री ने कहा कि– अरे आप ही तो योजनाओं का पैसा बंद करने वाले थे बैगा, भारिया, सहरिया बहनों के खाते में 1000 जाते थे आपकी सरकार आते ही अपने बंद कर दिए। लेकिन यह शिवराज सिंह चौहान की योजना है मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना, पैसा आ रहा है, अभी भी आ रहा है, धनतेरस के पहले भी आ रहा है और बाद में भी लगातार आता रहेगा। केवल आता ही नहीं रहेगा 1250 से बढ़ाकर क्रमशः उसे 3000 तक ले जाऊंगा, यह हमारी गारंटी है।

## छत्तीसगढ़ : कांकेर-सुकमा में नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़, 3 जवान घायल

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ में 20 विधानसभा सीटों पर वोटिंग जारी है। इस बीच सुकमा और कांकेर में नक्सलियों के साथ सुरक्षाबलों की मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में नक्सली मारे गए हैं तो वहीं 3 जवान भी घायल हुए हैं। सुकमा में कोबरा 206 के जवानों के साथ हो मुठभेड़ देर रात तक होती रही। मीनपा में पोलिंग पार्टी को सुरक्षा देने के लिए जवान जंगलों में तैनात थे। इसी दौरान यहां नक्सलियों के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई।

कांकेर ज़िले में बंदे थाना क्षेत्र में बीएसएफ़ एवं डीआरजी की टीम मतदान के लिए एरिया डोमिनेशन पे निकली थी। इसी दौरान डीआरजी के साथ पानावर के पास क़रीब 1 बजे नक्सलियों के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई। यहां पर सुरक्षाबलों ने कुछ नक्सलियों को मार गिराया। हालांकि अभी तक संख्या का पता नहीं चल पाया है। घटनास्थल से एके–47 बरामद की गई है और सर्च ऑपरेशन जारी है।





कैश डिस्काउंट ₹5500* | कम ब्याज दर @ 6.50%^ | 0^ प्रोसेसिंग फीस, एडवांस ईएमआई, डॉक्यूमेंटेशन चार्ज | अभी खरीदें और भुगतान करें 2024^ में

1ST IN SEGMENT FULL DIGITAL SPEEDOMETER | 1ST IN SEGMENT BLUETOOTH WITH CALL AND SMS ALERT | 1ST IN SEGMENT REAL TIME MILEAGE INDICATOR

SCAN TO AVAIL THE GIFT OFFERS | Hero 112 MILLION MADE OF TRUST | WORLD'S NO.1 22 YEARS IN A ROW | INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply | AADHAAR^ BASED LOAN & CASH EMI | NO HYPOTHECATION^ | Also available on: Flipkart BENEFITS UP TO ₹7500 | Hero GoodLife BENEFITS UP TO ₹6500##

• For Corporate & Govt enquiries please contact: institutionalsales@heromotocorp.com • Select models are available at CSD/CPC authorised dealerships

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **As per the cumulative dispatch number till March 2023. #Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2022 - Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market (CY22). ~As per the cumulative dispatch volume of Splendor range of motorcycles till January 2023. ^^Based on offers from empanelled dealers on Wheels of Trust platform. ^^Based on offers from empanelled dealers on Wheels of Trust platform. ^Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. *Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only. For more details, please visit your nearest authorised Hero outlet. ##Available on purchase of Hero Good Life membership. Applicable on select models only. ~~Flipkart benefits are at the sole discretion of Flipkart subject to its respective T&Cs. 'Ex-Showroom price of Splendor Plus Drum Break in Bhopal. Festive ex-showroom prices are inclusive of applicable offers on respective models.

Exchange Powered By Wheels of Trust^^ SCAN FOR BEST RESALE VALUE

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK/GeM REQUIREMENTS, PLEASE MAIL AT bhopal@heromotocorp.com | हीरो के सभी स्कूटर्स एवं बाइक्स से सम्बंधित ऑफर्स अब सीएसडी कैन्टीन में भी उपलब्ध

**अधिकृत डीलरः जबलपुर:** सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), **बालाघाट:** जायसवाल हीरो 9289922572, **छिन्दवाड़ा:** सत्कार हीरो 9289922805, **मण्डला:** शुभा हीरो 9289922600, **नरसिंहपुर:** रचना हीरो 9289922377, **रीवा:** बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9289922368, इलाहाबाद रोड 9826135163), **सतना:** स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, **शहडोल:** विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, **कटनी:** हर्ष हीरो 9289923166, **वैढ़न:** कुन्दन हीरो 9289922743, **सीधी:** राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, **टीकमगढ़:** आनंद हीरो 9289923112, **अधिकृत ए.एस.सी: रीवा**-आकाश मोटर्स 9893918358, **अमरवाड़ा**-अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, **ब्यौहारी**-श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, **बुढ़हार**-श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, **डिंडोरी**-अवधिया ऑटो 8959777333, **नैनपुर**-स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, **गाडरवाड़ा**-शेखर व्हीकल्स 9425467409, **जुन्नारदेव**-लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, **कोतमा**-सिटी ऑटोमोबाईल्स 9300531311, **मैहर**-वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, **मउगंज**-सेंगर मोटर्स 9425185568, **चौरई**-श्रीजी ऑटोमोबाईल्स 7428390264, **लांझी**-श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, **पांढुरना**-जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, **परासिया**-श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, **रामपुर बघेलान**-साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, **रांझी**-गुरुकृपा ऑटो 9424728007, **सिहोरा**-बाईक प्वांट 9826802730, **उमरिया**-गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, **वारासिवनी**-रुसिया मोटर्स 9425822392, **जतारा**-शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, **टीकमगढ़**-एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) **छिन्दवाड़ा:** सत्कार हीरो 9289922805

WT.5655.2023

# देश-विदेश

## मणिपुर : उग्रवादियों की फायरिंग में 8 लोग घायल

**इंफाल।** मणिपुर में मंगलवार को दो अलग-अलग स्थानों पर संदिग्ध कुकी उग्रवादियों की गोलीबारी में एक महिला और दो पुलिस कर्मियों सहित आठ लोग घायल हो गए। इंफाल पूर्व में हथियारबंद बदमाशों द्वारा की गई गोलीबारी में दो मैतेई युवक घायल हो गए। इंफाल पश्चिम के कांगचुप में एक अन्य घटना में, संदिग्ध कुकी आतंकवादियों द्वारा उनकी ओर की गई गोलीबारी में एक महिला सहित चार लोग घायल हो गए।

# पाकिस्तानी एयरबेस पर आतंकी हमले में 35 सैनिकों की मौत का दावा

## 14 फाइटर जेट तबाह

**इस्लामाबाद।** वरिष्ठ पाकिस्तानी पत्रकार आयशा सिद्दीका का दावा है कि एयरबेस पर हुए आतंकी हमले में पाकिस्तानी सेना ने 35 सैनिक और 14 विमान खो दिए हैं। आयशा सिद्दीका ने कहा पाकिस्तानी सेना को राजनीति छोड़कर देश की सुरक्षा पर ध्यान देना चाहिए।

पंजाब के मियांवाली में स्थित पाकिस्तान एयरफोर्स (पीएएफ) के बेस पर अज्ञात आतंकियों ने हमला बोल दिया। हमले की खबर कुछ ही घंटों में पूरी दुनिया तक फैल गई। हैरानी की बात है कि इस आतंकी हमले पर खुद पाकिस्तान की सेना ने चुप्पी साधी हुई है।

हमले में पाकिस्तान की वायुसेना के 14 एयरक्राफ्ट नष्ट हो गए तो वहीं 35 जवानों की मौत हो गई। लंदन के किंग्स कॉलेज में वॉर स्टडी डिपार्टमेंट के साथ बतौर सीनियर फेलो तैनात आयशा सिद्दीका के मुताबिक पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियां इस गलतफहमी में थीं कि उन्हें आतंकवाद से निजात मिल गई है, लेकिन मियांवाली में हुआ हमला उनकी आंखें खोलने वाला था।


**बैंक ऑफ़ बड़ौदा**
**Bank of Baroda**

इंडस्ट्रियल एरिया कटनी : कमर्शियल प्लाट नंबर 7, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, शांति नगर, कटनी, जिला- कटनी (म.प्र.)

**कब्जा नोटिस (चल एवं अचल संपत्ति के लिये)**

(As per Appendix IV read with rule 8(1) of the Security Interest (Enforcement) Rules 2002

सेक्यूरीटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल असेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सेक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के तहत् नियम- 8(3) के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित उधारकर्ता को मांग सूचना में दर्शायी गयी राशि, उक्त मांग सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के अंदर अदा करने को जारी किया गया था।

खातेदार (उधारकर्ता) द्वारा राशि अदायगी में असफल रहने पर एतद् द्वारा उधारकर्ता और जन सामान्य को यहां सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 8 साथ पठित एक्ट के साथ 13(4) के तहत उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये यहां नीच वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है।

विशेष रूप से उधारीकर्ता और जन सामान्य को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस संपति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें। निम्नलिखित संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिये बैंक ऑफ बड़ौदा की संबंधित शाखा से निर्मित प्रभार के अध्याधीन होगी। ऋणी एवं जमानतदारों का ध्यान प्रतिभूत आस्ति उपलब्ध समय में छुड़ाने (redeem) करने के संबंध में एक्ट की धारा 13 की उपधारा (8) के तहत आकर्षित किया जाता है।

SCAN HERE For Detailed Terms & Conditions

| क्र | ऋणी एवं जमानतदार का नाम व पता | नोटिस के अनुसार बैंक को देय राशि | बंधक रखी अचल सम्पत्ति का विवरण | मांग नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उधारकर्ता – श्री लवलेश कुमार त्रिपाठी पुत्र श्री सुरेश कुमार शर्मा<br>गारंटर-1. श्री सुरेश कुमार शर्मा पुत्र स्वर्गीय राम प्रबोध तिवारी<br>2. श्रीमती अलका त्रिपाठी पत्नी श्री लवलेश कुमार त्रिपाठी | Rs. 30,85,632.50 + ब्याज दि. 09-08-2023 से एवं अन्य खर्चे देय | भूमि और भवन के सभी हिस्से जो कि स्थित है, खसरा नंबर 224/10 का 2000 वर्ग फुट, भूतल पर 1905 वर्ग फुट पर निर्मित आवासीय घर, मोजा कैलवारा खुर्द, प.ह.नं 21, न.बं. 362, तहसील कटनी नगर, जिला कटनी म.प्र.<br>संपत्ति स्वामी- श्री सुरेश कुमार शर्मा<br>चतुर्सीमा (टाइटल डीड के अनुसार) – उत्तर- त्रिपाठी जी की भूमि, दक्षिण- विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व- 20 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम- विक्रेता की शेष भूमि | 09-08-2023<br>02-11-2023 |

मुख्य प्रबंधक, प्राधिकृत अधिकारी,
बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा - इंडस्ट्रियल एरिया कटनी

दिनांक: 08/11/2023, स्थान – कटनी


## ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने मोदी से की अपील

# गाजा पर इजराइल के हमले रोकने में मदद करे भारत



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक राजनयिक कॉल में ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने भारत से गाजा में चल रहे संघर्ष के बीच इजरायली कार्रवाई को समाप्त करने के लिए अपनी सभी क्षमताओं का उपयोग करने का आग्रह किया।

कॉल पर ईरानी सरकार के आधिकारिक बयान के अनुसार, राष्ट्रपति रायसी ने कहा कि- आज, भारत से गाजा के उत्पीड़ित लोगों के खिलाफ ज़ायोनी अपराधों को समाप्त करने के लिए अपनी सभी क्षमताओं का उपयोग करने की उम्मीद है।

राष्ट्रपति रायसी और पीएम मोदी के बीच सोमवार को हुई बातचीत में हमास शासित गाजा की स्थिति पर बढ़ती चिंताओं पर प्रकाश डाला गया, जहां 7 अक्टूबर के हमलों के जवाब में इजरायल द्वारा अपने सैन्य अभियान को तेज करने के कारण 10,000 से अधिक फिलिस्तीनियों की जान चली गई है। दोनों नेताओं ने इज़राइल-हमास संघर्ष के मद्देनजर पश्चिम एशिया क्षेत्र में कठिन स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया, क्योंकि इसके फैलने और इसके और बढ़ने की आशंकाएं बढ़ रही हैं। ईरानी राष्ट्रपति ने तत्काल युद्धविराम हासिल करने, नाकाबंदी को समाप्त करने और गाजा के पीड़ित लोगों को सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से किसी भी वैश्विक सामूहिक प्रयासों के लिए तेहरान का समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने गाजा में लगातार हो रही जानमाल की हानि और क्षेत्र से परे इसके संभावित परिणामों पर बढ़ते वैश्विक आक्रोश को रेखांकित किया।

उन्होंने कहा कि फिलिस्तीनी लोगों की हत्या की निरंतरता ने दुनिया के सभी स्वतंत्र देशों को क्रोधित कर दिया है और इस हत्या के अतिरिक्त-क्षेत्रीय परिणाम होंगे। रायसी ने हथियाने वाले ज़ायोनी शासन के कब्जे का विरोध करने के लिए फिलिस्तीनी प्रतिरोध समूहों के वैध अधिकार पर जोर दिया, सभी देशों से उत्पीड़न से आजादी के संघर्ष में फिलिस्तीनी लोगों के पीछे खड़े होने का आह्वान किया।

अनुलग्नक 47
प्रारूप C-1 से C-8 तथा CA
प्रारूप C-1

## आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटेरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता: प्रणय पाण्डेय ग्राम सिमरापटी, तह. बहोरीबंद जिला कटनी म.प्र.

राजनैतिक दल का नाम : भारतीय जनता पार्टी

(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)

निर्वाचन का नाम : विधानसभा निर्वाचन-2023

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : बहोरीबंद – क्रं. 94

मैं प्रणय पाण्डेय (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिये अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ :

(अ) लंबित अपराधिक प्रकरण

| क्रम सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों और धारा (ओ) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | म.प्र.एम.एल.ए. न्यायालय जबलपुर | एस.सी.पी.पी. एम-18/22 दिनांक 3.1.2018 लंबित है | लंबित है | भा.द.सं. 1860 धारा 34 भा.द.सं. 1880 धारा 186 |

राज्य परिषद के निर्वाचन विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

ANNEXURE 47
FORMATS C-1 TO C-8 and CA
Format C-1
Declaration about criminal cases

(As per the judgement dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Intrest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: SANJAY SATYENDRA PATHAK
Vill : Barmani, Tehsil : Barhi, Dist : KATNI (MP)
Name of political party: BHARATIYA JANTA PARTY
(Independent candidates should write "Independent" here)
Name of Election : 2023 MADHYA PRAESH VIDHAN SABHA
*Name of Constituency 92 VIJAYRAGHAVGARH

I, SANJAY SATYENDRA PATHAK Name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A) Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of Case (s) | Section (s) of Acts concerned and brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2nd Additional Judge to 1st Civil Judge, Senior Division cum JMFC, Katni, M.P. | Case No. UNCR 990/2022 Dated | Hon'ble High Court passed an interim order on 14-09-2023 and the said interim relief is still in force and continued | Section 294, 323, 365, 366 & 506 Part II of IPC. In Complaint Case No. UNCR 990/2022 Ravi Gupta Vs SanjayPathak & others 2nd Additional Judge to 1st Civil Judge, Senior Division cum JMFC, Katni, M.P. takes cognizance and directs for the registration of case and then transfers it to the court of Special Magistrate (M.P./M.L.A.) Jabalpur, vide order dated 04/09/2023. However, the Learned Trial Court has been restrained from taking any action against the applicant, by the Hon'ble High Court vide Order dated 14-09-2023 passed in MCRC No. 40988/2023 and later on the said interim relief granted has been confirmed by the Hon'ble High Court vide Order dated 03-10-2023 and 18-10- 2023, and the said interim relief is still in force and continued. |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| Sl. No. | Name of Court & date (s) of orders (s) | Description of office (s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| | Not applicable | Not applicable | Not applicable |

In the case of election of Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### गरीब और मध्यम वर्ग को.....

मैं सीधी में कह रहा हूं कि सीधी मदद भेजी है। पीएम मोदी ने आगे कहा इसलिए आप सबके आशीर्वाद से अब हमने मुफ्त राशन की इस योजना को आने वाले 5 साल के लिए बढ़ाने का निश्चय कर लिया है। गरीब का पैसा गरीब के पास जाए, उसके लिए खर्च हो और कोई बिचौलिया बीच में उस पैसे को लूट न पाए, यही मोदी की विशेषता है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस का इतिहास गरीबों से झूठ बोलने का रहा है। कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं, युवाओं से भी झूठ बोला और किसानों से भी कर्जमाफी का झूठा वादा किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा भाजपा सरकार जो कहती है, वो हम डंके की चोट पर पूरा करके दिखाते हैं। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत हम किसानों के खाते में पैसा जमा कर रहे हैं। इस योजना के तहत अब तक 2 लाख 60 हजार करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में जमा किए जा चुके हैं। इस योजना के 20 हजार करोड़ रुपये मप्र के किसानों के खातों में भी गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने केवल उन्हीं को आगे बढ़ाया, जो दिल्ली दरबार में हाजिरी लगाते थे। एससी, एसटी, ओबीसी समाज के प्रतिभाशाली नेतृत्व को कांग्रेस ने कभी उभरने नहीं दिया। इनकी यही दरबारी मानसिकता है, जिसके कारण ये लोग दिन-रात मोदी को गाली देते रहते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा- मोदी को गाली देते-देते ये पूरे ओबीसी समाज को गालियां देने लगे हैं। अनेक दशकों तक देश में पंचायत से लेकर संसद तक कांग्रेस का ही झंडा था, कांग्रेस की ही सरकारें थीं। लेकिन आज गिनती के कुछ राज्यों में ही इनकी सरकार बची है। आने वाले दिनों में इन राज्यों से भी कांग्रेस की विदाई होने वाली है।

अनुलग्नक 47
प्रारूप C-1 से C-8 तथा CA
(प्रारूप C-1 )

## आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता: रूदेश सिंह परस्ते ग्राम कोसमडीह, पोस्ट बच्छरगांव तहसील – बजाग, जिला-डिण्डौरी

राजनीतिक दल का नाम : निर्दलीय

(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)

निर्वाचन का नाम : विधानसभा 2023

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : डिण्डौरी (104)

मैं रूदेश सिंह परस्ते (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिये अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ/करती हूँ :

(A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्र. सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | न्यायिक द. प्रथम श्रेणी राजेन्द्रग्राम RCT 683/2016 | RCT 683/2016 | अभियोजन साक्ष्य हेतु | 341, 294, 506 भा.दं.सं. |
| 2 | न्यायिक द. प्रथम श्रेणी न्याया. डिण्डौरी | RCT 1291/2021 | अभियोजन साक्ष्य हेतु | 332, 353, 186, 354, 354 (बी), 294, 323, 506 भा.दं.सं. 3, 4, पब्लिक प्रापर्टी एक्ट 146/196 मोटर व्हीकल एक्ट |

(B) दंडनीय अपराधों के लिये सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम और आदेश की तिथि | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| 1 | निरंक | निरंक | निरंक |

अनुलग्नक 47
प्रारूप C-1 से C-8 तथा CA
प्रारूप C-1

## आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता: विजयराघवेन्द्र सिंह-ग्राम-बड़वारा-कला, तह.-बड़वारा जिला-कटनी-मध्यप्रदेश

राजनीतिक दल का नाम : इंडियन नेशनल कांग्रेस

(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखें)

निर्वाचन का नाम : लागू नहीं

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : लागू नहीं

मैं लागू नहीं (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिये अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता/करती हूँ :

(A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्रम सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

(B) दंडनीय अपराधों के लिये सजा के प्रकरणों का विवरण

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियां) | कार्यालय (यों) और लगाई गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश कटनी (म.प्र.) | 01 (एक वर्ष का कारावास) | 5000/- पांच हजार अर्थदण्ड |
| शून्य | | शून्य | शून्य |
| शून्य | | शून्य | शून्य |

राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

परिशिष्ट 43
(अध्याय 3 पैरा 3.8)
प्रारूप ग-1 से ग-3
प्रारूप ग-1

## आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की डब्ल्यूपी (सिविल) सं. 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के दिनांक 5 सितंबर 2018 के निर्णय के अनुसार, (जनहित फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ और एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम एवं पता: एकता ठाकुर पुत्री- प्यारेलाल ठाकुर / पता पोस्ट-कुण्डम, तहसील कुण्डम, जिला जबलपुर (म.प्र.)

राजनैतिक दल का नाम : इंडियन नेशनल कांग्रेस

(निर्दलीय अभ्यर्थियों को यहां ''निर्दलीय'' लिखना चाहिये)

निर्वाचन का नाम : मध्यप्रदेश विधानसभा 2023

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : 102 सिहोरा (अनुसूचित जनजाति)

में एकता ठाकुर (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त उल्लिखित चुनाव का अभ्यर्थी अपने आपराधिक मामलों के बारे में निम्नलिखित जानकारी सार्वजनिक सूचना के लिए घोषणा करता हूँ :

| क्रम सं. | लंबित आपराधिक मामले | | | आपराधिक अपराधों के लिए सजा के संबंध में मामलों का विवरण | |
|---|---|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम | मामले की संख्या तथा मामले की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा संबंधित और अपराध का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम और आदेश की तारीख | अपराध (ओं) का विवरण और लगाया गया दण्ड |
| 1 | आर. टी. नं. 7265/2013 न्यायालय स्पेशल जेएमएफस (एम.पी./एम.एल.ए.) भोपाल मध्यप्रदेश | 1 (एक) लंबित | आई.पी.सी. 147, 332, 336, 353, 333, 186 भा.द.सं. | लागू नहीं है | लागू नहीं है |
| 2 | आर. सी. टी. 8851/20, न्यायालय श्रीमान सिविल जज क्लास-2 जबलपुर | 1 (एक) लंबित | आई.पी.सी. 279, 337, 338 | लागू नहीं है | लागू नहीं है |

राज्यों की परिषद के चुनाव या विधायकों द्वारा विधान परिषद के चुनाव के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित चुनाव का उल्लेख करें।

खबरों के 67 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 08 नवम्बर 2023 | वर्ष –67 | अंक –359 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.

# छत्तीसगढ़ में 71 व मिजोरम 77 फीसदी मतदान

## छग के पहले चरण में 20 सीटों पर डाले गए वोट



**रायपुर, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनावों के पहले चरण की घुर नक्सल इलाके की 10 सीटों सहित 20 सीटों पर मतदान आज शान्तिपूर्ण समाप्त हो गया। लगभग 71 प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं मिजोरम में 77.39 फीसदी लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

राज्य निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार कांकेर में 75.51 प्रतिशत,बस्तर में 72.41 प्रतिशत,बीजापुर में 40.98 प्रतिशत,मोहला मानपुर में 76 प्रतिशत, सुकमा में 50.12 प्रतिशत,कोण्डागांव में 75.35 प्रतिशत दंतेवाड़ा में 62.55 प्रतिशत तथा नारायणपुर में 63.88 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके साथ ही राजनांदगांव में 75.10 प्रतिशत, कबीरधाम में 72 प्रतिशत तथा खैरागढ़ में 76.31 प्रतिशत मतदान हुआ है। शाम पांच के बाद में भी कुछ मतदान केन्द्रों के परिसर में मतदाता मौजूद थे, इससे मतदान प्रतिशत और बढ़ने की संभावना है।

**कई प्रमुख नेताओं का भविष्य ईवीएम में कैद**–इस चरण में जिन प्रमुख नेताओं का राजनीतिक भविष्य ईवीएम में कैद हो गया उसमें पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह भी शामिल है। उनकी हाई प्रोफाइल सीट राजनांदगांव में भी इस चरण मे मतदान हुआ। इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की चित्रकोट सीट,राज्य के वरिष्ठ मंत्री मोहम्मद अकबर की सीट कवर्धा,वरिष्ठ मंत्री कवासी लखमा की सीट कोन्टा तथा वरिष्ठ मंत्री मोहन मरकाम की सीट कोन्डागांव में भी आज ही मतदान हुआ।

भाजपा के चार वरिष्ठ नेताओं पूर्व मंत्री केदार कश्यप की सीट नारायणपुर,पूर्व मंत्री महेश गागड़ा की सीट बीजापुर तथा पूर्व मंत्री एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेन्ड़ी की सीट कोन्डागांव में भी मतदान सम्पन्न हुआ।नक्सल प्रभावित दस विधानसभा क्षेत्रों मोहला–मानपुर, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा में मतदान तीन बजे समाप्त हो गया। इन क्षेत्रों में मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ था। जबकि 10 विधानसभा क्षेत्रों पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, बस्तर, जगदलपुर और चित्रकोट में मतदान शाम पांच बजे तक चलेगा। इन सीटों पर मतदान सवेरे आठ बजे शुरू था।

### मिजोरम में सभी चालीस सीटों पर पड़े वोट, जोरमथंगा में सबसे कम मतदान

मिजोरम में सभी 40 सीटों पर वोटिंग हुई। पांच बजे तक के आंकड़ों के अनुसार मिजोरम में 77.39 फीसदी लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। अब 3 दिसंबर को पता चलेगा कि जनता ने किसे चुना। जिन सीटों पर आज चुनाव हुए उनमें एक चर्चित सीट आइजोल पूर्व–1 है। यहां से मुख्यमंत्री जोरमथंगा मैदान में हैं। इस सीट पर 65.97 फीसदी वोट डाले गए। 2018 के विधानसभा चुनाव में इस सीट पर 80.3 फीसदी मतदान हुआ था। पांच बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, इस बार सेरछिप सीट पर सबसे ज्यादा 83.73 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। इसके बाद तुइकुम सीट सीट पर 83.07 फीसदी और सेर्लुइ सीट पर 83.03 फीसदी मतदान हुआ।

### कांग्रेस फिर शुरू करेगी भारत-जोड़ो यात्रा

# 2 दिसम्बर से शुरू हो सकती है यात्रा

## जल्द होगी औपचारिक घोषणा

**विंध्यवासिनी त्रिपाठी**



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** भारत जोड़ो यात्रा के पहले चरण की सफलता से उत्साहित कांग्रेस अब इसके दूसरे चरण की यात्रा की तैयारी कर रही है। यह यात्रा आगामी 2 दिसम्बर से शुरू हो सकती है। जल्द ही इसकी औपचारिक घोषणा भी कर दी जाएगी। हालांकि इस बार की भारत जोड़ो यात्रा पहले चरण की यात्रा से थोडा भिन्न होगी। यह हाईब्रिड होगी, लोग कहीं पैदल तो कहीं वाहनों का भी इस्तेमाल करेंगे। पहले चरण की यात्रा 7 सितम्बर 2022 को कन्या कुमारी से शुरू हुई थी और 30 दिसम्बर 2023 को श्रीनगर में जाकर खत्म हो गई थी। 126 दिनों की यह यात्रा 12 राज्यों के 75 जिलों से होकर गुजरी थी।

**गुजरात के गांधीधाम से शुरू हो सकती है**–पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस बार यह यात्रा गुजरात के गांधीधाम से शुरू हो सकती है और फरवरी 2024 में जाकर पूर्वी उत्तरप्रदेश के बलिया में जाकर खत्म हो जाएगी। इसके लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। विस्तृत कार्यक्रम और रोडमैप को तैयार किया जा रहा है। पांच राज्यों के विधानसभा खत्म होते ही यह यात्रा शुरू हो जाएगी। हालांकि 13 नवम्बर को भोपाल में इस पदयात्रा की एक झलक दिखाई पड़ सकती है।

### पहले चरण की यात्रा से थोड़ा भिन्न होगी

जब राहुल गांधी पैदल मार्च की अगुवाई करेंगे। राहुल ने अपने पहले चरण की यात्रा के पूरी करने के बाद कहा था कि उनके घुटनों में दिक्कत है, लेकिन लोगों से मिले अपार स्नेह के चलते उन्होंने अपनी यात्रा जारी रखी। इसलिए माना जा रहा है कि इस बार की यात्रा हाईब्रिड यानी मिली जुली होगी। वे कुछ यात्रा पैदल तो कुछ वाहन से भी तय कर सकते हैं। ताकि राहुल गांधी के साथ ही अन्य उम्रदराज नेताओं को भी कोई असुविधा न हो।

उल्लेखनीय है कि पूर्व वित्तमंत्री पी चिदंबरम ने सितम्बर में ही एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण की तैयारी हो रही है। कांग्रेस कार्यसमिति ने राहुल से भारत जोडो यात्रा को फिर से शुरू करने का आग्रह किया था।

### नीतीश कुमार ने सदन में पेश किया प्रस्ताव

# पिछड़े-अतिपिछड़े का आरक्षण बढ़ाकर 50 की जगह 65 फीसद किया जाना चाहिए

**पटना,( एजेंसियां )।** बिहार सरकार ने मंगलवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र में जातीय गणना से जुड़ी रिपोर्ट पेश की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सदन में आरक्षण बढ़ाने के मुद्दे पर बड़ा प्रस्ताव रखा है। नीतीश कुमार ने कहा कि पिछड़े और अतिपिछड़े का आरक्षण बढ़ना चाहिए। 50 की जगह 65 फीसद किया जाना चाहिए. पहले से अगड़ी जातियों को 10 प्रतिशत है तो इस 65 प्रतिशत के बाद कुल आरक्षण 75 प्रतिशत हो जाएगा, तब अनारक्षित 25 प्रतिशत बचेगा।

नीतीश कुमार ने एससी के लिए 20, एसटी के लिए 2 और ओबीसी एवं ईबीसी के लिए 43 फीसद आरक्षण देने का प्रस्ताव रखा। बिहार में ईबीसी के लिए आरक्षण 10 फीसदी, एससी के लिए 16, एसटी के लिए 01, ईबीसी के लिए 18, ओबीसी के लिए 12 और ईबीसी एवं ओबीसी महिलाओं के लिए तीन फीसदी है।

**रिपोर्ट पर सवाल उठाने वालों को दिया जवाब**–उधर नीतीश कुमार ने जातीय गणना की रिपोर्ट पर सवाल उठाने वालों को भी जवाब दिया है। नीतीश ने सदन में कहा कि कहीं कहीं कोई बोल देता है कि इस जाति की संख्या बढ़ गई तो उस जाति की संख्या बढ़ गई। यह बताएं कि जब इसके पहले जाति आधारित गणना हुई ही नहीं तो आप कैसे कह रहे हैं कि इस जाति की संख्या घट गई और उस जाति की संख्या बढ़ गई? यह बहुत बोगस बात है। यह सब नहीं बोलना चाहिए, जब भी हुआ है केंद्र सरकार ने कराया है।

**नीतीश मंत्रिमंडल ने प्रस्ताव पास किया**–नीतीश कुमार की कैबिनेट ने राज्य में आरक्षण का दायरा बढ़ाकर 75 फीसदी करने का प्रस्ताव पास कर दिया है। सीएम नीतीश कुमार ने बिहार विधानसभा में मंगलवार को ही आरक्षण बढ़ाने का सुझाव दिया था, इसके ढाई घंटे बाद ही कैबिनेट ने इस पर मुहर लगा दी।

### जातीय गणना का आर्थिक सर्वे पेश, सामान्य जाति में 25 प्रतिशत लोग गरीब

बिहार में हाल में ही हुई जातीय गणना की रिपोर्ट मंगलवार को विधानसभा में पेश की गई। इस दौरान आर्थिक सर्वे भी सदन के पटल पर रखा गया। सदन में पेश रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में सामान्य जाति में जहां 25.09 प्रतिशत लोग गरीब हैं, वहीं अनुसूचित जाति में 42.93 प्रतिशत लोग गरीब हैं। इसी तरह पिछड़ा वर्ग में 33.16 प्रतिशत, अति पिछड़ा में 33.58 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति में 42.70 प्रतिशत परिवार गरीब हैं।

# भारत की प्रलय बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण

### 500 किलोमीटर तक की रैंज में कर देगी दुश्मन का खात्मा



**बालासोर।** भारत ने मंगलवार को ओडिशा तट के अब्दुल कलाम द्वीप से सतह से सतह पर मार करने वाली कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल प्रलय का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। एक रक्षा अधिकारी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस मिसाइल को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा विकसित किया गया है। मिसाइल सुबह करीब 9 बजकर 50 मिनट पर लॉन्च की गई। इस दौरान मिसाइल ने अपने सभी मिशन उद्देश्यों को पूरा किया।

**प्रलय मिसाइल की खासियत**–प्रलय 350–500 किमी की कम दूरी की, सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है। इसकी भार क्षमता 500–1,000 किलोग्राम है। प्रलय मिसाइल ठोस–ईंधन और युद्धक्षेत्र मिसाइल पृथ्वी रक्षा वाहन पर आधारित है। प्रलय को वास्तविक नियंत्रण रेखा और नियंत्रण रेखा पर तैनाती के लिए विकसित किया गया है। प्रलय मिसाइल की तुलना चीन की डोंग फेंग 12 और रूस की इस्केंडर से की जा सकती है, जिसका इस्तेमाल यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध में किया गया था। इसमें पाकिस्तान की रक्षा प्रणाली में सामरिक बैलिस्टिक मिसाइलें भी हैं।



जबलपुर, बुधवार 08 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# नरसंहार के एक महीने

इजरायल और हमास के बीच छिड़ी जंग को पूरे एक महीने हो गए हैं। पिछले महीने यानी 7 अक्टूबर को हमास ने इजरायल पर हमला किया था और इसके बाद इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बिना देर किए युद्ध का शंखनाद कर दिया था। उन्होंने अपनी प्रशासनिक और खुफिया असफलता के लिए इजरायल के लोगों से माफी मांगना जरूरी नहीं समझा, न ही उन्होंने इन सवालों की परवाह की कि इजरायली खुफिया एजेंसी मोसाद इस हमले की जानकारी क्यों नहीं जुटा पाई, किस तरह हमास इतना शक्तिशाली हो गया कि उसने इजरायल पर भीषण हमला बोल दिया। नेतन्याहू इन सवालों की पड़ताल करने के लिए पहले वक्त निकालते, तो शायद ऐसा नरसंहार नहीं होता, जो इस वक्त हो रहा है। तब शायद हमास के असली इरादे पता चलते और ये भी मालूम होता कि आखिर हमास ने इतनी ताकत और दुस्साहस किसके बूते जुटा लिया। लेकिन शायद नेतन्याहू को युद्ध के मैदान में उतरने की हड़बड़ी थी ताकि हमास के बहाने फिलिस्तीनियों को पूरी तरह खदेड़ कर अपना कब्जा स्थायी कर लिया जाए।

जिस हमास को खत्म करने की कसम खाकर नेतन्याहू ने युद्ध शुरु किया, वो अब भी बरकरार है। शायद हमास का अमृतकुंड किसी इजरायली बंकर में ही छिपा हो और इसलिए वो खत्म नहीं हो पा रहा है। लेकिन उसके नाम पर अब तक 10 हजार से अधिक फिलिस्तीन मारे जा चुके हैं। इनमें 6 हजार से अधिक बच्चे हैं। इन बच्चों में भी बहुत से ऐसे हैं, जिन्होंने अपने जीवन का एक साल भी पूरा नहीं किया, कुछ बच्चों को तो मां के पेट में ही इजरायल ने खत्म कर दिया, मानो उन अजन्मी संतानों में हमास का आतंकी रूप इजरायल को नजर आता है। खून, धूल, बारूद की गंध से लिपटे, रोते-बिलखते, डर से कांपते बच्चों की तस्वीरें और वीडियो देखकर किसी भी सामान्य इंसान की रूह कांप जाए। लेकिन युद्धोन्माद में कोई सामान्य कहां रह पाता है। इजरायली सैनिक अपने आका का हुक्म बजा रहे हैं और इजरायल अपने आका अमेरिका की फरमाबरदारी कर रहा है। बिना इस बात की परवाह किए कि उसके हाथों में इतना खून लग चुका है, जिसके दाग सदियों तक बरकरार रहेंगे।

आज इजरायल ने इतने फिलिस्तीनी नागरिकों को मारा, जिनमें इतने बच्चे, इतनी महिलाएं, इतने पत्रकार, इतने सैनिक, इतने डॉक्टर हैं, इजरायल ने आज अस्पताल को तबाह किया, आज राहत शिविर पर बम बरसाए, आज गजा पट्टी तक पहुंचने वाली बिजली, पानी की आपूर्ति रोक दी, आज संचार के साधनों को खत्म कर दिया, ऐसी ही खबरें रोजाना महीने भर से लगातार आ रही हैं। और इन खबरों को देखकर भी अगर हम सामान्य बने हुए हैं, तो फिर ये तय है कि हम मनुष्य कहलाने का हक खो चुके हैं। बताया जा रहा है कि फिलिस्तीनियों को औसतन दिन में ब्रेड की दो स्लाइस और थोड़े से पानी में गुजारा करना पड़ रहा है। बहुतों को ये भी नसीब नहीं हो रहा है। निश्चित ही अमेरिका, इजरायल और इन देशों का साथ देने वाले तमाम सत्ताधीश आला दर्जे की संवेदनहीनता और क्रूरता दिखा रहे हैं। जिन लोगों को मासूमों की मौत, भूख-प्यास, बीमारी देखकर कोई फर्क नहीं पड़ रहा, जो खून की नदियों से धरती को मैला करने में लगे हुए हैं, क्या उन लोगों से न्याय और लोकतंत्र की रक्षा की उम्मीद की जा सकती है। किस तरह से ये तमाम शासनाध्यक्ष दुनिया से आतंकवाद मिटाकर शांति स्थापना का दावा कर सकते हैं, जबकि खुद इनके कृत्य किसी आतंकवाद से कम नहीं हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ को भी अमेरिका, इजरायल और उनका साथ देने वाले तमाम देशों ने बेमानी बना दिया है। संरा महासचिव एंटोनियो गुटेरेस बार-बार शांति की अपील कर रहे हैं। मानवीय आधार पर युद्धविराम की बातें कर रहे हैं। अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया, जर्मनी तमाम देशों में लगातार आम जनता फिलिस्तीनियों के लिए आवाज उठा रही है। खुद इजरायल की जनता नेतन्याहू की युद्धनीति का विरोध करते हुए सड़कों पर उतर आई है। लेकिन फिर भी इज़रायल युद्धविराम के लिए तैयार नहीं है और उधर जो बाइडेन कह रहे हैं कि पूरे युद्धविराम की जगह मानवीय जरूरत के लिए छोटे विराम लिए जाएं। इस तरह के बयानों से अमेरिका की असली नीयत समझ आ जाती है। मानवीय जरूरत तो यही है कि किसी भी हाल में युद्ध तुरंत बंद हो और नरसंहार पर रोक लगे। छोटे विराम जैसा कोई विकल्प होना ही नहीं चाहिए। मगर युद्ध रुका तो नेतन्याहू के फिलिस्तीन पर कब्जे के मंसूबे धरे रह जाएंगे। इसलिए अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए इजरायल युद्ध किए जा रहा है और अमेरिका अपनी मदद जारी रखे हुए है।

दुनिया भर के कई राजनेता अपनी सरकारों से अलग राय रखते हुए इजरायल को आतंकी राष्ट्र घोषित करने की मांग उठा चुके हैं। नेतन्याहू पर युद्ध अपराधों का मुकदमा चलाने की मांगे हो रही हैं। यह देखना दुखद है कि इंसानियत के इस मुश्किल वक्त में भारत का नेतृत्व करने वाली मोदी सरकार ढुलमुल रवैया अपनाए हुए है। सोमवार को ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बातचीत की और इसमें दोनों देशों के संबंधों पर चर्चा के साथ ही फिलिस्तीन के हालात पर भी चर्चा हुई। जिसमें राष्ट्रपति रईसी ने श्री मोदी को 'पश्चिमी उपनिवेशवाद के ख़िलाफ़ भारत के संघर्ष' और 'गुट-निरपेक्ष आंदोलन का संस्थापक देश होने' की याद दिलाई। रईसी ने कहा, 'आज भारत से उम्मीद है कि वह ग़ज़ा के बाशिंदों के ख़िलाफ़ ज़ायनवादियों के अपराधों को रोकने के लिए अपनी पूरी क्षमताओं का इस्तेमाल करे।

ईरान ने मोदी सरकार को भारत के इतिहास और विदेश नीति का वो अध्याय याद दिलाया, जिसके बूते दुनिया में भारत के नाम की साख बनी हुई थी। लेकिन अफसोस कि मोदी सरकार ने सायास उस अध्याय को बंद करने की कोशिश की है। गुटनिरपेक्षता आंदोलन को औपचारिकता के फ्रेम में जकड़ दिया है और कुछ व्यापारिक हितों को ध्यान में रखते हुए श्री मोदी इजरायल या अमेरिका के कृत्यों पर खुलकर बोल भी नहीं रहे हैं। इजरायली सरकार के अपराधों पर अमेरिका से लेकर भारत तक का यह ढीला रवैया समूची मानवता के लिए भारी पड़ेगा।

# इन चुनावी संकेतों से उभरती भावी सियासी तस्वीर

छत्तीसगढ़ की 90 में से 20 तथा मिजोरम की सभी 40 सीटों के लिये मंगलवार को मतदान होने के साथ ही पांच राज्यों के लिये निर्धारित विधानसभा के चुनावों को लेकर जो कयास लगाये जा रहे हैं; और जो संकेत मत सर्वेक्षणों (ओपिनियन पोल) से मिल रहे हैं, उनसे देश की एक नयी भावी तस्वीर स्पष्टता के साथ उभरती नज़र आ रही है। इसके अलावा जमीनी हकीकतों से रूबरू हो रहे तमाम राजनीतिक पण्डित तथा विश्लेषक भी इशारे कर रहे हैं कि इन राज्यों के नतीजे जो आएंगे उसके बाद देश की सियासत वैसी नहीं रहगी जैसी आज है। उपरोक्त दो प्रदेशों के अलावा राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में भी चुनाव हो रहे हैं जो अलग-अलग तारीखों पर निपट जायेंगे। सारे के सारे इसी माह होंगे और उनके परिणाम आयेंगे 3 दिसम्बर को।

यह ऐसा चुनाव है जिसमें पांचों राज्य विभिन्न कारणों से बेहद महत्वपूर्ण हो गये हैं। महत्ता की दृष्टि से इसका क्रम नहीं ठहराया जा सकता जो सामान्य तौर पर एक साथ कई राज्यों में होने वाले चुनावों के समय निर्धारित किये जा सकते हैं। मसलन, फरवरी 2022 में जब पांच सूबों की विधानसभाओं के चुनाव हुए थे तो उन पर होने वाली चर्चाओं के दौरान प्रकारान्तर से उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर का क्रम सियासी महत्व के अनुसार निर्धारित होता था। हिन्दी पट्टी का प्रमुख राज होने के नाते और एक अलग तरह की राजनीति व प्रशासन चलाने वाले उप्र को सर्वाधिक अहमियत थी, तो हिन्दुत्व की नयी प्रयोगशाला के रूप में बन रहे उत्तराखंड का क्रमांक दूसरा था। कांग्रेस की उथल-पुथल और भारतीय जनता पार्टी व अकाली दल के अलगाव के बाद होने तथा आम आदमी पार्टी के वहां जोर-शोर से चुनाव लड़ने के कारण उस चुनाव का भी महत्व था परन्तु वह राज्य तीसरे ही नंबर पर था। पहले 2017 में बनी जहां की सरकार (गोवा) को भाजपा ने कांग्रेस से छीनकर बनाया था, उसकी ओर लोग उत्सुकता से देख तो रहे थे पर वह चौथा ही महत्वपूर्ण राज्य था। पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर को आखिरी क्रमांक पर रखा गया था।

इस बार ऐसा बिलकुल नहीं किया जा सकता। अब कोई नहीं कह सकता कि कौन सा राज्य सर्वाधिक महत्वपूर्ण है और कौन सा सबसे कम। मिजोरम को ही लें! जब चुनावों की घोषणा हुई थी तो लगता था कि यह इन सभी में सबसे कम महत्वपूर्ण है, परन्तु जैसे-जैसे मणिपुर की घटनाओं की आंच उस राज्य ने महसूस की, वहां राहुल गांधी का दो दिवसीय दौरा हुआ, सभी राज्यों में धुंआधार प्रचार करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उससे दूरी बना ली तथा मुख्यमंत्री जोरामथांगा ने साफ कर दिया कि वे मोदी के साथ मंच साझा नहीं करेंगे- मिजोरम भी अपने



डॉ. दीपक पाचपोर

> हिन्दी पट्टी के तीनों राज्यों में छत्तीसगढ़ सबसे छोटा राज्य है जिसके बारे में इसलिये सबसे कम चर्चा हो रही थी क्योंकि वहां एकतरफा मुकाबला माना गया था। कांग्रेस सरकार बहुत मजबूत स्वीकारी जा चुकी थी। ऐसा इसलिये क्योंकि इस राज्य में 90 की विधानसभा में उसके 71 विधायक हैं और सरकार का काम भी शानदार माना जाता है जिसका उल्लेख कांग्रेस द्वारा अपने वादों व गारंटियों की विश्वसनीयता साबित करने के लिये किया जाता है।

मायनों में यह छोटा राज्य होने के बावजूद बेहद महत्वपूर्ण हो उठा क्योंकि इन घटनाक्रमों के आलोक में वह समग्र पूर्वोत्तरवासियों की मानसिकता का अक्स बन बैठा- सात राज्यों का भी। दक्षिणी राज्य तेलंगाना की बात करें तो यहां पहले सत्तारुढ़ भारत राष्ट्रीय समिति (बीआरएस) और भाजपा के बीच मुख्य मुकाबला था लेकिन जब वहां भी राहुल ने कई दिन बिताए तत्पश्चात बीआरएस व वहीं की आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसलमीन (एआईएमआईएम) के साथ भाजपा की सांठ-गांठ को उजागर किया तो भाजपा दौड़ से ही बाहर हो गई। अब बीआरएस सत्ता बचाने के लिये कांग्रेस से संघर्षरत है। लोगों का कहना है कि अगर वहां बीआरएस हारती है तो आश्चर्य नहीं होना चाहिये। पिछले साल सितम्बर से निकाली अपनी भारत जोड़ो यात्रा में राहुल ने तेलंगाना में करीब 16 दिन बिताए थे, जिसका असर वहां पहले से मौजूद था।

हिन्दी पट्टी के तीनों राज्यों में छत्तीसगढ़ सबसे छोटा राज्य है जिसके बारे में इसलिये सबसे कम चर्चा हो रही थी क्योंकि वहां एकतरफा मुकाबला माना गया था। कांग्रेस सरकार बहुत मजबूत स्वीकारी जा चुकी थी। ऐसा इसलिये क्योंकि इस राज्य में 90 की विधानसभा में उसके 71 विधायक हैं और सरकार का काम भी शानदार माना जाता है जिसका उल्लेख कांग्रेस द्वारा अपने वादों व गारंटियों की विश्वसनीयता साबित करने के लिये किया जाता है। यहां भाजपा का ध्रुवीकरण, साम्प्रदायिकता और धर्मांतरण का मुद्दा लाख कोशिशों के बावजूद नाकाम रह गया है। उसे यहां उग्र बयान देने वालों की फौज उतारनी पड़ी है। साथ ही, केन्द्रीय जांच एजेंसियों का जिस कदर मुकाबला कांग्रेस कर रही है उसने भी अन्य राज्यों की इकाइयों को बताया कि भाजपा से ऐसे भी लड़ा जा सकता है। अब छग का राजनैतिक मॉडल हर चुनावी चर्चा का अनिवार्य हिस्सा बन गया है। इसने छग का महत्व यकायक बढ़ा दिया है। अब रही बात मध्यप्रदेश व राजस्थान की तो यह अलग-अलग संदर्भों में और व्यक्ति-व्यक्ति पर निर्भर करता है कि वह दोनों में किसे अधिक महत्व देता है। दोनों ही राज्यों में अनेक एक सरीखे तथ्य हैं, बावजूद इस फर्क के कि एक जगह पर (मप्र) भाजपा सत्ता बचाने की जद्दोजहद में है तो दूसरी जगह (राजस्थान) सरकार बनाने की। दोनों राज्यों में दोनों प्रमुख दलों- कांग्रेस व भाजपा में कम या ज्यादा बगावतों व भीतरघातों का सिलसिला जारी है लेकिन उनका खामियाजा भाजपा के ही अधिक भुगतने के संकेत साफ हैं। दोनों राज्यों में आलाकमान ने बड़े पैमाने पर केन्द्रीय मंत्रियों एवं नेताओं को विधायकी के रणक्षेत्र में उतारकर स्थानीय नेतृत्व व काडर की मुश्किलें बढ़ा दी हैं जिसका दोनों जगहों पर कांग्रेस को फायदा होता दिख रहा है। वैसे यह भी सच है कि जहां कांग्रेस अपने अंदरूनी झगड़ों को सम्भालने में नाकाम रहेगी वहां उसकी मुश्किलें बढ़ेंगी। अलबत्ता, उसकी बेहतर होती स्थिति उसे अपने आंतरिक मतभेदों पर काबू पाने या उसके असर को घटाने में सहायक साबित हो रही है। इस तरह एक साथ सारे के सारे राज्यों के महत्वपूर्ण कहे व माने जा चुके इन चुनावों की श्रृंखला में किसी भी कड़ी को कमजोर नहीं कहा जा सकता। कुल जमा, सभी राज्यों में कांग्रेस की बढ़त बनी हुई है और भाजपा की पतली हालत है। इन सभी प्रदेशों में राहुल गांधी, कांग्रेसाध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और प्रियंका गांधी की होने वाली सभाओं और रोड शो ने रातों-रात फर्क पैदा किया है।


इन चुनावों के परिणामों के बाद बामुश्किल छह माह के भीतर ही देश आम चुनावों में जायेगा। पहले दिन से तय है कि उसकी नियति को ये नतीजे निर्धारित करेंगे। इसलिये हाल ही में कांग्रेस की अगुवाई में बने संयुक्त प्रतिपक्ष 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूज़िव एलाएंस) में उठे कुछ विवादों व मतभेदों से भाजपा को काफी उम्मीद थी। अब भी होगी कि इन राज्यों के चुनावों के दौरान अगर गठबन्धन में कोई टूट-फूट होती है तो उसका उसे 2024 के लोकसभा चुनावों में फायदा मिल सकता है परन्तु उसे निराशा ही हाथ लगी होगी क्योंकि मतभेद होते भी हैं तो तत्परता से सुलझाये जा रहे हैं। अब भी साथ काम करने का आश्वासन भी सभी सम्बन्धित दल दे रहे हैं। मसलन, समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच मध्यप्रदेश के कुछ चुनावी मसलों पर तनातनी हुई परन्तु उसे सुलझा लिया गया। ऐसे ही, बिहार के सीएम नीतीश कुमार को शिकायत थी कि कांग्रेस के पास इंडिया गठबन्धन की ओर ध्यान देने का समय नहीं मिल रहा नहीं है। मल्लिकार्जुन खरगे ने आश्वस्त कर दिया कि विधानसभा चुनावों के बाद वे सभी को साथ लेकर 'इंडिया' को आगे बढ़ाएंगे। यही नयी तस्वीर अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा की कमजोर स्थिति को लेकर उभरेगी।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)**

# आरएसएस : 'भावनात्मक एकता' के बहाने यथास्थिति कायम रखने की कोशिश

वर्तमान सत्ताधारी दल सहित हिन्दू राष्ट्र की कायमी के लक्ष्य को लेकर काम करने वाली कई अन्य संस्थाओं से मिलकर बने संघ परिवार के मुखिया हैं मोहन भागवत. ये संस्थाएं शिक्षा, राजनीति, सामाजिक गतिविधियों आदि में संलग्न हैं। भागवत संघ परिवार को विजयादशमी (दशहरा) के दिन मार्गदर्शन देते हैं। विजयादशमी का यह भाषण उस बहुसंख्यकवादी हिन्दू राष्ट्रवादी राजनीति की विचारधारा और राजनैतिक एजेंडा को प्रतिबिंबित करता है, जिसका नेतृत्व संघ परिवार के हाथों में है।

इस वर्ष (2023) के 24 अक्टूबर को उन्होंने अपने भाषण में केवल शब्दों के कुछ हेरफेर के साथ ऐसी कई बातें कहीं जिन्हें द्वितीय सरसंघचालक एमएस गोलवलकर ने अपनी पुस्तक 'बंच ऑफ थाट्स' में निरूपित किया था. इस पुस्तक में गोलवलकर लिखते हैं, 'मुस्लिम, ईसाई और कम्युनिस्ट हिन्दू राष्ट्र के लिए आंतरिक खतरा हैं?' छलपूर्ण भाषा में भागवत ने कहा कि 'सांस्कृतिक मार्क्सवाद एक खुदगर्ज और धोखेबाज ताकत है जो मीडिया और शिक्षण के क्षेत्र पर नियंत्रण स्थापित कर देश को विभाजित करना चाहती है।'



राम पुनियानी

> मोदी के गुजरात का मुख्यमंत्री बनने के बाद से कॉर्पोरेट घरानों ने मीडिया के एक बड़े हिस्से पर अपना नियंत्रण कायम कर लिया है और यह हिस्सा अब संघ और भाजपा का भोंपू बन गया है। ये सभी संगठन और उनके नेता, जाति जनगणना को देश को बांटने वाला बता रहे हैं। सच यह है कि जाति जनगणना, सामाजिक न्याय की स्थापना के दिशा में कदम है।

उन्होंने आगे कहा, 'ये शक्तियां कुछ उत्कृष्ट लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कार्य करने का दावा करती हैं लेकिन उनका वास्तविक लक्ष्य दुनिया की व्यवस्था एवं नैतिकता, परोपकार, संस्कृति, गरिमा और संयम को अस्त-व्यस्त करना है।' उन्होंने यह भी कहा कि, 'ये विध्वंसक शक्तियां अपने आप को 'वोक' या मार्क्सवादी बताते हैं...विश्व की सभी सुव्यवस्था, मांगल्य, संस्कार, तथा संयम से उनका विरोध है..। माध्यमों तथा अकादमियों को हाथ में लेकर देशों की शिक्षा, संस्कार, राजनीति और सामाजिक वातावरण को भ्रम एवं भ्रष्टता का शिकार बनाना उनकी कार्यशैली है।'

'वोक' शब्द मौजूदा दौर में सांस्कृतिक चर्चाओं के केन्द्र में रहा है। इसकी जड़ अफ्रीकी-अमेरिकियों की स्वयं को नस्लवाद के चंगुल से निकालकर समानता हासिल करने की ललक में है। यह शब्द लोकतंत्र के आगाज़ के पूर्व के तानाशाही के दौर की पितृसत्तात्मकता, नस्लवाद और वर्णों से संबंधित ऊंच-नीच द्वारा खड़ी की गई रुकावटों पर विजय हासिल करने का प्रतीक भी है।

यह कहा जा सकता है कि यह शब्द अब सारी दुनिया में प्रचलित हो गया है। यूरोप और आस्ट्रेलिया में रूढ़िवादी राजनीतिज्ञ 'वोक' के समावेशिता के विचार का उपहास करते हैं और इसके आधार पर लैंगिक समानता और पर्यावरण संरक्षण का विरोध करते हैं। बीबीसी की डाक्यूमेन्ट्री 'इंडिया : द मोदी क्वेश्चन' (मोदी के मुख्यमंत्रित्वकाल में गुजरात में हुई हिंसा पर बनी डाक्यूमेन्ट्री जिस पर भारत में पाबंदी लगा दी गई है) के बारे में टिप्पणी करते हुए आरएसएस नेता राम माधव ने 'द इंडियन एक्सप्रेस' में लिखा कि बीबीसी का यह 'पतन' ब्रिटेन के संभ्रात वर्ग में 'वोक संस्कृति' के उदय के कारण हुआ है. जो राम माधव यह मानते हैं कि 'द मोदी क्वेश्चन' का प्रसारण करने से बीबीसी का 'पतन' हुआ है वे ही राम माधव सरसंघचालक के 'जड़ों' की ओर लौटने (संक्षेप में मनुस्मृति के मूल्यों के इर्दगिर्द जाने) के आह्वान का समर्थन करते हैं और सांस्कृतिक मार्क्सवादियों पर हमारे शिक्षण संस्थानों और मीडिया पर कब्जा करने का आरोप लगाते हैं। उनके अनुसार सांस्कृतिक मार्क्सवादियों ने ऐसा आख्यान विकसित किया है जिसमें हिन्दू धर्म को उच्च जातियों की प्रभुता के रूप में परिभाषित कर हिंदुत्व और जाति या जाति प्रथा को दमनकारी और शोषक निरूपित किया गया है। माधव के अनुसार जातिगत जनगणना विभाजनकारी है।

सच यह है कि स्वाधीनता संग्राम के दिनों से ही मार्क्सवाद से प्रभावित लोग समानता के लिए सामाजिक परिवर्तन के हामी रहे हैं। भगतसिंह और उनके साथियों ने समानता की बात थी। औद्योगीकरण और शिक्षा के प्रसार के साथ प्रगतिशील ताकतों ने उस विचारधारा को उखाड़ फेंकने की वकालत की जो सामंती समाज से हमें विरासत में मिली थी और जो वर्गीय, जातिगत और लैंगिक ऊंच-नीच पर आधारित थी। कम्युनिस्टों के अलावा, जोतीराव फुले और आंबेडकर के नेतृत्व वाली धारा ने भी उस दमनकारी व्यवस्था को चुनौती दी, जिसमें ऊंची जातियों के पुरुष दलितों और महिलाओं पर अपना प्रभुत्व जमाते थे और जिसमें पितृसत्तात्मक मूल्यों की प्रधानता थी। गांधीजी के नेतृत्व वाले स्वाधीनता आन्दोलन ने भी इन मुद्दों को उठाया और दमनकारी सामाजिक प्रथाओं के खिलाफ विद्रोह को व्यापक स्वरूप देने का प्रयास किया और उसे स्वाधीनता आन्दोलन का अभिन्न अंग बनाया।

अभिव्यक्ति की आज़ादी के लिए संघर्ष भी स्वाधीनता आन्दोलन का अभिन्न अंग था और लोकमान्य तिलक से लेकर गांधीजी और उनसे लेकर नेहरु तक सभी ने इसका समर्थन किया। प्रगतिशील वर्गों ने विश्वविद्यालयों में शिक्षण और लेखन व भाषणों के ज़रिए अपने विचारों को आम लोगों तक पहुंचाया।

इन लोगों ने अपनी बौद्धिक आज़ादी का उपयोग कर हमारी शिक्षा प्रणाली को प्रजातान्त्रिक नींव दी और वे जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय जैसे बौद्धिक उत्कृष्टता के केन्द्रों की स्थापना में सहायक बने। इस संस्थान ने जबरदस्त प्रतिष्ठा अर्जित की और देश को अनेक लेखक, नौकरशाह और पुलिस अधिकारी दिए. निश्चित रूप से भागवत और माधव का यह दावा सही नहीं है कि शिक्षा के केन्द्रों में घुसपैठ करने का कोई योजनाबद्ध प्रयास किया गया, जिसके चलते हम 'अपनी जड़ों' से दूर चले गए। उनके लिए तो पूरा स्वाधीनता संग्राम ही 'हमारी जड़ों से दूर जाना था।'

हिन्दू राष्ट्रवादियों के इस दावे में भी कोई दम नहीं है कि मार्क्सवादियों की दृष्टि में हिन्दू धर्म का अर्थ था उच्च जातियों की प्रभुता। यह हिन्दू राष्ट्रवादियों की हमारे अतीत की सतही समझ को दर्शाता है। वे भूल जाते हैं कि आंबेडकर (चुनाव में लाभ प्राप्त करने के लिए जिनकी शान में हिन्दू राष्ट्रवादी कसीदे काढ़ रहे हैं) ने कहा था कि हिन्दू धर्म में ब्राह्मणवादी मूल्यों का बोलबाला है। दलितों को समानता का अधिकार न देने के प्रति कटिबद्ध कट्टरपंथी हिन्दू धर्म के सिद्धांतों से आंबेडकर इतने आहत थे कि उन्होंने न केवल सार्वजनिक रूप से मनुस्मृति का दहन किया बल्कि यह घोषणा भी की कि, 'मैं हिन्दू के रूप में पैदा हुआ था। वह मेरे हाथ में नहीं था। परन्तु मैं हिन्दू के रूप में मरूंगा नहीं।' इसी कारण आंबेडकर उन 'जड़ों' से दूर चले गए थे, जिनका गुणगान भागवत और माधव कर रहे हैं।

वोक, जो कि सामाजिक ऊंच-नीच की बेड़ियों को तोड़ देना चाहता हैं, को भागवत एंड कंपनी नीची निगाहों से देखते हैं। उदारवादी भारतीय संविधान के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहते हैं और वे संयुक्त राष्ट्रसंघ के मानवाधिकार घोषणापत्र के मूल्यों का सम्मान करते हैं। इसके विपरीत, आरएसएस ने अत्यंत योजनाबद्ध तरीके से सरस्वती शिशु मंदिरों की श्रृंखला की स्थापना की है, जिनका पाठ्यक्रम जातिगत और लैंगिक पदक्रम का समर्थन करता है। संघ के 'शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास' ने वेंडी डोनिगर के तार्किक और विद्वतापूर्ण लेखन का विरोध किया। एक अन्य संघी संगठन ने एके रामानुजन के लेख 'थ्री हंड्रेड रामायाणास' को पाठ्यक्रम से बाहर करवाया। यह लेख हमारी विविधवर्णी संस्कृति को समझने में हमारी मदद करता है। और ये तो केवल चंद उदाहरण हैं।

उदारवादी मूल्य देश को नहीं बांट रहे थे। वे तो पितृसत्तात्मकता और जाति प्रथा से मुक्ति की बात करते हैं। देश को जो बांट रहा है वह है आरएसएस शाखाओं, उसके लाखों स्वयंसेवकों और हजारों प्रचारकों द्वारा किया जा रहा अल्पसंख्यक-विरोधी दुष्प्रचार। जहां तक मीडिया पर नियंत्रण का सवाल है, उसके बारे में जितना कहा जाए, वह कम है। सन् 1977 में जनता पार्टी की सरकार में लालकृष्ण अडवाणी के सूचना और प्रसारण मंत्री बनने के बाद से आरएसएस के स्वयंसेवकों का मीडिया संस्थानों में घुसपैठ करने का जो सिलसिला शुरू हुआ था, वह अब भी जारी है। मोदी के गुजरात का मुख्यमंत्री बनने के बाद से कॉर्पोरेट घरानों ने मीडिया के एक बड़े हिस्से पर अपना नियंत्रण कायम कर लिया है और यह हिस्सा अब संघ और भाजपा का भोंपू बन गया है।

ये सभी संगठन और उनके नेता, जाति जनगणना को देश को बांटने वाला बता रहे हैं। सच यह है कि जाति जनगणना, सामाजिक न्याय की स्थापना के दिशा में कदम है। कहने की ज़रूरत नहीं कि आरएसएस, सामाजिक न्याय का घोर विरोधी है।

**(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया)**

## पावन प्रसंग

# भले और नेक बनिए

नेकी की हर जगह सराहना होती है, किन्तु वह सज्जनता और भी अधिक सराहनीय हे, जिसके साथ नम्रता जुड़ी हुई हो। उद्दंडता ओछे लोग अपनाते हैं। अहंकार व्यक्त करके किसी का घटियापन ही सिद्ध होता है।

टेनीसन ने कहा है- नम्रता एक कल्पवृक्ष है, जिस पर सद्गुणों की टहनियां निकलती और विभूतियों की पत्तियां उगती है। ईसा कहते थे- नम्र बनकर रहो। जो अपने को जितना छोटा कहेगा, वह दूसरों की आंख में उतना ही बड़ा बनेगा।

जिसका 'स्व' संकीर्णता की परिधि से निकलकर व्यापकता के क्षेत्र में प्रवेश करता है, उसका स्वार्थ परिष्कृत स्तर का बनकर परमार्थ का रूप धारण करता है। अपना हित साधने की चिंता और चेष्टा हर किसी को रहती है। यह अपनापन यदि कुछ अधिक विस्तृत बन सके तो दूसरों की चिंता तो इसी प्रकार करनी पड़ेगी, जैसे अपने अंग-अवयवों की या कुटुंब संबंधियों की करनी पड़ती है। यह वह स्थिति है, जिसमें परमार्थ में स्वार्थ और स्वार्थ में परमार्थ का समावेश होता है।

परमार्थ के लिए धन-संपदा का होना आवश्यक नहीं। श्रम, समय, प्रभाव, चिंतन और परामर्श जैसे कितने ही आधार है, जिनकी सहायता से दूसरों की प्रचुर सेवा-साधना संभव हो सकती है। ईश्वरप्रदत्त वैभव मनुष्य की काया और चेतना परिमाण में विद्यमान है। इसे पुण्य-प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त करते रह सकना हर उदारचेता के लिए सहज संभव हो सकता है। धन भी श्रम की परिणति है। जितना उपकार आर्थिक अनुदानों से हो सकता हे, उससे अनेक गुना बौद्धिक अनुदानों से हो सकता है। परामर्श और सहयोग का महत्व भी आर्थिक सहायता से किसी प्रकार कम नहीं। लोग आर्थिक कठिनाइयों से ही दु:खी नहीं है। अधिकांश ऐसे हे, जो भटकाव या अत्याचार से ग्रसित होकर कष्ट सहते हैं।

नेकी का बदला हाथोंहाथ मिलता है। जिसके साथ भलाई की गई हे, संभव है कि वह बदला लेने की स्थिति में न हो। तो भी उस सहायता को देखकर अनेकों को अपनी सज्जनता का पता चलेगा और ये अवसर पाने पर अपने साथ भलाई का ही व्यवहार करेंगे। फिर अपनी आत्मा को जो भी संतोषभरी प्रसन्नता होती हे, वह भी कुछ कम महत्व की नहीं। प्रसन्नता खरीदने के लिए कुछ-न-कुछ खरच करना पड़ता है। बिना खरच किए तो यहां किसी को कुछ नहीं मिलेगा। यहां तक कि बुराई भी श्रम लगाने और समय गंवाने से ही मिलती है। ऐसी दशा में यदि नेकी के निमित्त समय, श्रम या धन लगाया गया है और उसके बदले अपना मनोबल बढ़ा है तो यह घाटे का सौदा नही है। भलाई वह बीज है, जो उगे बिना रहता नहीं, उस पर अच्छे और मीठे फल आते हैं, भले ही उसमें कुछ देर लगे।

**-युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से विनाश की तरफ बढ़ता पहाड़ी क्षेत्र

विश्व आर्थिक मंच की वैश्विक जोखिम रिपोर्ट 2020 के अनुसार अगले 10 दशकों में शीर्ष जोखिमों में जलवायु परिवर्तन शामिल हो सकते हैं। यह जोखिम मानवजनित, पर्यावरणीय आपदाएं, जैव विविधता हानि व मौसमी घटनाएं हो सकती हैं। दरअसल पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित बनाए रखने के लिए प्रकृति और मानव के बीच तालमेल होना अत्यंत ही आवश्यक है। यह सिक्के के दो पहलू की भांति है। किसी एक में होने वाली कमी दूसरे को प्रभावित करती है। पिछले कई दशकों से मानव गतिविधियां जलवायु परिवर्तन का प्रमुख चालक रही हैं। शहरीकरण, औद्योगिकीकरण,वनोन्मूलन व रासायनिक कीटनाशकों और उर्वरकों का प्रयोग जलवायु परिवर्तन के प्रमुख कारक के रूप में देखे जा सकते हैं और इन कारकों का जनक मानव है। आधुनिकता व बढ़ती जनसंख्या के साथ तेजी से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हो रहा है जो भविष्य में किसी विनाश का सूचक हो सकता है। प्राकृतिक संसाधनों के दोहन से न केवल मानव, बल्कि वन्य जीवों पर भी इसका बुरा प्रभाव देखने को मिल रहा है। जाने माने फोटोग्राफर और पर्यावरणविद पद्मश्री अनूप साह बताते हैं कि जिस ज्योलीकोट और साततात जैसे क्षेत्र जो कभी अपनी प्राकृतिक सुंदरता व वन्य प्राणियों की फोटोग्राफी के लिए देसी व विदेशी फोटोग्राफरों को सालों भर आकर्षित करते थे, वही आज विकास की भेट चढ़ कर गुमनामी में खो गये हैं। अन्तरराष्ट्रीय फोटोग्राफर होने के नाते अपने अनुभवों को साझा करते हुए वह बताते हैं कि उनके द्वारा जिस मनोहारी जंगल व कई वन्य जीवों के दृश्यों को कैमरे में कैद किया गया था, आज जलवायु परिवर्तन व मानव हस्तक्षेप के चलते उनमें से कई प्रजातियां विलुप्त सी हो गई हैं। अनूप साह बताते हैं कि प्रकृति का दोहन सबसे अधिक वन्य जीवों के आवास के लिए भंयकर सिद्ध हो रहा है। सरकारी योजनाओं के तहत पर्यावरण संरक्षण के लिए ऐसी प्रजातियों को रोपित किया जा रहा है जो इकालॉजी को बदल रही हैं। यह अत्यंत ही गंभीर विषय है। जिस पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो इसके और भी अधिक दुष्परिणाम हो सकते हैं।

मानव वन्य जीवों में संघर्ष बढ़ने लगे हैं। मानव द्वारा जंगलों को काटकर आबादी क्षेत्रों में तब्दील कर दिया जा रहा है। वन्य जीवों को उनके घरों से बेघर किया जा रहा है। जिसके चलते सीमित स्थान होने से जानवरों द्वारा मानव बस्तियों पर हमला कर मानव को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। भारत में पाई जाने वाली 1300 पक्षियों की प्रजातियों में अकेले 700 से अधिक प्रजातियां केवल उत्तराखंड में ही पाई जाती हैं। परंतु, विगत कई वर्षों से प्रकृति दोहन के चलते इनके प्राकृतिक वास समाप्त हो गये हैं और अब इन प्रजातियों की आधी संख्या ही देखने को मिल रही है। कठफोड़वा ऐसा पक्षी जो आवाज और सुन्दरता के चलते सभी का ध्यान अपनी ओर आर्कषित करता था। यह भी अब कम ही दिखाई दे रहे हैं। वहीं गौरैया की प्रजातियां जो कभी पूरे राज्य में दिखाई देती थी वह भी अब न के बराबर रह गई है। मानव का प्रकृति में हस्तक्षेप जल्द ही कई पशुओं व पक्षियों की प्रजातियों को धरती से विलुप्त कर देगा।

वनों के दोहन पर अपने विचार रखते हुए ओखलकांडा के पर्यावरणविद् चन्दन नयाल का कहना है- पर्वतीय क्षेत्रों में विकसित हो रही अलग-अलग प्रजातियां संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र को बदल रही हैं। वहीं आरामदायक जीवनयापन के लिए आवश्यक सामग्री निर्माण हेतु न जाने कितने पेड़ों का कटान किया जाता है। शुद्ध हवा, स्वच्छ जल और शान्ति के चलते पहाड़ों पर घर बनाना सबका सपना बन रहा है।

**बीना बिष्ट, हल्द्वानी उत्तराखंड**

## जबलपुर मंडल में सीनियर डीसीएम2 का पद समाप्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे बोर्ड मुख्यालय दिल्ली द्वारा भर्राशाही और लापरवाही पर शिंकजा कसने की तैयारियां जोरों से की जा रही है। इसी के चलते भारतीय रेलवे यातायात सर्विस आईआरटीएस के दो पद रेलवे बोर्ड दिल्ली स्थानांतरित कर दिये गए हैं। इसमें मंडल रेल प्रबंधक के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दो का पद की प्रभावित हुआ है। इस पद को रेलवे बोर्ड दिल्ली में स्थानांतरित कर दिया गया है। रेलवे बोर्ड के उप निदेशक स्थापन राजपत्रित ने आदेश क्रमांक 2023 ई जीसी 12-114,137 दिनांक 3 नवम्बर 2023 को आदेश जारी किया है।

### बोर्ड ने आदेश जारी किए

इस आदेश में उल्लेख किया गया है जेएजी। आईआर टीएस पमरे जबलपुर जोन के मंडल रेल प्रबंधक के सीनियर डीसीएम दो का पद और एनसीआर प्रयागराज के पद को रेलवे बोर्ड दिल्ली में स्थानांतरित कर दिया गया है। इस नए आदेश को तुरंत प्रभावशील किया गया है।

इस आदेश की प्रति पमरे के संबंधित अधिकारियों को प्रेषित की है। इस आदेश के जारी होने से जबलपुर मंडल में तरह तरह की चर्चाऐं चल रही है। यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि स्वीकृत पद के अनुसार ही प्रति माह वेतन का भुगतान किये जाने का प्रावधान है। इस नए आदेश के जारी होने से अब किस अधिकारी को दिल्ली में पदस्थ किया जाएगा इसकी चर्चा जोरों से चल रही है। पमरे की नव पदस्थ महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय एक अनुभवी और कुशल प्रशासक है वह इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करेगी इसकी सभी को उम्मीद है।

## वंदे भारत ट्रेन फुल हुई अब यात्रियों को मिल रही है वेटिंग की टिकट

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर रेल मंडल की प्रसिद्ध, आधुनिक तथा मंडल को भारतीय रेलवे में विशेष दर्जा दिलाने वाली एवम यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ तीव्र गति से यात्रा करने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस यात्री गाड़ी अब बड़ी संख्या में यात्रियों की पसंद बनती जा रही है। जिसके कारण अब यह गाड़ी में सीट फुल होकर यात्रियों को वेटिंग टिकट मिलना प्रारंभ हो गए हैं।



इस संबंध में सीनियर डीसीएम राजेश शर्मा ने बताया कि रीवा से चलकर जबलपुर होकर रानी कमलापति स्टेशन के बीच चलने वाली वंदे भारत गाड़ी नंबर 20173 इन दिनों दीपावली के पर्व पर यात्रियों की पसंद बन रही है और यात्री बड़ी संख्या में इस गाड़ी में यात्रा करने के लिए अपनी टिकट आरक्षित कर रहे हैं जिससे कि इस ट्रेन में अब पर्याप्त यात्री नजर आते हैं। इस संबंध में श्री शर्मा ने बताया कि रानी कमलापति से जबलपुर आने के लिए इस गाड़ी में अब 8 से लेकर 11 नवंबर तक निरंतर वेटिंग की टिकट एसी चेयरकार तथा एग्जीक्यूटिव चेयरकार में मिल रही है क्योंकि इस ट्रेन की सभी टिकट यात्रियों ने रिजर्व कर ली है और यह ट्रेन फुल हो गई है और इस ट्रेन में यह पहला मौका होगा जब वंदे भारत एक्सप्रेस फूल यात्रियों से लैस होकर उक्त अवधि में रानी कमलापति से जबलपुर के बीच चलेगी।




## ए.पी.एन. हायर सेकेण्ड्री स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का समापन

**जबलपुर, देशबन्धु।** ए.पी.एन. हायर सेकेण्डरी स्कूल सदर में दो दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का समापन संस्था अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव जी के आतिथ्य में हुआ। विज्ञान प्रदर्शनी में कुल 34 मॉडल विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए, जिसमें चन्द्रयान -2 पाचन तंत्र, एड्स से संबंधित मॉडल, न्यूक्लियर रियेक्टर, वेक्यूम क्लीनर, हाइड्रोलिक डेम वॉकिंग रोबोट शामिल थे।

निर्णायक मण्डल द्वारा प्रथम स्थान वॉकिंग रोबोट को दिया गया जो कि 10 वीं हिन्दी माध्यम के विद्यार्थी काजल ठाकुर, अंजली ठाकुर, ओम कुशवाहा एवं विनायक राव द्वारा बनाया गया था। द्वितीय स्थान न्यूक्लियर पावर प्लाण्ट कक्षा 12वीं अंग्रेजी माध्यम के विज्ञान संकाय के विद्यार्थी शिवानी, गौरी वैष्णवी एवं शिवांश द्वारा बनाया गया था। तृतीय स्थान हाइड्रोलिक डैम कक्षा 11वीं की छात्राओं शिफा, इशिका समरीन, भुमि एवं जिया द्वारा बनाया गया था। विज्ञान प्रदर्शनी के समापन अवसर पर महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह स्टेट बोर्ड प्राचार्य अजय कुमार वर्मा, उप-प्राचार्या मनु श्रीवास्तव, सी.बी.एस. सी. प्राचार्य महेश मोरे उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विज्ञान संकाय के राजलक्ष्मी राव राधा खरे एवं रीतेश श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा।

## रेलवे अधिकारियों के स्थानांतरण

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे बोर्ड मुख्यालय दिल्ली ने अधिकारियों की स्थानांतरण सूची जारी की है। सूची के अनुसार सीआर स्वाई(एचएजी) पश्चिम रेलवे मुंबई को मध्य रेलवे मुंबई का अपर महाप्रबंधक के पद पर स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा विराट गुप्ता पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर को गोरखपुर जोन और महीपाल सिंह गोरखपुर से पमरे जबलपुर जोन एवं पीटी नाइक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर से मध्य रेलवे मुंबई में पदस्थ किया गया है।

## कार्यपालिक मजिस्ट्रे ट करें फटाका भण्डापरण व विक्रय स्थलों का निरीक्षण : कलेक्टर

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टार सौरभ कुमार सुमन ने कहा दीपावली पर्व के अवसर पर जिले में शांति एवं कानून व्यावस्था बनाये रखने के लिये उपखण्ड मजिस्ट्रेट, कार्यपालिक मजिस्ट्रे ट अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस अधिकारियों से समन्व य स्थापित कर कानून व्यमवस्थाव बनाये रखेंगे।



साथ ही कहा कि सभी उपखण्ड मजिस्ट्रेट, कार्यपालिक मजिस्ट्रे ट अपने-अपने क्षेत्र में समस्तय फटाका भण्डाारण विक्रय स्थ लों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करेंगे कि आपदा की स्थिति में स्थेलों पर अग्निशमन यंत्र, पानी के टेंकर्स, बालटियों में रेत बालू आदि मौके पर उपलब्धं रहे।

फटाका विक्रय स्थमलों में प्रत्येरक दुकान टीन शेड युक्तट हो, दुकान के मध्यं एवं आमने-सामने पर्याप्तर अंतर रहे। फटाका दुकान स्थंल बिजली के तार के नीचे न लगाई जावे और फटाका दुकान में अस्था ई बिजली कनेक्शधन के तार खुले न हो तथा दुकान बस्तीर बसाहट क्षेत्र स्कूटल आदि के पास न हो।

फटाका लाईसेंस में चिन्हित स्थतल पर ही फटाका दुकान लगाई जाये और ऐसे फटाका दुकान जिनकी अनुमति जारी नहीं हुई है, उनको तत्काल हटाकर उनके विरूद्ध दंडात्मटक कार्यवाही तत्काकल किया जायेगा।

## अशोक होल स्कूल में खेल का आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** अशोक हॉल जूनियर एक हाईस्कूल विजयनगर के प्रांगण मे 07 नवंबर 2023 की शाम को खेल वार्षिकोत्सव बड़े उत्साह एक धमान से मनाया गया। इसमें विद्यार्थियों ने अनेक खेलों का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नृत्य (डांस) की भी प्रस्तुतियाँ दी। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों के मेधावी विद्यार्थियों को और खेल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए सैंडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आमंत्रित मुख्य अतिथि जयपुर शहर के महापौर जगत बहादुर सिंह जन्तु विशिष्ट जतिथि विनय सक्सेना एवं अकिता सिंह व अन्य अतिथियों का शाला परिवार की ओर से पुष्पों से स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय का झंडा फहराया गया तथा विश्वशांति एवं खुशहाली के लिए प्रतीक आका बहुरंगी गुब्बारे छोड़े गए। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के खेल मशाल जलाया तब क्षेत्र कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में शाला संचालिका श्रीमती अर्पिता मालपानी, शैली पिल्ले, उप प्राचार्या वरिमा बोकारे ने सभी प्रतिभागियों को ढेर सारी बधाइयां और आशीर्वाद दिया।

## जनता का आशीर्वाद मिल रहा है, केंट में कमल फिर से खिल रहा है: अशोक रोहाणी

**जबलपुर, देशबन्धु।** केंट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भाजपा प्रत्याशी अशोक रोहाणी ने विसर्जन घाट, उदयनगर, महर्षि सुदर्शन वार्ड, आमानाला, रानी अवंतीबाई वार्ड, रानी लक्ष्मी बाई वार्ड, चौधरी मोहल्ला, झिरिया मोहल्ला, पंचमुखी हनुमान मंदिर सदर, दत्त अपार्टमेंट, जैक्शन होटल, पहलवान बाबा मंदिर इंजीनियरिंग कॉलेज, पेंटीनाका, सदर, आजाद नगर, खमरिया, गायत्री नगर, नीलम का बगीचा, अमन अपार्टमेंट, गोविंद भवन, बर्न कंपनी, आईवरी टावर, कृष्णा कचनार, टीचर्स कॉलोनी, चैतन्य सिटी, गोरा बाजार, छिबला, राममंदिर कजवारा, राजुल सिटी, राजुल आशियाना, ए.पी.आर. कटंगा, सहित कई क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान जगह-जगह रोहाणी का नागरिकों द्वारा पुष्पहार, तिलक वंदन से स्वागत किया जा रहा है। इस अवसर पर अशोक रोहाणी ने कहा कि जनता का भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है, केंट में कमल फिर से खिलेगा। आज को सायं 5 बजे से मशहूर टीवी सीरियल अभिनेत्री, केंद्रीय मंत्री, भारत सरकार, स्मृति ईरानी की विशाल आमसभा रांझी में केंट विधानसभा प्रत्याशी अशोक रोहाणी के समर्थन में विशाल आमसभा को संबोधित करेंगी।



कई क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क

## धूमिल होती मेडिकल एजुकेशन के प्रतिष्ठा को फिर से स्थापित करेंग: तरुण भनोत

**कांग्रेस प्रत्याशी का जनसंपर्क**

**जबलपुर,देशबन्धु।** पश्चिम के कांग्रेस प्रत्याशी तरूण भानोत ने जनसंपर्क के दौरान शहीद गुलाब सिंह वार्ड में मानस मंदिर में अराध्य भगवान राम की पूजा-अर्चना कर गुप्ता होटल, सुविधा मार्केट, शास्त्री नगर चौक, भोले कुटी मंदिर, पुष्पांजलि कॉलोनी, मदर डेयरी, 90 क्वार्टर, शिवाजी चौक, बदनपुर, साई बाबा कॉलोनी, सैनिक सोसायटी क्षेत्र में सघन जनसपर्क कर क्षेत्रीय नागरिकों से मुलाकात की। भनोत ने बताया कि भाजपा के साढ़े अठारह वर्षों के कार्यकाल में जबलपुर मेडिकल, मेडिकल कॉलेज स्थित सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल और मेडिकल यूनिवर्सिटी को भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया गया। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।



शहीद गुलाब सिंह वार्ड में जनसंपर्क

इस अवसर पर वरिष्ठ नेता एवं दिनेश सिंगरौल, पार्षद हेमलता सिंगरौल, डिक्की जॉन, विश्वकांत पिल्लई, सुभाष रावत, राजेश बुंदेला, लखन मिश्रा के साथ ही सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और क्षेत्रीय जन गणमान्य उपस्थित रहे ।

## संत अलाएसियस स्कूल पोलीपाथर का 'वार्षिक उत्सव'



**जबलपुर, देशबन्धु।** मनुष्य का जीवन रंगों के बिना अधूरा है, क्योंकि विभिन्न रंग हमारी जिंदगी के विभिन्न परिस्थितियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। दरअसल जिंदगी को खुशनुमा बनाने के लिए हमें अपने जीवन में कई तरह के रंगों की जरूरत होती है, और प्रकृति में हमें यह रंग अपने चारों ओर किसी न किसी रूप में दिखाई दे जाते हैं। रंग हमारी इंद्रियों को आकर्षित करने के साथ-साथ हमारे विचारों और भावनाओं को भी तरह-तरह से प्रभावित करते हैं। इसी भावनाओं से प्रेरित होकरसंत अलाएसियस स्कूल पोलीपाथर में वर्ष 2023- 24 का वार्षिक उत्सव समारोह बड़े ही निराले अंदाज में आयोजित किया गया जिसका विषय 'जीवन के इंद्रधनुषीयरंग' था। इस समारोह के मुख्य अतिथिनगर निगम के वित्त अपर आयुक्त विद्यानंद बाजपेई तथा विशिष्ट अतिथि बिशप जेराल्ड अल्मेडा रहें। सर्वप्रथम इस समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि कोउनके परिचय के साथ स्वागत एवं सम्मान स्वरूप पौधा भेंट किया गया। इस समारोह के कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि श्री विद्यानंद बाजपेई, विशिष्ट अतिथिश्रद्धेयबिशप जेराल्ड अल्मेडा,शाला प्रबंधक श्रद्धेयफादरएस.जी. विल्सन ,शाला प्राचार्या श्रीमती सोमा जॉर्ज ,शाला उप्राचार्य श्री डेनिस पैट्रिक, कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती निधि नारंग एवं शाला नायक दिव्यांश मेहताएवं शालानायिका अनुष्का तिवारीके द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।इस आनंदमय अवसर परआकर्षक ढंग से सजे विद्यालय परिसर में हम अपनी परंपरा का निर्वहन करते हुए कार्यक्रम के आरंभ मेंसर्वधर्म पवित्र वचनों का पठन छात्रों द्वारा किया गया। यह समारोह निधि नारंगएवंप्रीति शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न किया गया।

## पश्चिम क्षेत्र में जल प्लावन की समस्या से छुटकारा मिलेगा: राकेश सिंह

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम की समन्वित विकास योजना में जल प्लावन को कोई स्थान नहीं है। आधुनिक तकनीकी का उपयोग करके जल प्लावन की स्थिति से पूर्णत: छुटकारा दिलाया जायेगा। हम शाश्वत विकास पर विश्वास रखते हैं, इसीलिए इस समस्या का स्थायी हल निकाला जायेगा यह बात पश्चिम विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी राकेश सिंह ने गिरिराज किशोर कपूर वार्ड में जनसंपर्क के दौरान कही। उन्होंने गुलाब सिंह की समाधि, साहू मोहल्ला, बनिया मोहल्ला, बूढ़ी खेरमाई, पसरिता टेंट हाउस, सेठी नगर,महाकाली मंदिर, बेन मोहल्ला, कुम्हार मुहल्ला, अशोक विहार, नेशनल कालोनी, मुस्लिम बस्ती, भोले कुटी, शक्ति नगर चौक क्षेत्र में जनता से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर अमर मिश्रा, राजकुमार पटेल, राहुल खत्री, ज्ञानेंद्र तिवारी, सुंदर राजन, संतोष कोरी, राकेश साहू, गणेश कनौजिया, भास्कर दीक्षित, राहुल गुप्ता, कमल साहू, दीपक कौशिक, गोल्डी सोनकर, गोपाल गुप्ता, सनी काछी, गोपाल भाट, किशोर सैनी, रोहित विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।



गिरिराज किशोर कपूर वार्ड में किया जनसंपर्क

## जनकल्याण एवं विकास हेतु प्रतिबद्ध भाजपा : अभिलाष पांडे

**उत्तर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी का जनसंपर्क**

जबलपुर। भाजपा सरकार ने लगातार जनहितैषी योजनाएं चलाकर जनता के कल्याण हेतु काम किए साथ ही आमजनों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति कर अनेकों विकास के काम करके सबका विकास करने का काम किया है साथ ही अब आमजनों के जीवनस्तर में सुधार हो ऐसे अनेकों काम किए क्योंकि जनकल्याण एवं विकास हेतु भाजपा प्रतिबद्ध है यह बात भाजपा उत्तर विधानसभा प्रत्याशी अभिलाष पांडे ने महात्मा गांधी एवं कस्तूरबा गांधी वार्ड में सघन जनसंपर्क के दौरान कही। अभिलाष ने वरिष्ठ नेता नाटी शर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान प्रभात साहू, सदानंद गोडबोले, स्वाति गोडबोले, प शरद जैन, धीरज पटेरिया, संदीप जैन, नंद कुमार यादव, राजेश द्विवेदी, रूपराम पटेल, सत्येंद्र शर्मा, पिंटू पटेल, गणेश मिश्रा शामिल रहे।



महात्मा गांधी एवं कस्तूरबा गांधी वार्ड में जनसम्पर्क

## प्रशिक्षण स्थल पर ही डाक मतपत्र से मतदान की मिली सुविधा

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव कराने गठित मतदान दलों में नियुक्त अधिकारियों कर्मचारियों का दूसरे चरण का प्रशिक्षण आज मंगलवार से माढ़ोताल स्थित श्रीराम इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी में प्रारम्भ हो गया है। मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण 9 नवम्बीर तक चलेगा वहीं मतदान कर्मियों के साथ-साथ यहाँ माइक्रो आब्जर्बर और एसपीओ (विशेष पुलिस अधिकारी) बनाये गये कर्मचारियों को भी आज श्रीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नामलॉजी भवन में दूसरे चरण का प्रशिक्षण दिया गया।

मतदान कर्मी, माइक्रो आब्जर्बर तथा विशेष पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण स्थल पर ही डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा भी दी गई। इसके लिये यहाँ प्रत्ये क विधानसभा के लिए तीन-तीन विधानसभा सुविधा केंद्र (फेसिलिटेशन सेंटर) बनाये गये हैं। मतदान कर्मी, माइक्रो आब्जर्बर तथा विशेष पुलिस अधिकारी बनाये गये कर्मचारियों को भी डाकमत पत्र से मतदान करने प्रशिक्षण स्थवल पर ही अलग से बनाये गये सुविधा केंद्रों पर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। चुनाव कार्य से संलग्न् वाहनों के ड्राइवर-क्लीनर को भी डाकमत पत्र से मतदान की सुविधा दी गई है। प्रशिक्ष्ण के पहले दिन करीब 2 हजार मतदान कर्मियों ने डाकमत पत्र से मताधिकार का इस्तेवमाल कर चुके हैं।

## विकास की मजबूत बुनियाद पर जनता से संपर्क में जुटे विनय सक्सेना

**जबलपुर, देशबन्धु।** उत्तर मध्य विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी विनय सक्सेना अपने विकास कार्यों और हमेशा जनता के बीच रहने की अपनी मजबूत बुनियाद का अच्छा लाभ लेते साफ नजर आ रहे हैं। मंगलवार को जवाहर गंज वार्ड में अपने पार्टी जनों और समर्थकों के साथ विनय सक्सेना ने संघन जनसंपर्क किया। इस दौरान व्यापारियों और क्षेत्रीय निवासियों ने उनके मिलनसार व्यवहार और 5 सालों में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों के अलावा सामाजिक और साहित्य आयोजनों की काफी प्रशंसा की और चुनाव में साथ निभाना का आश्वासन भी दिया।



जवाहरगंज वार्ड में सघन जनसंपर्क किया

इस दौरान कांग्रेस के सुजाता नामदेव, सत्येंद्र जैन जुग्गू, सतीश उपाध्याय, कदीर सोनी, रमेश बड़कुल, सुभाष अग्रवाल, मनोज नामदेव, गणेश डोनेकर मौजूद थे।

## पूर्व क्षेत्र की जनता चिकित्सा से वंचित नहीं रहेगी: लखन घनघोरिया

जबलपुर, देशबन्धु। पूर्व विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सेठ गोविंद दास वार्ड में भगवती डेरी के पीछे से प्रारंभ होकर हजारी सिद्दकी की मेन रोड, खेरमाई मंदिर, पहाड़ी रोड, शुक्ला होटल में सघन जन संपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी लखन घनघोरिया ने जनता से कहा कि क्षेत्र में गरीब से गरीब लोग निवास करते हैं। गंभीर बीमारियों का इलाज करान बड़ा मुश्किल है। मेरा प्रयास है कि पूर्व क्षेत्र में 200 बिस्तर वाला मिनी हॉस्पिटल बनाकर अधिक से अधिक जनता को निशुल्क चिकित्सा का लाभ मिल सके। लोगो ने कहा कि चौराहे-चौराहे पर पानी की टंकी रखवाई है, उसके लिये विनय का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर राकेश पांडे, असित यादव रिंकू, राजेश शुक्ला, पार्षद जितेन्द्र सिंह ठाकुर, रामकुमार, विजय ठाकुर, विजिता गांवडे, नारायण रजक, राहुल गुप्ता, नंद कुमार मोंटी खान, ज्ञानेन्द्र गज्जू अवधेश सिंह, अतुल गुप्ता, राजेन्द्र शामिल थे।



सेठ गोविंद दास वार्ड में जनसम्पर्क

## मतदाताओं को जागरूक करने होगा रन फॉर डेमोक्रेसी का भव्य आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए मतदाताओं को जागरूक करने विशाल नियॉन रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन 09 नवम्बर गुरूवार को आई.एस.बी.टी. में सायं 05:30 बजे किया जा रहा है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया, जिसके अंतर्गत लगातार प्रशासन द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर मतदान करने के लिए जागरूकता फैलाई गयी है। इसी तारतम्य में मतदाताओं को जागरूक करने भारी उत्सव के रूप में 5 कि.मी. तक नियॉन रन फॉर डेमोक्रेसी का भी आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शहर के हजारों प्रतिभागी भाग लेकर मतदाताओं को 17 नवम्बर को मतदान करने के लिए प्रेरित एवं जागरूक करेगें। नगर में मतदाता जागरूकता आयोजन लगातार किये जा रहे हैं। इस आयोजन में प्रतिभागी नियॉन कलर टी-शर्ट पहनकर 5 किलोमीटर का सफर पूरा करेगें। आयोजन में सभी आयु वर्ग के नागरिक भाग ले सकते हैं। प्रतिभागियों को नियॉन टी-शर्ट एवं नियॉन स्टिक, और स्वल्पाहार दिया जायेगा।

## अलख जगाते निकली प्रभात फेरी



**जबलपुर, देशबन्धु।** सर्वधर्म समभाव के प्रतीक, शब्दगुरू, श्री गुरू ग्रंथ साहिब महाराज के पावन गुरूगद्दी दिवस के अवसर पर भोरवेला में सुबह 5 बजे गुरूद्वारा हाथीताल से प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी में भारी संख्या में माता, बहनें व बच्चों के रूप में उपस्थित संगत पारम्परिक वाद्य यंत्रों, ढोलक, चिमटा, खड़ताल आदि के माध्यम से इलाही वाणी का गायन करते चल रही थी। कार्यक्रम के समापन पर सवर्त्र के भले की अरदास हुई। तदोपरांत मिष्ठान का प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर सरदार हरदेव सिंघ, हरजीत सिंघ कपूर, अमित सिंघ, प्रणपाल सिंघ, गगनदीप सिंघ, अमरजीत सिंघ, हरदीप, जोगिंदर सिंघ, त्रिलोचन सिंघ, हर भजन सिंघ, प्रभदीप सिंघ आदि उपस्थित थे।

## जागरुकता ही कैंसर से पहला बचाव




**जबलपुर, देशबन्धु।** कैंसर से बचाव का पहला उपाय जागरुकता है। यदि समय रहते बीमारी के लक्षण पहचान लिए जाएं तो जीत संभव होती है। यह जानकारी चंचल बाई कॉलेज में आयोजित कैंसर जागरुकता दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. पीयूष जैन और कैंसर फाइटर नीलम शर्मा ने महिलाओं में स्तन कैंसर पर व्याख्यान दिया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. वंदना पाण्डेय, माधुरी डेग्वेकर, श्वेता सोनी, सिमरन पाठक, अमिषा अहिरवार, प्राची, डॉ. सुनीता खरे, डॉ. आद्या त्रिवेदी मौजूद रहीं।



## फ्लैग लगाकर मनाया स्थापना दिवस

**जबलपुर, देशबन्धु।** फ्लैग और बैच लगाकर स्काउट का स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान जहां सेवाकार्य करने की शपथ ली, तो वहीं आपातकाल की स्थिति से निपटने के लिए खुद को तैयार रखने का आव्हान किया। पमरे जबलपुर मंडल के तत्वावधान में स्काउट स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर अपर मंडल रेल प्रबंधक प्रदीप कुमार, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा, मंडल वाणिज्य प्रबंधक नीतेश कुमार सोने, सहायक परिचालन प्रबंधक वर्षा छालोत्रे, मंडल सिग्नल राजश्री द्विवेदी मौजूद रहीं।

## हनुमान जी के 11 सौ नामों का हवन संपन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा के संचालक हनुमान जी महाराज के सहस्रनामों से पंचकोशी की सफलता के लिए जमुना सभा गोल बाजार में हवन किया गया, कार्तिक माह के प्रत्येक मंगलवार को हवन किया जाएगा। आज 7 नवंबर द्वितीय मंगलवार को आचार्य पंडित मनमोहन दुबे ने भगवान हनुमान जी महाराज के एक-एक नाम के उद्घोष के साथ आहुति कराई गयी। महाआरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया। लम्हेघाट के सरस्वती घाट में शीघ्र पुल का निर्माण हो पंचकोशी परिक्रमा निंविघ्न संपन्न हो सभी सदस्यों ने भगवान से प्रार्थना की। इस अवसर पर सत्यप्रकाश नामदेव, के.एल.दिक्षित, अवधेश खरे, श्याम मनोहर पटेल, सुरेश विश्वकर्मा, प्रभाकर चतुर्वेदी, बाबा दुबे, गुलाब पटेल, श्रीराम अग्रवाल, शिवाजी राव, मोहित तिवारी आदि उपस्थित थे। नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल, अध्यक्ष योगाचार्य डॉ शिवशंकर पटेल ने बताया 27 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा के दिन सुबह 8.30 बजे निकाली जाएगी।



## गोरखपुर शिव मंदिर और माता के मंदिर में समिति ने पूजन कर कराया भंडारा

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोरखपुर इसाई मोहल्ला स्थित शिव मंदिर और माता के मंदिर में स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जय मां दुर्गोत्सव समिति गोरखपुर इसाई मोहल्ला द्वारा भण्डारे का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर मंदिर में हवन-पूजन के दुर्गा समिति ने भंडारे का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने मंदिर पहुंचकर भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मंदिर में महाआरती का भी आयोजन किया गया। महाआरती के मौके पर बड़ी संख्या में मातायें, बहने, बुजुर्ग, बच्चों और क्षेत्रीय भक्त उपस्थित रहे। इस अवसर पर जय मां दुर्गोत्सव समिति के अध्यक्ष डिम्पी बिन्द्रा, जय चक्रवर्ती, रवि ठाकुर, कैलाश जाटव, राजपूत, नवजीत सिंह गिल, शेरू पिल्ले, डल्लू गुप्ता आदि के साथ ही सभी समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गढ़ा में आज होगा जलसा

**जबलपुर, देशबन्धु।** मदरसा अरबिया फ़ैज़ाने वली के संयोजन में गढ़ा मुजावर मुहल्ला में रात्रि के बाद नमाज़ इशा एक अजीममुश्शान जलसे का एहतेमाम किया गया है। हज़रत पीरे तरीक़त सैय्यद फहीम अशरफ अशरफी जलसे की सदारत करेंगे। जलसे में हज़रत अल्लामा मौलाना मुफ्ती शफीकुल कादरी बरकाती अशरफी (मुंबई) अपनी नूरानी तक़रीर बयान फरमाएंगे। आरिफ हसन सिद्दीकी आयोजन का संचालन करेंगे व सैय्यद मुहम्मद रज़ा, कैसर रज़ा नात शरीफ पेश करेंगे। सूफी खलील शाह, मौलाना फज़्ले रब अशरफी ने जलसे में शिरकत कर सवाबे दारेन हासिल करने की गुजारिश की है।

## हाइड्रा फेशियल से मिल रहा विंटर में नरिशमेंट

### ब्यूटी केयर-सीजन में बढ़ा हाइड्रा ट्रीटमेंट, विंटर ट्रीटमेंट की डिमांड

**जबलपुर. देशबन्धु।** विंटर की शुरुआत हो चुकी है। इस बीच स्किन ड्राईनेस की प्रॉब्लम से निपटने के लिए सिटी पार्लर्स का रुख किया जा रहा है। विंटर के कारण स्किन से ग्लो कम हो रहा है. ऐसे में स्किन ग्लोइंग, टैनिंग, नरिशमेंट के साथ स्किल हाइड्रेशन से जुड़े ट्रीटमेंट करवाए जा रहे हैं। विंटर सीजन में हाइड्रा फेशियल की डिमांड ज्यादा है। यह स्किन को हाइड्रेड रखता है और स्किन ग्लोइंग भी बनी रहती है।

**फ्रूट्स फेशियल से नरिशमेंट**-गर्मी को देखते हुए फ्रूट्स बेस्ड ब्यूटी प्रोडक्ट की डिमांड इस समय अधिक है। वॉटरमेलन, मस्कमेलन, ग्रेप्स, पपाया, बनाना, टमाटर और स्ट्रॉबेरी पल्प के साथ भी फेशियल किया जा रहा है। यह स्किन को नेचुरल नरिशमेंट और मिनरल्स देता है।

**ताकि स्किन रहे हाइड्रेड**-सिटी गर्ल्स का कहना है कि दिवाली के बाद वेडिंग सीजन स्टार्ट हो जाएगा। ऐसे में स्किन



को ग्लोइंग बनाने और नरिश रखने के लिए तरह-तरह ट्रीटमेंट करवाए जा रहे हैं। कॉलेज गोइंग आदिश्री का कहना है कि नेक्स्ट मंथ उनकी सिस्टर की शादी है, इसके लिए उन्होंने हाइड्रा फेशियल करवाया है ताकि स्किन हेल्दी रहे।

### घरेलू ट्रीटमेंट भी

विंटर सीजन में फ्रूट्स और वेजिटेबल्स की बहार छाई रहती है। ऐसे में डिफरेंट फ्रूट्स से स्किन को ग्लोइंग और हाइड्रेड बनाने के लिए उपाय किए जा रहे हैं। सिटी विमन पार्लर के साथ-साथ घरेलू चीजों का उपयोग करते हुए ब्यूटी को भी निखारती हैं। यही कारण है कि खीरा, टमाटर, नींबू, दही, बेसन, आटा और जायफल का फेसपैक अप्लाय किए जा रहे हैं।



## दिव्यांग बच्चों संग मनाई दिवाली

**जबलपुर, देशबन्धु।** संगिनी सेवा संगठन की सदस्यों द्वारा जॉर्ज टाउन स्कूल में दिव्यांगों के साथ दिवाली की खुशियां मनाई गईं। इस दौरान जहां बच्चों को मिठाई, खिलौने और पटाखे सौंपे गए, तो वहीं उन्हें दिवाली मनाने का महत्व भी समझाया गया। इस मौके पर अध्यक्ष किरण माणिक, सचिव निधि मिश्रा, कोषाध्यक्ष रश्मि ताम्रकार, निधि गुप्ता, अनुभूति बादशाह, आभा जैन, अंजू अग्रवाल, मीनल शाह, रचना सरीन, ममता मौजूद रहीं।

## जनवरी में होगा प्रैक्टिकल एग्जाम

**जबलपुर, देशबन्धु।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल के प्रैक्टिकल एग्जाम का डेट शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इसके चलते 15 फरवरी से जहां थ्योरी परीक्षाओं का दौर शुरू होगा, तो वहीं 1 जनवरी से प्रैक्टिकल एग्जाम स्टार्ट हो जायेंगे। इसी क्रम में बोर्ड द्वारा सीटीईटी के रजिस्ट्रेशन के लिए भी सर्कुलर जारी कर दिया गया है। सीटीईआई की परीक्षा 21 जनवरी को होगी। जिसके लिए 23 नवम्बर तक आवेदन भरे जा सकते हैं। यह पेपर दो शिफ्ट में आयोजित होगा।

## ऑपरेशन तीस्ता में तैनात सीओडी का 90 मीट्रिक टन लड़ाकू भंडार



### इंडियन आर्मी-सिक्किम में आई बाढ़ में सीओडी डिपो को मिला राहत सामग्री पहुंचाने का जिम्मा

**जबलपुर, देशबन्धु।** सिक्किम में आई बाढ़ में राहत सामग्री पहुंचाने की बड़ी जिम्मेदारी सीओडी डिपो द्वारा निभाई जा रही है। इसके चलते तीस्ता नदी पर बने कई पुल बहने से ग्रामीणों तक पहुंचना मुश्किल हो गया था। इस मुश्किल हालात में सीओडी को राहत सामग्री पहुंचाने के लिए चुना गया। गौरतलब है कि एमबी एरिया के अधीन सीओडी पुल बनाने और बाढ़ से निपटने वाले इंजीनियरिंग स्टोर का एक प्रमुख डिपो है। डिपो द्वारा पिछले कुछ ही दिनों में पुल बनाने का समान मुहैया करवाया गया।

**तत्परता से हो रहा कार्य**-सीओडी कमाण्डेंट ब्रिगेडियर सी. वसंत कुमार के अनुसार राहत मिशन में सैन्य कर्मियों के साथ जबलपुर के ट्रक ड्राइवर भी मौके पर डटकर डिपो से सिक्किम तक सामान पहुंचा रहे हैं।

### पहले रवाना हुआ लड़ाकू भंडार

सीओडी द्वारा 90 मीट्रिक टन लड़ाकू इंजीनियरिंग भंडार पहले ही भेजा जा चुका है, जो उत्तरी सिक्किम तक पहुंच चुका है। डिपो से अन्य राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है।

– **लेफ्टिनेंट जनरल एमके दास,** जीओसी, एमबी एरिया

## दैनिक राशिफल

**बुधवार 08 नवम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। कार्तिक कृष्णपक्ष की दशमीं तिथि। नक्षत्र-पू.फा.।**

**मेष**
धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्ति में आपका समय व्यतीत होगा। अनिर्णायकता के कारण योग्य निर्णय नहीं ले सकेंगे।

**वृषभ**
आपके व्यापार में वृद्धि होगी, साथ ही व्यापार के सम्बंध में सौदे लाभदायक सिद्ध होंगे। आपकी आय का स्रोत बढ़ेगा।

**मिथुन**
आपकी शारीरिक और मानसिक खुशी बनी रहेगी। नौकरी या व्यवसाय में अपने परिश्रम का अच्छा फल प्राप्त कर सकेंगे।

**कर्क**
जो लोग विदेश जाने के इच्छुक हैं, वे सफलता पा सकेंगे। विदेश से अच्छे समाचार प्राप्त कर सकेंगे। आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

**सिंह**
आज आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। स्वास्थ्य की सुरक्षा के पीछे खर्च होने की संभावना है। गलत मार्ग की तरफ प्रेरित न हों।

**कन्या**
आज आप परिवार में आनंद के पल गुजार सकेंगे। भाग्य आपके साथ है। आप समाज और लोगों में आदर पा सकेंगे। खरीदारी कर सकते हैं।

क.

**तुला**
स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। बीमार व्यक्ति के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। पारिवारिक सुख- शांति बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
आज यात्रा करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। स्वास्थ्य भी चिंता का कारण बनेगा। संतान की चिंता रहेगी। अपमानित होने का योग है।

**धनु**
आज आप गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के रंग में रहेंगे। इस विषय में गहरे उतरने का प्रयास करेंगे। नए काम शुरू करने का प्रयास करेंगे।

**मकर**
आज आप अपने विरोधियों से विजय प्राप्त कर सकेंगे। नए काम की शुरुआत होगी। उसमें सफलता प्राप्त करेंगे। व्यापार में लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

**कुंभ**
आपको मानसिक समस्याएं और उलझन रहेगी। निर्णय लेने में तकलीफ होगी। वाणी पर संयम नहीं रख पाएं। धार्मिक कामों पर खर्च होगा।

**मीन**
आज आपको शारीरिक-मानसिक ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव होगा। उत्साह बढ़ेगा। नए काम की शुरुआत करेंगे।

मा.



## रोटरी साउथ ने दिव्यांग बालिका को आत्मनिर्भर बनाने दी आर्थिक मदद

**जबलपुर, देशबन्धु।** रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए किशोर न्याय बोर्ड गोकलपुर में अनाथ दिव्यांग बालिका को संगीत के क्षेत्र में दक्ष करने तथा जीवनयापन का सशक्त साधन बनाने, आर्थिक मदद के तौर पर 18 हजार का चेक सौंपा।

स्नेहा निकेतन गोरखपुर द्वारा संचालित संस्था में रहने वाली दिव्यांग अनाथ बालिका की संगीत में अगाध रुचि को देखते हुए उसके प्रशिक्षण के लिए 6 महीने के लिए आने-जाने की व्यवस्था के लिए आर्थिक मदद दी गई। किशोर न्याय बोर्ड गोकलपुर की प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट मंजू सिंह ने विकलांग बच्ची को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोटरी क्लब जबलपुर साउथ की सहायता के लिए बहुत सराहना की एवं रोटरी साउथ से भविष्य में इसी प्रकार के सहयोग की उम्मीद जताई।

कार्यक्रम में संयोजक रोटे. रोमेश डेंगरा, क्लब अध्यक्ष रवि वैश्य, राजीव अग्रवाल, नीतू पांडे मेंबर, कुमारी अनीशा भाग, वार्डन राबिका एनडूस एवं असिस्टेंट वार्डन सोनल रहीम शामिल थे।

## जीएस कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** जीएस वाणिज्य महाविद्यालय में शिक्षा संकाय द्वारा कलश सज्जा, थाली सज्जा, दिया सज्जा और रंगोली का आयोजन किया गया। जिसमें कालेज के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर सहभागिता करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागियों ने अलग अलग तरह से साज-सज्जा कर अपनी कल्पना और कौशल का प्रदर्शन किया। प्राचार्य डॉ. सुनील पाहवा के निर्देशन में विद्यार्थियों ने कौशल विकास के महत्व को समझा। विभागाध्यक्ष डॉ.अर्पणा पांडे के मार्गदर्शन में शिक्षा संकाय के प्राध्यापक प्रभारी डॉ.वंदना परोहा, डॉ डिंपल भल्ला, डॉ. उषा मिश्रा कौसर बानो डॉ. शैल मिश्रा का सहयोग रहा।



## वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन की मासिक बैठक आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन की नवंबर माह की मासिक बैठक आज बुधवार को हरी शंकर परसाई भवन राइट टाउन में शाम 4 बजे आयोजित की गई है। जिसमें एसोसिएशन से संबंधित लाभार्थियों की समस्या का निराकरण एवं हल करने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इस बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष एच.एल. जांगड़े, महामंत्री डीके सिंह एवं समस्त पदाधिकारी और कार्यकारिणी ने सभी सदस्यों से उपस्थित होकर सभा में अपनी समस्या के निराकरण के लिए सुझाव प्रस्तुत करें।

## चुनाव में लगी मातृशक्ति के लिए हों उचित व्यवस्थायें: संघ

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि विधान सभा चुनाव 2023 में बड़े पैमाने पर मातृशक्ति की चुनाव डयूटी पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी 1, 2 एवं 3 के रूप में लगाई गई है। जिसे उन्होंने अपना राष्ट्रीय कर्तव्य मानते हुए स्वीकार किया गया है। लेकिन चुनाव आयोग एवं जिला प्रशासन को भी महिला कर्मचारियों को होने वाली कठिनाईयों को समझना होगा। महिला कर्मचारियों को मतदान केन्द्र पर रात्रि रूकने के लिए बाध्य न किया जाये। मतदान केन्द्र पर भोजन, साफ पीने का पानी, विश्राम की उचित व्यवस्था हो। मतदान दलों के सामग्री प्राप्ति पश्चात मतदान दलों के रवाना होने वाले वाहनों में ईधन व्यवस्था पूर्व से सुनिश्चित की

### महिला कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र हो निराकरण

जावे। जिससे महिलाओं को होने वाली परेशानी से बचाया जा सकें। सामग्री वितरण स्थल एवं मतदान केन्द्रों पर महिलाओं के लिए साफ स्वच्छ प्रसाधन की व्यवस्था हो, समाग्री वितरण स्थल पर वाहन पार्किंग की उचित व्यवस्था की जावे, एवं मतदान साम्रगी जमा करने के उपरांत 17 नवंबर की रात्री से रेलवे स्टेशन, दीनदयाल बस दर्मिनल, दमोह नाका आदि क्षेत्रों से पहुंचाने की उचित व्यवस्था की जावे। संघ के योगेन्द्र दुबे ने मुख्य चुनाव आयुक्त नई दिल्ली, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जबलपुर को ई-मेल के माध्यम से पत्र प्रेषित कर मांग की है, कि महिला कर्मियों के लिए समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित हों।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री रवींद्र दुबे**- बदनपुर शक्तिनगर निवासी श्री रवींद्र दुबे (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेश चंद्र ताम्रकार**- घमापुर रामलीला मैदान के पास निवासी श्री सुरेश चंद्र ताम्रकार (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कुंदा फाटक**- डिलाइट कम्पाउंड सिविल लाइन निवासी श्री कमलाकर फाटक की धर्मपत्नी श्रीमती कुंदा फाटक (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संदीप केसरवानी**- शीतलामाई आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री मोहन लाल केसरवानी के पुत्र श्री संदीप केसरवानी (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती दुलारी बाई चौधरी**- गली नं. 4, बादशाह हलवाई मंदिर के पास ग्वारीघाट रोड निवासी श्री लक्ष्मण चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती दुलारी बाई चौधरी (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**ईवान बंशकार**- प्रेमसागर निवासी श्री नागराज बंशकार के अल्पायु पुत्र ईवान का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री प्रदीप बैनर्जी**- आनंद नगर अधारताल निवासी श्री प्रदीप बैनर्जी (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शशि कटारिया**- खटीक मोहल्ला रामपुर छापर निवासी श्री प्रकाश कटारिया की धर्मपत्नी श्रीमती शशि कटारिया (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री विनोद कुमार शुक्ला**- उत्तर मिलौनीगंज निवासी श्री विनोद कुमार शुक्ला (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्रीमती देवी पाल**- न्यू रामनगर रामपुर निवासी श्री राम किशन पाल की धर्मपत्नी श्रीमती देवी पाल (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

## पुलिस सुरक्षा के बीच दल बुजुर्गों-दिव्यांगों के घर तक पहुंचकर करा रहे मतदान

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के 80 वर्ष से अधिक आयु के वोटर या फिर से ऐसे मतदाता जो चलने-फिरने में असमर्थ है और 17 नवंबर को पोलिंग बूथ तक नहीं जा सकेंगे। उनके लिये पहली बार वोट फ्रॉम होम की सुविधा दी गई है। यह सुविधा भोपाल, बुरहानपुर सहित जबलपुर में शुरू हो गई है। जहां मंगलवार को 110 वर्ष की पाटन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लुहारी में रहने वाली सुकिया बाई ने अपने पुत्र की मदद से मतदान किया।

उल्लेखनीय है कि फॉर्म 12 डी भरकर घर से ही डाक मत पत्र से मतदान की सहमति देने वाले दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक की आयु के मतदाताओं से मतदान करने का काम मंगलवार सुब से मतदान दलों का उनके घर पहुंचना प्रारंभ हो गया है। जबलपुर जिले में दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक आयु के करीब 1 हजार 891 मतदाता है। जिन्होंने घर से मतदान करने की सहमति है। मतदाताओं से घर से मंगलवार से 10 नवंबर तक दो चरणों में मतदान कराया जाएगा। पुलिस सुरक्षा के बीच दल बुजुर्गों-दिव्यांगों के घर तक पहुंचकर वोट डलवा रहे हैं। पूरी प्रोसेस की वीडियोग्राफी भी हो रही है। मतदाताओं से डाक मतपत्र डलवाए जा रहे हैं। वहीं सुबह 9 से शाम 5 बजे तक ही मतदान किए जा सकेंगे।





जिला निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक दिव्यांग और अस्सी वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को घर से डाकमत पत्र से मतदान की दी गई सुविधा के तहत मतदान दल पहले चरण में 7 और 8 नवंबर को इन मतदाताओं के घर पहुंचेंगे और मतदान करायेंगे। इस दौरान यदि वे अनुपस्थित रहे तो 9 और 10 नवंबर को दूसरे चरण में मतदान दल दोबारा उनके घर पहुंचेंगे। इसकी बकायदा घर में मौजूद परिवार के सदस्यों को सूचना दी जायेगी, जिसमें दिन और समय का उल्लेख भी रहेगा। दुबारा भी घर में अनुपस्थित रहने पर ऐसे मतदाताओं को मतदान की सुविधा नहीं होगी वे मतदान केन्द्र पर जाकर भी अपना वोट नहीं डाल सकेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक मतदान के दौरान उम्मीदवारों के मतदान अभिकर्ता अथवा राजनैतिक दलों के बूथ लेवल अभिकर्ता भी दिव्यांग एवं अस्सी प्लस मतदाताओं के घर पर मौजूद रह सकेंगे। मतदान की इस समूची प्रक्रिया की वीडियो ग्राफी भी कराई जायेगी। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार विधानसभा क्षेत्र पाटन में दिव्यांग एवं अस्सी वर्ष से अधिक आयु के 356 मतदाताओं से घर से मतदान कराने 10 मतदान दल गठित किये गये हैं। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र बरगी में 236 मतदाताओं से मतदान कराने दस, जबलपुर पूर्व के 197 मतदाताओं से मतदान कराने सात, जबलपुर उत्तर के 268 मतदाताओं से मतदान कराने दस, जबलपुर केण्ट के 219 मतदाताओं से मतदान कराने आठ, जबलपुर पश्चिम के 220 मतदाताओं से मतदान कराने आठ, पनागर के 140 मतदाताओं से मतदान कराने छह तथा विधानसभा क्षेत्र सिहोरा के दिव्यांग एवं अस्सी वर्ष से अधिक आयु के 255 मतदाताओं से घर से डाकमत पत्र के जरिये मतदान कराने दस मतदान दलों का गठन किया गया है।

## महादेव सट्टा एप सहित 22 वेबसाइट पर केंद्र सरकार ने लगाया बैन!

**जबलपुर, देशबन्धु।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की मांग पर ऑनलाइन 'महादेव बेटिंग एप' रेड्डीअन्ना, प्रिस्टोप्रो के साथ करीब 22 अवैध सट्टेबाजी एप्स और वेबसाइटों के खिलाफ ब्लॉकिंग के आदेश जारी किए हैं। ईडी की कार्रवाई के बाद पुलिस ने रायपुर के अलावा कटनी,अनूपपुर में रेड कार्रवाई करते हुए कुछ पैनल ऑपरेटर्स को भी पकड़ा है। बताया जाता है कि सतीश सनपाल, आजम खान, सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल सहित अन्य दुबई से सट्टा का कारोबार कर रहे हैं।

वर्ल्ड कप किक्रेट मैच सीजन के दौरान केंद्र सरकार द्वारा 22 वेबसाइट में प्रतिबंध लगाने से सटेरियों को करोड़ों रुपए कमाई का नुकसान होगा। अंतरराष्ट्रीय सट्टा किंग सतीश सनपाल पुलिस रिकार्ड में फरार होते हुए दुबई में बैठकर जबलपुर सहित देश के अनेक हिस्सों में ओपन वेब पर एक्सचेंज के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा बुकियों के मार्फत खिला रहा है। लंबे समय से फरार आरोपी सनपाल की गिरफ्तारी के हरसंभव प्रयास के बाद जबलपुर पुलिस ने एलओसी के लिए 'ब्यूरो ऑफ इमीग्रेशन' नई दिल्ली को पत्राचार किया था। बीओआई ने मामले की गंभीरता एवं लंबे समय से फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 'लुक आउट सर्कुलर' जारी किया था। फरार सतीश सनपाल पिता रामचंद्र सनपाल उम्र 36 साल निवासी आदर्श नगर रामपुर गोरखपुर पर मदनमहल थाना में 2 प्रकरण, गोरखपुर थाना में 2, लार्डगंज थाना में 2, गढा, कोतवाली और ओमती थाना में एक-एक प्रकरण पंजीबद्ध हैं।

## सीओडी से सिक्किम भेजे गए 90 मीट्रिक टन लड़ाकू इंजीनियरिंग भंडार

**जबलपुर, देशबन्धु।** सेंट्रल आर्डिनेंस डिपो (सीओडी) से लगातार सिक्किम राहत सामाग्री भेजे जाने का क्रम जारी है। दरअसल, पिछले दिनों सिक्किम में बादल फटने से आई बाढ़ ने भीषण तबाही मचा दी थी।

मध्य भारत एरिया के अधीन स्थित सीओडी पुल बनाने और बाड से निपटने वाले इंजीनियरिंग स्टोर का एक प्रमुख डिपो है। इस डिपो ने पिछले कुछ ही दिनों में भारी मात्रा में पुल बनाने का समान मुहैया करकर एक भारत, सशक्त भारत के नारे को सच कर दिखाया है। मध्य भारत एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल एमके दास



ने इस बात पर प्रकाश डाला कि सीओडी जबलपुर द्वारा 90 मीट्रिक टन लड़ाकू इंजीनियरिंग भंडार पहले ही भेजा जा चुका है। जो उत्तरी सिक्किम तक पहुंच गया है। इसके साथ ही राहत सामग्री भेजी जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि हम भविष्य में ऐसी किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं। उन्होंने ब्रिगेडियर सी. वसंत कुमार कमांडेंट सीओडी जबलपुर वहां काम करने वाले सभी सैन्य कर्मियों सिविल कर्मचारियों और जबलपुर के ट्रक ड्राइवरों की भी सराहना की। जिन्होंने ऐसे समय में सामान पहुंचाने में मदद की।

## टक्कर मारने के बाद बाईक सवारों को कुचलते हुये निकल गया ट्रैक्टर, एक की मौत, दूसरा गंभीर

**जबलपुर, देशबन्धु।** पाटन थाना अंतर्गत उड़ना के पास एक ट्रैक्टर ने मोटर साइकिल सवार युवकों को टक्कर मारते हुये कुचल दिया। हादसे में एक युवक साहिल चौधरी की मौत हो गई। सत्यम की हालत देखते हुए निजी अस्पताल में भरती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम भोंरदा निवासी साहिल पिता राममिलन चौधरी उम्र 21 वर्ष अपने साथी सत्यम चौधरी के साथ मोटर साइकिल से रिश्तेदारी में जाने के लिए मेड़ी गांव जाने निकला। दोनों जब डब्बल बर्मन के घर के सामने से आगे बढ़ रहे थे।

इस दौरान उडऩा की ओर से आए ट्रैक्टर के चालक ने टक्कर मार दी। ट्रैक्टर की टक्कर लगने से साहिल व सत्यम मोटर साइकिल सहित सामने की ओर गिरे, जिन्हें कुचलते हुए ट्रैक्टर चालक निकल गया। हादसे में दोनों युवकों के सिर, हाथ, पैर, हाथ व चेहरे पर गंभीर चोटें आई है। राह चलते लोगों ने देखा तो दोनों को उठाकर निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर साहिल को जांच के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं सत्यम की हालत को देखते हुए भरती कर लिया गया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद ट्रैक्टर चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अवैध हथियारों की तस्करी करते 4 शातिर बदमाश गिरफ्तार, 8 पिस्टल, 20 कारतूस बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में कुख्यात बदमाश घूम घूमकर अवैध हथियारों की तस्करी कर रहे हैं। जिससे यह स्पष्ट है कि अन्य जिलों से शहर में अवैध हथियार लाये जा रहे हैं और बेचे जा रहे हैं। इसी कड़ी में गढ़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने के चार हथियार के सौदागरों को पकड़ा है, जिनसे पुलिस ने 8 पिस्टल व 20 कारतूस बरामद किए हैं। पकड़े गए सौदागर शहर के कुख्यात बदमाश है। आरोपियों के संबंध में पुलिस ने एक प्रेसवार्ता आयोजित कर मामले की जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रतापसिंह ने मंगलवार को कंट्रोल रुम में आयोजित पत्रवार्ता में बताया कि जगत ठाकुर अपने साथी मगन तिवारी एवं मिथलेश पाण्डे के साथ मिलकर लम्बे समय से शहर व ग्रामीण क्षेत्रों रिवॉल्वर व पिस्टल बेच रहे थे। गढ़ा थाना





पुलिस को खबर मिली कि जगत ठाकुर व मगन तिवारी क्षेत्र के बड्डा दादा मैदान के पास पिस्टल बेचने के लिए मोलभाव कर रहे हैं। जिसपर पुलिस की टीम ने बड्डा दादा मैदान में दबिश दी। जहां दोनों बदमाश पुलिस को देखते ही भागने लगे। पुलिस ने पीछा करते हुए दोनों को पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों के कब्जे से पांच पिस्टल व 14 कारतूस बरामद किए हैं। दोनों बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि दो पिस्टल व चार कारतूस मिथलेश पांडेय निवासी खितौला व एक पिस्टल, दो कारतूस रामराज चौधरी को बेचने बताया। पुलिस ने इन दोनों युवकों को भी गिरफ्तार कर पिस्टल व कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जगतसिंह ठाकुर हत्या के मामले में 17 साल तक जेल में बंदी रह चुका है। इसके अलावा मिथलेश पाण्डेय भी हत्या व बलात्कार के प्रकरण में जेल में रहा है।

**पुलिस गिरफ्त में आरोपी-**

-जगत सिंह ठाकुर पिता स्वर्गीय दरभंगी सिंह उम्र 42 वर्ष निवासी प्रभात स्कूल के सामने रविदास नगर बड़ा पत्थर रांझी, हत्या के प्रकरण में 17 वर्ष जेल मे निरूद्ध रहा है।

-मिथलेश पिता जुगल किशोर पांडे उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम बेरली थाना खितौला हत्या एवं बलात्कार सहित हत्या के प्रकरण में जेल में निरूद्ध रहा है।

-मगन पिता स्वर्गीय कन्हैयालाल तिवारी उम्र 67 वर्ष निवासी आईएसबीटी के पास संचार नगर थाना विजय नगर

-रामराज पिता धुल्लीराम चौधरी उम्र 34 वर्ष निवासी एसएस कालेज के पास थाना खितौला



## कांग्रेस को जनता करारी हार का मुंह दिखाए : सिरसा

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र की जनता आने वाले विधानसभा चुनाव में राक्षसी प्रवृति व सिखों के हत्यारे कमलनाथ के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी को चुनावों में करारी हार का मुंह दिखाए यह बात दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा के राष्टीय सचिव सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा ने जबलपुर प्रवास के दौरान पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए होटल नर्मदा जैक्सन में कही।

सरदार सिरसा ने कहा कांग्रेस पार्टी ने मौजूदा चुनाव में कमल नाथ को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाया है लेकिन वह भूल गई कि कमलनाथ ने दिल्ली में सिखों के नौंवे गुरु साहिब तेग बहादुर जी के पवित्र स्थल गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब में दो सिक्खों का नरसंहार किया था। इस अवसर पर साँसद एवँ पश्चिम विधानसभा के प्रत्याशी श्री राकेश सिंह, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों, पूर्व विधायक श्री हरेन्द्रजीत सिंह बब्बू उपस्थित थे। इसके के अलावा दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों, साँसद राकेश सिंह, पूर्व विधायक हरेन्द्रजीत सिंह बब्बू, गुरदेव सिंह, परमजीत सिंह सहित अन्य गणमान्य शख्सियतें मौजूद रहीं।

## जनेकृविवि के विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रजेन्टेशन प्रतियोगिता में पुरुस्कार प्राप्त कर किया गौरावित

**जबलपुर,देशबन्धु।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के प्रेरणा एवं अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे के मार्गदर्शन में महाराष्ट्र पशु एवं मछली विज्ञान विश्वविद्यालय, नागपुर में राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना (नाहेप) के अन्तर्गत दिनांक 5 एवं 6 नवंबर, 2023 को आयोजित Student Engagement Conclave2023cum training under NAHEP-CAAST-MAFSU में ज.ने. कृ. वि. वि. के चयनित 12 स्नातकोत्तर छात्र- छात्राओं ने भाग लिया। संयोजनकर्ता अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा ने बताया कि इस राष्ट्रस्तरीय स्टूडेन्ट कानक्लेव, जिसमें देश के 60 से अधिक कृषि विश्वविद्यालयों के 700 से अधिक छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए। कान्क्लेव अन्तर्गत आयोजित पोस्टर प्रजेन्टेशन प्रतियोगिता में कृषि महाविद्यालय जबलपुर की छात्रा मनीषा तनवानी (एम.एस.सी. उद्यानशास्त्र) एवं हरेन्द्र साक्य (एम.एस.सी. उद्यानशास्त्र) एवं ग्रुप ने विषय- Women Agripreneurship A way forward विषय में तृतीय पुरूस्कार प्राप्त करते हुए विश्वविद्यालय को गौरान्वित किया।

## ननि सीमा के बाहर भी फिलहाल दौड़ेगी मेट्रों बसें

### एकलपीठ के आदेश पर डिवीजन बेंच ने लगाई रोक

**जबलपुर,देशबन्धु।** नगर निगम सीमा के बाहर अमृत योजना के तहत संचालित सिटी (मेट्रो) बसों का संचालन न किये जाने के एकलपीठ के आदेश पर हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ व जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने उक्त अंतरिम राहत जबलपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड (जेसीटीएल) की अपील पर दी है। जिससे अब नगर निगम सीमा के बाहर भी मेट्रों बसों का संचालन हो सकेगा।

जेसीटीएल के सीईओ ने एकलपीठ के फैसले को चुनौती देते हुए अपील प्रस्तुत की थी। जिसमें कहा गया था कि अमृत योजना के तहत उक्त बस सेवा के संचालन का दायरा जनहित में बढ़ाया गया था। जवाहर लाल नेहरू अर्बन रिन्युअल मिशन के तहत अमृत योजना यात्रियों की सुविधा के लिए यह निर्णय लिया गया था। वहीं निजी बस ऑपरेटर्स की ओर से वह जेसीटीएल के मुकाबले सरकार को अधिक टैक्स चुकाते हैं, इसलिए उनकी बसों का किराया अधिक है। ऐसे में यात्री सिटी बस में यात्रा करना पसंद करते हैं और उनका व्यापार प्रभावित होता है। वहीं शासन की ओर से बताया गया कि सरकार ने सिटी ट्रांसपोर्ट बस सेवा पर भी टैक्स बढ़ा दिया है। जेसीटीएल की ओर से अंडरटेकिंग दी गई कि वे एरियर्स के साथ बढ़ा हुआ टैक्स चुकाने तैयार हैं। मामले में अपीलार्थी जेसीटीएल की ओर से अधिवक्ता अंशुमान सिंह व सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता जान्हवीं पंडित ने पक्ष रखा।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं AARTI CHOUDHARY W/O No JC 698437Y Rank SUB Name VINOD KUMAR CHOUDHARY Of Unit-MH JABALPUR निवासी Presently residing at Qtr No.388/3, Manekshaw Enclave, Cantt. Jabalpur M.P. शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मेरा नाम AARTI CHAUDHARY से AARTI CHOUDHARY परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है द्वारा शपथ पत्र दिनांक 06/11/2023 नोटरी जबलपुर मप्र।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं REEMA JASROTIA is legally wedded spouse of Army No 13767133P Rank HAV Name RANDIP SINGH of UNIT-1 JAK RIF Presently residing at Vill- SUBA CHAK, PO- JANDI, Teh-HIRANAGAR, DISTT-KATHUA (J&K) PIN-184142. शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मेरा नाम REEMA JASROTIA से REEMA परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है द्वारा शपथ पत्र दिनांक 07/11/2023 नोटरी जबलपुर मप्र ।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं SHALLU DEVI is legally wedded spouse of Army No 13772261W Rank CHM Name YASH PAUL of UNIT-RECORDS JAK RIF, JAK RRC JABALPUR 482001 Presently residing at Vill-KOHAG, PO-KOHAG, Teh- BILLAWAR, DISTT-KATHUA (J&K) PIN-184207. शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मेरा नाम SHALLU DEVI से SHALLO DEVI परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है द्वारा शपथ पत्र दिनांक 07/11/2023 नोटरी जबलपुर मप्र ।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी नं. JC-581373N Rank SUB MAJ HONY LT Name MADAN SINGH residing at Vill- SAGOON PO- SARUINSAR Teh- JAMMU Distt JAMMU (J&K) PIN-180017 शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम MEENU दर्ज है जो कि गलत है मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम HEENU है जो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड व स्कूल सर्टिफिकेट एवं अन्य कागजातों में दर्ज है. एवं मेरी पुत्री के इस नाम HEENU को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं. 36AA 597134 दिनांक 07/11/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.

गलत नाम- MEENU
सही नाम- HEENU

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं ARMY NO 2698751Y RANK- CHM NAME- SUNIL SINGH UNIT 12 GRENADIERS R/O- PLOT NO. 79, RIDHI SIDHI NAGAR-5 POST- GOVINDPURA, TEH- JHOTWARA, DISTT-JAIPUR, STATE (RAJASTHAN) PIN-302012. शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिताजी का नाम ROHITASHAV SINGH एवं मेरी पत्नी का नाम RAJ KUMARI दर्ज है जो कि गलत है मेरे पिताजी का सही नाम ROHITASH SINGH एवं मेरी पत्नी का सही नाम RAJ KUMARI DEVI है जो कि उनके आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरे पिताजी एवं पत्नी के इन नामों को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाये।

### कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/186 दिनांक 07.11.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अर्चना बाजपेई पति स्व. श्री नीतिश बाजपेई, शिवानी बाजपेई एवं नाताशा बाजपेई दोनों के पिता स्व. श्री नीतिश बाजपेई ने मकान नं. 313.2 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान खुली भूमि 2054 व.फु. बटवारानामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13**
**मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

### कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/188 दिनांक 07.11.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आतिश कुमार बाजपेई पिता श्री जुगल किशोर बाजपेई ने मकान नं. 313.2 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान खुली भूमि 2053 व.फु. भूतल 1400 व.फु. रिलीज डीड/ बटवारानामा के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13**
**मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

### कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/214 दिनांक 07.11.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मंजीत सिंह छाबड़ा पिता स्व. श्री खजानचंद छाबड़ा ने मकान नं. 607/1 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 2200+900 व.फु. प्रथम तल 3100 व.फु. द्वितीय तल 1443+634 व.फु. तृतीय तल 2600 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13**
**मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

### कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/215 दिनांक 07.11.2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जसप्रीत सिंह छाबड़ा उर्फ यश छाबड़ा पिता श्री मंजीत सिंह छाबड़ा ने मकान नं. 607/1 का भाग वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 900 व.फु. प्रथम तल 900 व.फु. द्वितीय तल 600+300 व.फु. तृतीय तल 900 व.फु. रिलीजडीड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13**
**मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

### नाम सुधार

मैं धीरज खापरे आत्मज ओमप्रकाश खापरे, म०न० 216, गढ़ा, देवताल हितकारिणी कॉलेज के पास, जिला-जबलपुर म. प्र. का मूल निवासी हूँ। यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरे पिता का नाम ओमप्रकाश खापरे (OMPRAKASH KHAPRE) एवं महाविद्यालय की द्वितीय वर्ष की अंकसूची में ओमप्रकाश (OMPRAKASH) दर्ज है। जबकि ओमप्रकाश खापरे एवं ओमप्रकाश दोनों एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरे पिता के ही नाम है। अत: उक्त दोनों नामों से सभी शासकीय/अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम लिखा-पढ़ा व जाना पहचाना जावें।

**वर्तमान नाम- ओमप्रकाश खापरे**
**पुराना नाम- ओमप्रकाश**

PARWATI

## बुनियादी चिकित्सा व्यवसायियों को आंशिक राहत

### अधिनियम में हुए संशोधन को चुनौती देने की स्वतंत्रता

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट से बुनियादी चिकित्सा व्यवसायियों को आंशिक राहत मिली है। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने उनके मामले का निराकरण करते हुए स्वतंत्रता दी है कि वे मप्र चिकित्सा शिक्षा संस्थान अधिनियम 1973 में हुए संशोधन को चुनौती दे सकते हैं। इस अधिनियम में 2006 में संशोधन हुआ था। संशोधन के तहत बुनियादी चिकित्सा व्यवसायियों की प्रेक्टिस को गैर कानूनी करार दिया गया था।

उल्लेखनीय है कि एसोसिएशन ऑफ बेसिक मेडिकल प्रेक्टिशनर के करीब दो दर्जन से अधिक सदस्यों ने वर्ष 2009 में याचिका दायर की थी। जिसमें जबलपुर सहित कई जिलों के बेसिक मेडिकल प्रेक्टिशनर्स ने याचिकाएं दाखिल की थीं। जिसमें कहा गया था कि संचालक स्वास्थ्य सेवा ने जून और अगस्त 2009 को एक आदेश जारी कर याचिकाकर्ता प्रेक्टिशनर्स को उनकी विकास क्लीनिक संचालित करने पर रोक लगा दी थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि वर्ष 2001 में शासन के मेडिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट ने एक योजना जारी की थी। जिसके तहत एक साल का बेसिक मेडिकल प्रेक्टिशनर कोर्स शुरू किया गया था। इस कोर्स के तहत मरीजों के प्राथमिक स्वास्थ्य, देखभाल और उपचार का प्रशिक्षण दिया जाता था, ताकि ये प्रेक्टिशनर्स ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी झुग्गियों के रहवासियों को प्राथमिक चिकित्सा प्रदान कर सकें। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि उन्होंने उक्त कोर्स किया और उनके पास उसका प्रमाण पत्र भी है। संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने उक्त आदेश जारी कर अचानक उनकी प्रेक्टिस पर रोक लगा दी। वहीं शासन ने बताया कि उक्त अधिनियम में 2006 में संशोधन कर दिया गया है, जिसके तहत उक्त प्रेक्टिस को गैर कानूनी माना है। जिसके बाद न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं को संशोधित अधिनियम को चुनौती देने की स्वतंत्रता दी है।

## याचिकाकर्ता को 25 हजार रुपये अदा करे सरकार

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने पुरानी गाईड लाईन की शर्तो के अनुसार जारी टेंडर में नई गाईड लाईन की शर्ते जोड़ने के मामले को सख्ती से लिया। जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने मामले में सरकार राके नई गाईड लाईन के अनुसार टेंडर का विज्ञापन जारी करने के निर्देश दिये है। इसके साथ ही याचिकाकर्ता महिला स्व सहायता समूह को पच्चीस हजार रुपये प्रदान के आदेश भी सरकार को दिये है।

यह मामला मां जानकी स्व सहायता समूह की ओर से दायर किया गया था। जिसमें कहा गया था कि मार्च 2021 में सागर जिले में पूरक पोषण आहार की सप्लाई के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग ने विज्ञापन जारी किये थे। विज्ञापन में निर्धारित गाईड लाइन के अनुसार शर्ते निर्धारित की गई थी। याचिकाकर्ता समूह ने भी टेंडर के लिए आवेदन किया था। टेंडर प्रक्रिया के दौरान सरकार ने नई गाइड लाइन निर्धारित कर दी। याचिका में कहा गया कि टेंडर में नई गाइड लाइन की शर्ते लागू कर दी गई, जो कि अनुचित है। शर्तो में संशोधन के संबंध में संशोधित विज्ञापन का भी प्रकाशन नहीं कराया गया। याचिका पर पूर्व में सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने टेंडर प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। मामले में आगे हुई सुनवाई पर न्यायालय ने उक्त निर्देश देते हुए अपने आदेश में कहा है कि याचिका के खर्च के रूप में राज्य सरकार याचिकाकर्ता को 25 हजार रूपये 30 दिनों में प्रदान करें। यह राशि राज्य सरकार दोषी अधिकारियों से वसूल सकती है।





## थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए सभी मतदाताबंधुओं को फ्लैग मार्च निकालकर जागरूक किया

**कुंडम,देशबन्धु।** थाना प्रभारी अनूप नामदेव एवं कुंडम पुलिस स्टाफ और सीआईएस एफ सिक्योरिटी के 81 जवान फ्लैग मार्च निकालकर जनता जनार्दन जागरूकता निर्वाचन आयोग आचार संहिता के चलते कुंडम थाना प्रभारी अनूप नामदेव ने जानकारी देते हुए सभी मतदाताबंधुओं को फ्लैग मार्च निकालकर लोकतंत्र को मजबूत रखने के लिए सभी से कहा की आप लोग लोग निडर निर्भीक होकर और बिना किसी लालच के मतदान करने की अपील की जाती है आज पड़रिया खुक्कम कल्याणपुर और कुंडम नगर का भ्रमण करते हुए मतदाता बंधुओं को जागरूकता किया गया है।



## चौधरी मौहल्ला के शराब तस्कर को पुलिस ने दबोचा

पाटन देशबन्धु। पाटन थानांतर्गत चौधरी मौहल्ला से 19 पाव अवैध देशी शराब सहित आरोपी को रंगे हाथों पकड़ने का मामला सामने आया है। पुलिस के बताए अनुसार मुखबिर से सूचना मिली की एक व्यक्ति चौधरी मौहल्ला मेन सड़क पर अवैध देशी शराब बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर तत्काल पुलिस स्टाप को मुखबिर के बताए स्थान पर भेजा गया जहां पुलिस को अपनी ओर आता देख आरोपी भागने लगा. जिसे घेराबंदी करके पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम प्रदीप प्रजापति पिता गेंदालाल प्रजापति उम्र 20 वर्ष बताया। थैले की तलाशी लेने पर 19 पाव देशी शराब रखे मिला। अवैध देशी शराब जप्त करते हुए आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है।

## स्लीमनाबाद पुलिस की कार्रवाई, देशी और विदेशी शराब का जखीरा मिला

# कार में ढुल रही थी 4.95 लाख की शराब




**कटनी, देशबन्धु।** सलीमानाबाद पुलिस ने चार पहिया वाहन को जप्त कर उसके अंदर रखी लाखों रुपए की शराब बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। यह शराब चुनावी दौर में बांटने के लिए मंगवाई गई थी या फिर अवैध रूप से बिक्री करने का उद्देश्य था या अभी जांच का विषय बना हुआ है। स्लीमनाबाद थाना प्रभारी नितिन कमल को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम इमलिया में लाखों कीमत की अवैध शराब का परिवहन होने वाला है। इस सूचना पर थाना प्रभारी द्वारा तत्काल टीम के साथ मौके पर जाकर आरोपी उदयराज सिंह पिता स्व. नरेन्द्र सिंह उम्र 28 साल निवासी इमलिया थाना स्लीमनाबाद के कब्जे से मारूती कपंनी की ईको कार क्रमांक एमपी 20 सीएम 5120 में 9 पेटी देशी प्लेन एवं लाल शराब बरामद की गई। जब्त शराब की कीमत 4 लाख 95 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना लिया गया एवं आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

### सार-समाचार

## आचार संहिता के बाद आज से शुरू हो गया बुजुर्गों एवं दिव्यांग जनों का मतदान



**पनागर,देशबन्धु।** देश में इस वर्ष होने वाले पांच राज्यों के चुनाव के तहत 9 अक्टूबर को आचार संहिता लगी और 21 अक्टूबर को अधिसूचना लागू होने के साथ नामांकन भरना प्रारंभ किए गए इसी तारतम में आज 7 नवंबर से 80 साल से ऊपर उम्र के मतदाताओं एवं कर्मचारियों का मतदान चालू हो गया मतदान केंद्र ना जाना पड़े इसके लिए चुनाव आयोग ने घर-घर जाकर मत पत्रों के द्वारा चुनावी प्रक्रिया चालू की आज पनागर विधानसभा के अंतर्गत विद्यासागर वार्ड में 8 सदस्य टीम सुबह 7पहुंची अधिकारियों द्वारा नियमानुसार पूरी प्रक्रिया को किया गया एवं एवं पूर्व पार्षद श्रीमती ज्योति जैन नायक के निवास स्थान पर पहुंचकर बुजुर्ग लगभग 90 वर्षीय श्रीमती कमला नायक के घर में मतदान केंद्र बनाकर वोट डलवाया गया इसी तरह उन्होंने पनागर की अन्य बुजुर्ग और दिव्यांगजनों कि घर पहुंचने का मतदान करने का कार्य प्रारंभ किया।

## धान की फसल को बर्बाद कर रहा कंडवा रोग, किसान चिंतित

**गांधीग्राम,देशबन्धु।** वर्तमान समय में धान की फसल पककर तैयार है किसान सोच रहे हैं कि कुछ समय बाद कटाई करेंगे, परन्तु देखा जा रहा है कि धान की फसल को कंडवा नामक रोग अपेक्षाकृत नुकसान पहुंचा रहा है।ग्राम माल्हा के किसान उत्तम तिवारी, लखनलाल पटेल,डूंडी के वासुदेव मिश्रा, गांधीग्राम के प्रकाश मिश्रा, राजेश पटेल, उमाकांत पटेल, भूपेन्द्र चौरसिया, विजय चौरसिया,ने बताया कि धान के बहुत से पौधों में जहाँ जहाँ इस रोग का प्रकोप है वहाँ धान के पौधे में दाने की बजाय पाउडर निकलता देख किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं कि आखिरकार फसलों में ऐसा कौन सा रोग आ गया है जो पूरे खेत की फसल को खराब कर रहा है। इस बीमारी के फैलने से धान को नुकसान हो रहा हैं। धान के पौधों में जो स्थिति निर्मित है इसके विषय में कृषि के जानकार इसे कंडो रोग बता रहे हैं। इसका जरबदस्त प्रकोप इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों में तैयार हो रही धान की फसल में देखा जा रहा है। फसलों में लगी इस बीमारी से किसानों के हाथ में धान के एक भी दाने नहीं आते हैं, फल से लगने वाला यह रोग पहले दाने को पाउडर बनाता है और फिर पौधे में इसका प्रकोप फैलता है। पहली स्थिति में पौधा का रंग सुनहरा होता है और फिर बीमारी बढ़ने के बाद धान का पौधा भूरा हो जाता है। खेतों में धान के पौधों में जो स्थिति देखी जा रही है उससे यह स्पष्ट है कि कंडो रोग का प्रकोप धान में फैल रहा है। किसानों को यह बीमारी बर्बाद कर रही है।

## हल्दी पाउडर अमानक पाए जाने पर अमलाई के किराना स्टोर्स पर 10 हजार का जुर्माना

**अनूपपुर, देशबन्धु।** अमलाई दुर्गा मंदिर के पास स्थित किराना स्टोर्स से हल्दी पाउडर का लूज विक्रय करते पाए जाने पर तथा हल्दी पाउडर गुणवत्ता स्तर की जांच उपरांत अमानक स्तर का पाए जाने के फ्लस्वरूप न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सी.पी. पटेल ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 26 (2) सहपठित धारा 58 के तहत किराना स्टोर्स के संचालक रामचन्द्र अशोक कुमार पर 10 हजार रुपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया है। उन्होंने किराना स्टोर्स के संचालक को अर्थदंड की राशि 30 दिवस के भीतर स्टेट बैंक ऑफइंडिया शाखा अनूपपुर में ट्रेजरी चालान के माध्यम से जमा करने एवं चालान की मूलप्रति न्यायालय न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी अनूपपुर में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि यदि किराना स्टोर्स के संचालक द्वारा अर्थदण्ड जमा नहीं की जाती है, तो उक्त राशि भू-राजस्व बकाया के रूप में वसूल की जाएगी।

## भाजपा की ना और कांग्रेस की हां के बीच सिहोरा जिला मुद्दे पर चुनावी संग्राम जारी

**सिहोरा,देशबन्धु।** जहाँ अन्य विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर की बयानबाजियों की गिरफ्त में है वही सिहोरा विधानसभा चुनाव इन मुद्दों से अलग सिहोरा के सम्मान के नाम पर लड़ा जा रहा है। सिहोरा जो कभी मध्य प्रदेश की सबसे बड़ी तहसील होने का गौरव रखती थी अब वहां के वासियों ने सिहोरा जिला को सिहोरा जिला की अस्मिता के साथ जोड़ लिया है।परिणाम यह है कि अब संपूर्ण सिहोरा में संपूर्ण देश और राष्ट्र के किसी भी विषय का कोई असर होता नहीं दिख रहा है यहां अब केवल अपनी मातृभूमि सिहोरा के खोए अस्तित्व के लिए ही वोट पड़ने की संभावनाएं दिख रही है।

सिहोरा की चुनावी माहौल को देखें तो एक तरफ भाजपा राष्ट्रीय बिंदुओं को उठाकर चुनाव को मोदी शिवराज में केंद्रित करने का प्रयास कर रही है वही कांग्रेस सिहोरा को जन्मभूमि कर्मभूमि बताते हुए उसके सम्मान की रक्षा की दुहाई देती हुई दिख रही है।

**क्या है वास्तविकता**

सिहोरा के इतिहास को देखें तो सिहोरा कभी प्रदेश ही नहीं देश की सबसे बड़ी तहसील होने का गौरव रखती थी। कालांतर में बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा और मझौली के इससे विखंडित होने के कारण इसका अस्तित्व जाता रहा। तब तत्कालीन सत्ता में रही कांग्रेस ने वर्ष 2001 में सिहोरा को जिला बनाने की घोषणा की और 2003 तक जिला बनाने की संपूर्ण प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया। लेकिन 1 अक्टूबर 2003 की कैबिनेट में मंजूरी मिलने के बाद लगी विधानसभा की आचार संहिता के चलते सिहोरा जिला की अंतिम अधिसूचना जारी नहीं हो पाई और उसके बाद मध्य प्रदेश में आई भाजपा की सरकार की सरकार ने सिहोरा जिले के मुद्दे को कांग्रेस का मुद्दा मानकर सदैव इससे किनारा किया। वहीं अब सिहोरावासी मान रहे हैं कि अगर 2003 में सिहोरा जिला बन गया होता तो आज सिहोरा की स्थिति कुछ और होती।



## अवैध परिवहन करते 4 वाहन जब्त

**मण्डला,देशबन्धु।** खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए खनिज साधन विभाग द्वारा लगातार कार्यवाहियों की जा रही हैं। जिले की थाना कोतवाली मंडला तथा पुलिस चौंकी पिंडरई के अंतर्गत पिछले 3 दिनों में 2 ट्रेक्टर सहित 4 वाहनों को जब्त किया गया है। जब्त किए गए वाहनों में बिना नंबर के ट्रेक्टर इंजन ई 3716237 मय ट्राली क्रमांक एमपी 51 एए 1917 तथा बिना नंबर के ट्रेक्टर इंजन नं. ई 3720408 को जब्त किया गया है। इसी प्रकार डम्फर क्रमांक एमपी 51 जी 0286, वाहन 709 क्रमांक एमपी 51 जी 0568 को भी अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया है। संबंधित वाहनों को जब्त कर शासकीय अभिरक्षा में मध्यप्रदेश खनिज नियम अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण 2022 के तहत कलेक्टर न्यायालय को प्रेषित किया जा रहा है।

## चोरी के दोषी को 2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदंड

**मंडला,देशबन्धु।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने चोरी के दोषी को दो वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थ दंड से दंडित किया है। दोषी उस्मान खान पिता गुलाब खान आयु 27 वर्ष निवासी पुराने आरटीओ ऑफिस के सामने ज्वालाजी वार्ड महाराजपुर जिला मंडला को दोषी पाते हुए 2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

बताया गया कि फरियादी ने थाना मंडला में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह बिंझिया तिराहे के पास रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे किराए के मकान में रहती है। उसके भाई का मकान का काम चल रहा था इस कारण उनके घर का समान और उसकी भाभी के गहने व अन्य सामान उसके किराये के कमरे में रखा हुआ था। 14 जून 2018 को दोपहर 2 बजे वह मकान पर ताला लगाकर उसके गांव ढेकों चली गई थी 15 जून 2018 को उसकी पड़ोसी का फोन आया कि उसके घर पर चोरी हो गई है उसने मंडला आकर देखा तो दरवाजे का ताला टूटा था और आलमारी का लॉकर टूटा हुआ था और सामान बिखरा था। आलमारी में रखे सोने के गहने नहीं थे। कोई अज्ञात चोर उसके मकान का ताला तोड़कर चोरी कर ले गया था। रिपोर्ट पर अज्ञात अभियुक्त के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त अफरोज खान उर्फ छोटू से पूछताछ की गई जिसमें उसने अभियुक्त उस्मान के साथ चोरी करना स्वीकार किया। 26 नवंबर 2018 को अभियुक्त अफरोज से सोने का एक मंगलसूत्र, सोने के टप्स 02 नग, चांदी के पट्टे एवं अभियुक्त उस्मान से सोने का एक मंगलसूत्र एवं चांदी की एक जोड़ी पायल जप्त की गई। अभियुक्तगण को 29 नवंबर 2018 तक की पीआर लेकर 10 दिसंबर 2018 की न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। जप्तशुदा सामग्री की टंच, वजन एवं शिनाख्ती कार्रवाई की गई। संपूर्ण विवेचना के उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्क से सहमत होते विचारण उपरांत प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने दोषी उस्मान खान को दण्डित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से पैरवी सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी जीतेन्द्र सिंह के द्वारा की गई।

## मेढ़ी गांव में सड़क हादसा

# अज्ञात टैक्टर ने बाईक सवारों को कुचला,एक की मौत,साथी घायल



**पाटन,देशबन्धु।** पाटन थानांतर्गत ग्राम मेढ़ी सड़क पर अज्ञात टैक्टर ने मोटर साईकिल सवारों को रौंद दिया जिसमें एक युवक की प्राथमिक उपचार के दौरान मौत हो गई वही घटना में गम्भीर रूप से घायल युवक को जबलपुर मेडिकल अस्पताल रिफर कर दिया है।

पुलिस के बताए अनुसार भोरदा के दो युवक अपनी बाईक से मेढ़ी जा रहे थे शाम 7 बजे जैसे ही युवक मेढ़ी सड़क पर पहुंचे तभी सामने की ओर से आ रहे अज्ञात टैक्टर ने मोटर साइकिल सवारों को टक्कर मार दिया जिसमें मोटर साइकिल के परखच्चे उड़ गए वही बाईक सवारों को सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई। घटना को राह चलते लोगों ने देखा तो चीख पुकार मच गई, कई लोग रुक गए, ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से सिविल अस्पताल पाटन पहुंचाया। जहां पर साहिल चौधरी पिता राम मिलन चौधरी उम्र 21 वर्ष निवासी भोरदा को जांच के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं प्राथमिक उपचार के दौरान घायल सत्यम चौधरी पिता राम मिलन चौधरी निवासी भोरदा को जबलपुर मेडिकल कालेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात टैक्टर चालक के विरुद्ध मामला दर्ज करके वाहन की सरगर्मी से तलाश की जा रही हैं।

## घर में घुसे चीतल का शिकार करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

**अनूपपुर, देशबन्धु।** शहडोल से अमरकंटक जाने वाले मुख्य मार्ग के मध्य राजेंद्रग्राम में विधानसभा चुनाव में सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए लांघाटोला में बनाए गए सीमा बैरियल पर 4 अक्टूबर की रात एक मोटरसाइकिल में सवार दो व्यक्तियों के पास से एसएसटीटीम द्वारा बोरी में रखें वन्यप्राणी मादा चीतल के सिर एवं कच्चा मांस को जप्त कर वन विभाग को सौपे जाने पर वन विभाग की टीम द्वारा दोनों अपराधियों से पूछताछ करने पर ना बताए जाने से डीएफओ अनूपपुर के निर्देश पर संभाग मुख्यालय शहडोल से बुलाए गए डांग स्कार्ट के डांग जिमी ने एक बार फिर से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए शिकार के आरोपियों के आधार पर खोजबीन करते हुए शिकार किए गए मादा चीतल के अंगों वा अन्य अवशेषों को बरामद किया गया। जिस पर एक आरोपी को न्यायालय एवं एक नाबालिग को किशोर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जबकि घटना के बाद से दो आरोपी फरार हैं।

जानकारी के अनुसार वन चौकी किरर अंतर्गत किरर बीट के सजहा टोला निवासी हेम सिंह बंजारा पिता प्रेम सिंह बंजारा का मकान जिसके तीन ओर जंगल स्थित है में पालतू कुत्तों द्वारा 4




अक्टूबर की शाम एक मादा चीतल को पकड़ने के दौड़ाया गया। जिस पर अपनी जान बचाकर चीतल भागता हुआ हेम सिंह बंजारा के गौशाला में पहुंच गया। जिस पर मौके का फायदा उठाते हुए हेम सिंह एवं उनके दो अन्य साथियों द्वारा मादा चीतल का गला दबाकर उसे मार डाला और उसके शरीर के अंगों को काटकर आपस में बांट लिया। इस दौरान आरोपी होम सिंह बंजारा अपने भाई के 14 वर्ष उम्र के बालक को अपने हिस्से के मांस एवं मृत चीतल के काटे गये सिर को बोरी में रखकर अपनी मोटर साईकिल क्रमांक एमपी 65 जेडए 0476 से अपने ससुराल राजेंद्रग्राम थाना अंतर्गत ग्राम लपटी ले जा रहा था, जहां लांघाटोला बैरियर में 4 अक्टूबर की रात 8 बजे तलाशी के दौरान उसे एसएसटी टीम द्वारा पकड़ते हुए वन विभाग को सौपा गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों द्वारा स्पष्ट जानकारी न दी जा रही थी, जिस पर वन मंडलाधिकारी एस.के. प्रजापति के निर्देश पर शहडोल से डांग स्कॉर्ट बुलाया गया, जिसके द्वारा रविवार को प्रदीप कुमार खत्री उप वन मंडलाधिकारी अनूपपुर के नेतृत्व में वन अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ डॉग जिमी के माध्यम से घटनास्थल हेम सिंह बंजारा के गौशाला के रूप में की गई तथा खेत में लगे अरहर के पौधों के बीच चीतल को काटे जाने पर जमीन में सूखे खून के निशान के साथ नाला के पास से मादा चीतल के अन्य अवशेषो को बरामद किया गया तथा वन विभाग ने प्रारंभिक कार्यवाही करते हुए आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत करने तथा न्यायालय की आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया, जबकि नाबालिग को किशोर न्याय बोर्ड न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस दौरान शिकार के दो आरोपी भागने में सफल रहे हैं, जिनकी खोजबीन की जा रही है।

## उज्बेकिस्तान में भूकंप के मध्यम तीव्रता के झटके

**ताशकंद।** उज्बेकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी इलाके में रविवार को भूकंप के मध्यम तीव्रता के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.0 मापी गयी। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने यह जानकारी दी। भूकंप के झटके 22.57 जीएमटी पर महसूस किए गए। इस हादसे में किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।

# अमेरिका क्यों कर रहा गाजा में सीजफायर से इनकार?

**नई दिल्ली।** इजरायल-हमास की जंग एक महीने से भी ज्यादा समय से जारी है। इस बीच कई देशों ने गाजा पट्टी में इजरायल के हमलों को रोकने और वहां सीजफायर का आह्वान किया है। दूसरी तरफ, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में सामरिक विराम की संभावना पर चर्चा की है।

बाइडेन प्रशासन का कहना है कि मौजूदा इजरायल-हमास जंग में सामान्य युद्धविराम उचित कदम नहीं होगा। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन और पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने लड़ाई में सामरिक विराम की संभावना पर चर्चा की है। व्हाइट हाउस के मुताबिक, अमेरिका और इजरायल की सरकारें मानवीय कारणों से युद्ध में संभावित रुकावटों और बंधकों की संभावित रिहाई लिए संपर्क में बनी रहेंगी।

**युद्ध विराम और मानवीय संघर्ष विराम में क्या अंतर?** - युद्ध विराम या संघर्ष विराम एक ऐसी स्थिति है, जिसमें दो पक्षों या समूहों के बीच एक दूसरे से लड़ाई न करने का समझौता होता है। मौजूदा समय में इजरायल और हमास को लड़ाई रोकने के लिए एक औपचारिक, राजनीतिक समझौते पर आने की जरूरत होगी। इसमें गाजा से इजरायली सैनिकों की वापसी और संभवत: हमास द्वारा अपने सभी बंधकों को रिहा करने की प्रतिज्ञा शामिल होगी। युद्ध विराम इसरायल और फिलिस्तीनी क्षेत्रों के पूरे भौगोलिक क्षेत्र को कवर करेगा। उसमें केवल एक विशेष क्षेत्र की चर्चा नहीं हो सकती। इसे अक्सर युद्ध विराम के पर्यायवाची के रूप में प्रयोग किया जाता है। हालाँकि, यह युद्ध विराम की तुलना में कम प्रचलित और कम मायने रखता है। इसके तहत दोनों पक्षों के बीच कोई राजनीतिक समझौता नहीं होता है । शत्रुता की समाप्ति में सिर्फ उद्देश्यों, समय सीमा और निगरानी समाहित होती है।

**मानवीय संघर्ष विराम** - यह पूर्ण युद्ध विराम नहीं है बल्कि युद्धग्रस्त इलाके में मानवीय सहायता पहुंचाने की अनुमति देने के लिए युद्ध पर एक अस्थायी रोक है। इसके तहत जरूरतमंदों या अत्यधिक खतरनाक स्थिति में रह रहे लोगों को एन्क्लेव से बाहर जाने के लिए सुरक्षित मार्ग देना है। मानवीय ठहराव पूरे युद्ध क्षेत्र में नहीं होता बल्कि इसे किसी एक छोटे क्षेत्र तक ही सीमित किया जा सकता है।

ये अक्सर छोटे होते हैं। कभी-कभी केवल कुछ घंटों के लिए ही मानवीय संघर्ष विराम की घोषणा होती है। संयुक्त राष्ट्र इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम का सर्वसम्मत प्रस्ताव अपनाने में विफल रहा है। अब तक सिर्फ तत्काल मानवीय संघर्ष विराम, जिससे शत्रुता समाप्त हो सके, पर ही यूएन सहमत हो पाया है।

इतना ही नहीं, 7 अक्टूबर को इजरायल पर हुए हमास के आतंकी हमले की निंदा करने के लिए सभी सदस्य देशों को राजी करने में भी संयुक्त राष्ट्र विफल रहा है।

## आज का इतिहास

1627-मुगल शासक जहांगीर का निधन।
1829-ईस्ट इंडिया कंपनी के गवर्नर जनरल लॉर्ड विलियम बेंटिक ने सती प्रथा खत्म करने की पहल की।
1920: भारत की प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना सितारा देवी का जन्म।
1922-दक्षिण अफ्रीकी सर्जन क्रिश्चियन बर्नार्ड का जन्म हुआ।
1927-प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ लालकृष्ण आडवाणी का जन्म हुआ।
1929: भारत के पूर्व उपप्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी का जन्म।
1939: एडोल्फ हिटलर की हत्या के लिए टाइम-बम लगाया था। किस्मत से हिटलर बच गया।
1945 -हांगकांग में नौका दुर्घटना में 1550 लोगों की मौत हुई।
1956: संयुक्त राष्ट्र ने सोवियत संघ से यूरोपीय देश हंगरी से हटने की अपील की।
1957-ब्रिटेन ने क्रिसमस द्वीप समूह के समीप परमाणु परीक्षण किया।
1959-प्रसिद्ध साहित्यकार लोचन प्रसाद पाण्डेय का निधन हुआ।
1967-अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।

## गाजा की त्रासदी पर दया या ध्रुवीकरण

# कौन-कौन देश कर रहे सीजफायर का समर्थन, भारत का रुख क्या?

**तेलअवीव।** इजराइल-हमास जंग के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ईरान के राष्ट्रपति सैयद इब्राहिम रईसी ने सोमवार को फोन पर बात की। इस दौरान ईरान के राष्ट्रपति ने भारत से गाजा में चल रहे युद्ध में इजरायली कार्रवाई रोकने के लिए पूरी क्षमता का उपयोग करने का आग्रह किया। ईरानी राष्ट्रपति ने पीएम मोदी से कहा कि तेहरान तत्काल युद्ध विराम के लिए किसी भी वैश्विक संयुक्त प्रयास का समर्थन करता है। उनके साथ बातचीत में पीएम मोदी ने इजरायल-फिलीस्तीन मुद्दे पर भारत के पुराने और सुसंगत रुख को दोहराया। पीएमओ के एक बयान में कहा गया है कि दोनों पक्ष क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और स्थिरता में साझा हित को देखते हुए संपर्क में बने रहने पर सहमत हुए।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर कहा, पश्चिम एशिया की कठिन स्थिति और इजराइल-हमास संघर्ष पर ईरान के राष्ट्रपति रईसी के साथ दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान किया। आतंकवादी घटनाएं, हिंसा और नागरिकों की मौत गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, तनाव बढ़ने से रोकना, निरंतर मानवीय सहायता सुनिश्चित करना और शांति एवं स्थिरता की शीघ्र बहाली महत्वपूर्ण है। चाबहार बंदरगाह सहित हमारे द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति का स्वागत किया।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी गाजा में सामरिक विराम की संभावना पर चर्चा की है। इस बीच कई देशों ने गाजा में सीजफायर की मांग की है। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र में इससे जुड़ा प्रस्ताव पास नहीं हो सका है। संयुक्त राष्ट्र अब तक सिर्फ तत्काल मानवीय संघर्ष विराम, जिससे शत्रुता समाप्त हो सके, पर ही सहमत हो पाया है। भारत ने भी इस पर अपनी सहमति दी है।

### कौन-कौन से देश किस तरफ?

संयुक्त राष्ट्र के उन सदस्य देशों में से एक है, जिसने युद्ध विराम के प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया है। इजरायल-हमास जंग शुरू होने के बाद राष्ट्रपति जो बाइडेन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन दोनों ने ही इजरायल का दौरा किया है और बार-बार इजरायल के खुद की रक्षा करने के अधिकार की वकालत की है। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा है कि जब तक हमास सभी इजरायली बंधकों को रिहा नहीं कर देता, तब तक वह युद्धविराम का समर्थन नहीं कर सकता।

## अगला प्रधानमंत्री लाहौर से नहीं होगा, बिलावल भुट्टो ने क्यों कहा ऐसा



**इस्लामाबाद।** पड़ोसी देश पाकिस्तान में लंबी उठा-पटक के बाद अब चुनाव की तारीखों पर फैसला हो चुका है। 8 फरवरी को पाकिस्तान में संसदीय चुनाव कराए जाएंगे। इस बीच, हाल के दिनों तक सत्ता में साझीदार रहे पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के बीच तालमेल बिगड़ गया है। पीएमएन-एन के सर्वोच्च नेता नवाज शरीफ और नेता आसिफ अली जरदारी के बीच कथित बातचीत बेपटरी हो गई है। दोनों पूर्व सहयोगी आगामी चुनावों में तालमेल करने में विफल रहे हैं और दोनों ही अपने-अपने दावों पर अड़ गए हैं। इस बीच, सोमवार को अलग-अलग बयानों में, पीपीपी प्रमुख बिलावल भुट्टो-जरदारी और उनके पिता आसिफ अली जरदारी ने आगामी चुनावों में पार्टी की जीत का दावा किया और परोक्ष रूप से नवाज शरीफ पर हमला बोलते हुए कहा कि अगला प्रधान मंत्री लाहौर से नहीं होगा। बता दें कि नवाज शरीफ पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री हैं जो लाहौर के रहने वाले हैं। पत्रकारों से बात करते हुए भुट्टो और जरदारी ने पीपीपी और पीएमएल-एन के बीच के उस टेलीफोनिक संपर्क को अधिक महत्व नहीं दिया, जिसकी चर्चा सोमवार को पाक मीडिया में हो रही थी। बिलावल भुट्टो ने कहा कि 21 अक्टूबर को जब शरीफ पाकिस्तान वापस आए, तभी उन्होंने उनके पिता से संपर्क किया था। हालांकि, बिलावल ने कहा कि दोनों के बीच यह कोई पहली बातचीत नहीं है। पहले भी दोनों के बीच टेलीफोनिक बातचीत होती रही है।

## सुडोकू 6370

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 8 | 6 | | | | | |
| | | 9 | 2 | 1 | | | 6 | |
| 2 | | | | | 8 | | 4 | |
| | | | 9 | | | 8 | | 6 |
| | | | | | | | | |
| 8 | | 4 | | | 2 | | | |
| | 7 | | 8 | | | | | 3 |
| | 3 | | | 7 | 5 | 9 | | |
| | | | | | 3 | 6 | | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## देश से झूठ बोल रही पाकिस्तानी सेना, एयरबेस हमले में मारे गए 35 सैनिक, 14 विमान भी खाक

**इस्लामाबाद।** हाल ही में पाकिस्तानी वायुसेना के अड्डे पर एक बड़ा आतंकवादी हमला हुआ था। कई घंटों तक चले इस हमले में पाकिस्तान को जान-माल का भारी नुकसान हुआ लेकिन उसने ये बाद अपने ही देश के लोगों से छिपाई। दरअसल इस साल की शुरुआत में उभरे तहरीक-ए-जिहाद पाकिस्तान ने पूर्वी पंजाब प्रांत के शहर मियांवाली में शनिवार को हुए इस हमले की जिम्मेदारी ली है। वहीं पाकिस्तानी सेना ने दावा किया कि उसने सभी 9 आतंकवादियों को मार गिराया। इसने ये भी कहा कि एयरबेस पर खड़ा एक विमान क्षतिग्रस्त हुआ है और ये विमान पहले ही सर्विस से बाहर किया जा चुका है। अब एक पाकिस्तानी पत्रकार ने दावा किया है कि उस हमले में 35 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए। द प्रिंट के लिए लिखे एक लेख में पाकिस्तानी पत्रकार आयशा सिद्दीकी ने कहा कि पाकिस्तान के सुरक्षा प्रतिष्ठान ने सोचा कि उसे आतंकवाद के खतरे से छुटकारा मिल गया है। लेकिन शुक्रवार, 3 नवंबर को पता चला कि वे गलत थे। पंजाब के मियांवाली स्थित एमएम आलम एयर बेस पर हुए हमले ने देश को झकझोर कर रख दिया है।

## ज़ेलेंस्की ने ट्रंप के युद्ध ख़त्म करने के दावे पर उठाए सवाल

**कीव, (आईएएनएस)!** यूक्रेन के राष्ट्रपति ब्लादिमिर ज़ेलेंस्की ने डोनाल्ड ट्रम्प के इस दावे पर सवाल उठाया है कि अगर वह 2024 में फिर से चुने जाते हैं, तो वह 24 घंटे के भीतर कीव के खिलाफ रूस के युद्ध को समाप्त कर सकते हैं। एनबीसी न्यूज के साथ एक साक्षात्कार के दौरान, ज़ेलेंस्की ने फरवरी 2022 में रूस के आक्रमण के बाद से हुई तबाही के पैमाने को देखने के लिए ट्रम्प को यूक्रेन में आमंत्रित किया। सीएनएन ने साक्षात्कार में यूक्रेनी नेता के हवाले से कहा,अगर वह यहां आ सकते हैं, तो मुझे राष्ट्पति ट्रम्प को यह समझाने के लिए 24 मिनट की आवश्यकता होगी - हां, 24 मिनट... कि वह इस युद्ध का प्रबंधन नहीं कर सकते। वह पुतिन के कारण शांति नहीं ला सकते। मई में सीएनएन से बात करते हुए, पूर्व राष्ट्पति ने दावा किया था कि यदि 24 फरवरी, 2022 को रूस का पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू हुआ, अगर वह राष्ट्रपति होते तो युद्ध नहीं होता और यदि वह राष्ट्रपति दोबारा चुने गए तो एक दिन में ही संघर्ष को सुलझा सकते हैं। उन्होंने सीएनएन को बताया,अगर मैं राष्ट्रपति हूं, तो मैं उस युद्ध को एक दिन, 24 घंटों में निपटा दूंगा।

## कनाडाई सिख कवयित्री रूपी कौर ने गाजा मामले को लेकर बाइडेन प्रशासन के दिवाली निमंत्रण को किया अस्वीकार



**न्यूयॉर्क, (आईएएनएस)।** भारतीय-कनाडाई सिख कवयित्री रूपी कौर ने गाजा की स्थिति पर अपनी प्रतिक्रिया को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन की ओर से बुधवार को दिवाली कार्यक्रम के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया। 31 वर्षीय कौर ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में लिखा,मैं ऐसी संस्था के किसी भी निमंत्रण को अस्वीकार करती हूं जो फंसे हुए नागरिक आबादी को सामूहिक सजा देने का समर्थन करती है - जिनमें से 50 प्रतिशत बच्चे हैं। मिल्क एंड हनी की लेखक ने कहा, मुझे आश्चर्य है कि इस प्रशासन को दिवाली मनाना स्वीकार्य लगता है, जबकि फिलिस्तीनियों के खिलाफ मौजूदा अत्याचारों का उनका समर्थन हममें से कई लोगों के लिए इस छुट्टी के अर्थ के बिल्कुल विपरीत दर्शाता है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि फिलिस्तीनियों के मरने की संख्या 10,000 से अधिक हो गई है, इसमें 4,104 बच्चे भी शामिल हैं, घिरे हुए क्षेत्र में युद्धविराम के कोई संकेत नहीं हैं। इसके अलावा, गाजा के 35 अस्पतालों में से 16 में ईंधन की आपूर्ति कम होने के कारण उन्हें संचालन निलंबित करने के लिए मजबूर किया गया है, और संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, 1.5 मिलियन से अधिक लोग - गाजा की आधी से अधिक आबादी विस्थापित हो गई है। कौर ने अमेरिका में अन्य दक्षिण एशियाई लोगों से भी ऐसा करने और नागरिकों की बढ़ती मौत के मद्देनजर बााइडेन प्रशासन को जवाबदेह ठहराने का आग्रह किया।

मैं अपने दक्षिण एशियाई समुदाय से इस प्रशासन को जवाबदेह ठहराने का आग्रह करती हूं। एक सिख महिला के रूप में, मैं इस प्रशासन के कार्यों को सही नहीं ठहरा सकती। जो अपने माता-पिता के साथ चार साल की उम्र में पंजाब से कनाडा आ गईं कौर ने कहा- हमें उनके फोटो-ऑप्स द्वारा चिह्नित नहीं किया जाना चाहिए। जब सरकार के कार्य दुनिया में कहीं भी लोगों को अमानवीय बनाते हैं, तो यह आह्वान करना हमारी नैतिक अनिवार्यता है।


## इराक व सीरिया में तीन नवंबर से अब तक अमेरिकी सेना पर आठ बार हुए हमले

**वाशिंगटन, (आईएएनएस)।** इराक और सीरिया में तैनात अमेरिकी बलों पर तीन नवंबर के बाद से आठ बार हमला किया गया है। मंगलवार को एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। सीएनएन की रिपोर्ट में कहा गया है कि गाजा में चल रहे इजरायल-हमास युद्ध के बीच सेनाओं पर हमले बढ़ गए हैं, लेकिन अमेरिकी अधिकारियों ने सीधे तौर पर चल रहे संघर्ष पर उन्हें दोषी नहीं ठहराया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, हमलों ने बड़े पैमाने पर अल-असद एयरबेस, इराक और अल-तनफ गैरीसन, सीरिया को निशाना बनाया है, साथ ही सीरिया में मिशन सपोर्ट साइट ग्रीन विलेज के पास कुछ अन्य को निशाना बनाया गया है। एक अमेरिकी अधिकारी ने सोमवार को एक अपडेट में कहा कि 3 नवंबर की दोपहर को सीरिया के शादादी के पास एकतरफा हमला करने वाले ड्रोन को मार गिराया गया, इसमें किसी के हताहत होने या बुनियादी ढांचे को नुकसान की सूचना नहीं है।

अगली सुबह, शद्दादी के पास एक और एकतरफा हमला करने वाले ड्रोन को मार गिराया गया। 5 नवंबर को रिपोर्ट की गई पांच घटनाएं सीरिया के टाल बेदार के पास हुईं। अल-असद पर एक हमले में कई एकतरफा हमले वाले ड्रोन के साथ एक मल्टी-रॉकेट हमला भी शामिल था।

सोमवार सुबह सीरिया के टाल बेदार के पास एक और एकतरफा हमला करने वाले ड्रोन को मार गिराया गया। सीएनएन ने अधिकारी के हवाले से बताया कि सप्ताहांत में किसी भी हमले में कोई हताहत नहीं हुआ या बुनियादी ढांचे को कोई नुकसान नहीं हुआ।

## वर्ग पहेली 6370




**बायें से दायें:-**

१. तमिलनाडु में बहुचर्चित सांड को नियंत्रित करने का प्रदर्शन जिसे बाद में बंद कर दिया गया
३. पत्नी
५. विरोधी, दूसरे पक्ष का
६. कुल, वंश
७. कंगाल, खाली हाथ
९. स्वर्ग (उर्दू)
११. अपने श्रम का प्रतिफल लेने वाला, तनख्वाह लेने वाला
१२. प्रगति करना
१३. लिए, हेतु, कारम
१४. श्रीराम, सियाराम
१६. मैला, गंदा
१८. शरणागत
२०. बाइज्जत
२१. मुसलमानों का एक पवित्र महिना
२3. सुल्तान, सम्राट

**ऊपर से नीचे:-**

१. भीड़, मजमा
२. जिसकी कल्पना न की जा सके
३. लिखित, लिपिबद्ध
४. जेब, पॉकिट, गांठ
५. अलग-अलग खंडों में बांटने वाला विभक्त करने वाला
८. अनिमेष दृष्टि
१०. कानूनी तौर पर या नियमत:
११. प्रारब्ध, भाग्य
१२. बढ़िया, उम्दा, श्रेष्ठ
१३. दक्ष, कुशल
१४. भोलापन
१५. चरणरज
१७. अतएव (उर्दू)
१८. शौर्य, तेज
१९. भांति, भेद
२२. गगन

### वर्ग पहेली-6369



यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

**सर्वे** *पांच राज्यों के विस चुनावों को लेकर सीवोटर सर्वे में खुलासा*

# मौजूदा विधायकों, सरकारों के खिलाफ जनता में काफी रोष

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)। पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के मौजूदा दौर के लिए सीवोटर द्वारा किए गए एक विशेष जनमत सर्वेक्षण से पता चलता है कि पांचों राज्यों में मौजूदा विधायकों और सरकारों के खिलाफ उच्च स्तर का असंतोष और गुस्सा है। हालांकि उच्च स्तर का गुस्सा अक्सर मौजूदा विधायकों के साथ-साथ राज्य सरकारों** के लिए भी चुनावी नुकसान का कारण बनता है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में हुए विधानसभा चुनावों से पता चलता है कि हमेशा ऐसा नहीं होता।

सर्वे के मुताबिक, मिजोरम में मौजूदा विधायकों के खिलाफ मतदाताओं का गुस्सा सबसे कम है और महज 22 फीसदी लोगों का मानना है कि वे नाराज हैं और विधायक बदलना चाहते हैं। सर्वे से पता चलता है कि संभावित मतदाताओं के एक बड़े समूह ने पहले ही अपना मन बना लिया है कि विधानसभा चुनावों में किसे वोट देना है। एकमात्र राज्य जहां वोटों के एक बड़े हिस्से ने अपना मन नहीं बनाया है, वह है मिजोरम। ओपिनियन पोल से सामने आए आंकड़ों के विश्लेषण के मुताबिक, फैसला ले चुके



वोटरों का सबसे ज्यादा हिस्सा मध्य प्रदेश (76.6 फीसदी) में है। सबसे कम अनुपात छोटे पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम (44.1 प्रतिशत) में देखा गया है। विधायकों के खिलाफ सबसे ज्यादा गुस्सा तेलंगाना में दिख रहा है जहां 53 फीसदी मतदाताओं ने विधायक बदलने का फैसला कर लिया है। अन्य तीन राज्यों के लिए संबंधित आंकड़े हैं।

- **मिजोरम में मौजूदा विधायकों के खिलाफ मतदाताओं का गुस्सा सबसे कम**
- **वोटरों के बीच सबसे ज्यादा 57 फीसदी असंतोष तेलंगाना में**

छत्तीसगढ़ (46.1 प्रतिशत), राजस्थान (46 प्रतिशत) और मध्य प्रदेश (44.5 प्रतिशत)।

हाल के दिनों में विधानसभा चुनावों में यह देखा गया है कि सत्ताधारी दलों के खिलाफ काफी हद तक सत्ता विरोधी लहर होती है, और जब मौजूदा विधायक जिनके बारे में माना जाता है कि उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्रों में अच्छा काम नहीं किया है, उन्हें उम्मीदवारों की सूची से हटा दिया जाता है। ज्यादातर राज्यों में सत्ताधारी सरकारों के खिलाफ गुस्सा काफी ज्यादा नजर आ रहा है।


वोटरों के बीच सबसे ज्यादा 57 फीसदी असंतोष तेलंगाना में देखा गया है। सबसे कम असंतोष का स्तर छत्तीसगढ़ में 48.5 प्रतिशत देखा गया है जो अपने आप में एक उच्च प्रतिशत है। अन्य राज्यों में असंतोष का स्तर इस प्रकार है।

मध्य प्रदेश (55.4 प्रतिशत), मिजोरम (50 प्रतिशत) और राजस्थान (49.2 प्रतिशत)। कुल मिलाकर, सीवोटर के सदस्यों ने पांच राज्यों में लगभग 63,000 पंजीकृत मतदाताओं का साक्षात्कार किया। त्रुटि की संभावना तीन प्रतिशत है।

# खेल जगत

## स्वीयाटेक ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स जीता और फिर बनी नंबर एक

**मैक्सिको।** पोलैंड की इगा स्वीयाटेक ने सोमवार को संयुक्त राज्य अमेरिका की जेसिका पेगुला को 6-1, 6-0 से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स का खिताब अपने नाम कर लिया और अपनी विश्व नंबर 1 रैंकिंग फिर से हासिल कर ली। दूसरी वरीयता प्राप्त स्वीयाटेक ने पेगुला की सर्विस पांच बार तोड़ी और 59 मिनट के संघर्ष में अंतिम 11 गेम जीते। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 22 वर्षीय खिलाड़ी ने इस सीज़न में अपने करियर के कुल 17 खिताबों में से छह जीते और लगातार दूसरे साल विश्व नंबर 1 बनीं। स्वीयाटेक ने मैच के बाद कहा, जो टीम पूरे सीज़न मेरे साथ रही, उसमें हमारे साथ कई उतार-चढ़ाव आए। यह निश्चित रूप से एक उतार-चढ़ाव है। अगर हम इसी तरह काम करते रहे तो हमारे पास निश्चित रूप से और भी बहुत कुछ होगा। पेगुला ने कहा, वह स्पष्ट रूप से वास्तव में वह रैंकिंग चाहती थी। मेरा मतलब है, जिस तरह से वह यहां प्रतिस्पर्धा कर रही थी।



# मैक्सवेल की डबल सेंचुरी से जीता ऑस्ट्रेलिया



**मुंबई।** अफगानिस्तान ने वनडे वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया को 292 रन का टारगेट दिया है। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 43 ओवर में 7 विकेट पर 245 रन बना लिए हैं। ग्लेन मैक्सवेल और कप्तान पैट कमिंस क्रीज पर हैं। दोनों के बीच 140+ की पार्टनरशिप हो चुकी है। ग्लेन मैक्सवेल ने वर्ल्ड कप में पहला दोहरा शतक जमाया।

इस जो?ी ने आखिरी 3 विकेट पर वर्ल्ड कप की सबसे ब?ी साझेदारी की। इस जो?ी ने कपिल देव और सैय्यर किरमानी का 1983 वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ बना रिकॉर्ड तो?ा। मिचेल स्टार्क 3 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें राशिद खान ने विकेटकीपर इकराम अलीखिल के हाथों कैच कराया। यह राशिद का दूसरा विकेट है। उन्होंने मार्कस स्टोयनिस (6 रन) को भी आउट किया।

मार्नस लाबुशेन 14 के स्कोर पर रनआउट हुए। उन्हें रहमत शाह ने डायरेक्ट थ्रो पर रनआउट किया। अजमतुल्लाह ओमरजई ने 9वें ओवर की लगातार गेंदों पर 2 विकेट लिए। उन्होंने डेविड वॉर्नर (18 रन) को बोल्ड और जोश इंग्लिस (0 रन) को कैच आउट कराया। इनसे पहले नवीन उल हक ने ट्रैविस हेड (0 रन) और मिचेल मार्श (24 रन) को आउट किया। नवीन ने मार्श को ख्ख्ड्ढ किया, वहीं हेड कॉट बिहाइंड हुए।

अफगानिस्तान-ऑस्ट्रेलिया मैच का स्कोरकार्ड

ऑस्ट्रेलिया ने पावरप्ले-1 में 4 विकेट गंवाए

292 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी कंगारू टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने दूसरे ही ओवर में 4 रन के स्कोर पर ट्रैविस हेड का विकेट गंवा दिया। यहां से मिचेल मार्श और डेविड वॉर्नर ने पारी संभाली। मार्श तेज खेल रहे थे लेकिन छठे ओवर में वह भी नवीन-उल-हक का शिकार हो गए। 9वें ओवर में तेज गेंदबाज अजमतुल्लाह ओमरजई ने लगातार गेंदों पर डेविड वॉर्नर को बोल्ड और जोश इंग्लिस को स्लिप में कैच करा दिया।

ऑस्ट्रेलिया पावरप्ले-1 के 10 ओवर में 4 विकेट खोकर 52 रन ही बना सका। टीम से वॉर्नर ने 18 और मार्श ने 24 रन बनाए। वहीं हेड और इंग्लिस तो खाता भी नहीं खोल सके।

अफगानिस्तान ने वर्ल्ड कप में अपना सबसे ब?ा स्कोर बनाया

अफगानिस्तान ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 5 विकेट पर 291 रन बनाए। टीम से ओपनर इब्राहिम जादरान (129 रन) ने शतकीय पारी खेली। उन्होंने वर्ल्ड कप का पहला और वनडे करियर का चौथा शतक जमाया। वे वर्ल्ड कप में शतक जमाने वाले पहले अफगान बैटर भी बने। आखिर में राशिद खान ने 18 बॉल पर 194.44 के स्ट्राइक रेट से 35 रन की पारी खेली। उन्होंने जादरान के साथ 28 बॉल पर नाबाद 58 रन जो?े।

ऑस्ट्रेलिया टीम से जोश हेजलवुड ने 2 विकेट लिए। मिचेल स्टार्क, ग्लेन मैक्सवेल और एडम जम्पा को एक-एक विकेट मिला।

**राशिद ने 18 बॉल पर 35 बनाए**

अफगानी बल्लेबाजों ने डेथ ओवर में शानदार बल्लेबाजी की। टीम ने आखिर के 10 ओवर में 2 विकेट पर 96 रन बनाए। इन रनों की मदद से टीम 292 रन का टारगेट सेट करने में कामयाब रही। राशिद खान ने 18 बॉल पर 35 रन की विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने जादरान के साथ 28 बॉल पर नाबाद 58 रन की पार्टनरशिप की। इससे पहले जादरान ने 131 बॉल पर अपना और टीम का पहला वर्ल्ड कप शतक पूरा किया।

**मिडिल ओवर में अफगानिस्तान की टिकाऊ और धीमी बल्लेबाजी**

11 से 40 ओवर के बीच में अफगानिस्तान ने महज 2 विकेट गंवाए। ओपनर इब्राहिम जादरान ने टिकाऊ पारी खेली। उन्होंने रहमत शाह और कप्तान हशमतुल्लाह शहीदी के साथ अर्धशतकीय साझेदारियां कीं। इन साझेदारियों के दम पर टीम ने बीच के ओवर्स में 149 रन बनाने में 2 विकेट गंवाए।

## वन डे विश्व कप में पहला शतक बनाना बेहतरीन अहसास : जादरान

अफगानिस्तान के लिए वन डे विश्व कप में पहला शतक जड़ना बेहतरीन अहसास है। मैंने इस टूर्नामेंट के लिए बेहद कड़ी मेहनत की। मैं पाकिस्तान के खिलाफ शतक पूरा करने से चूक गया थाा लेकिन मैंने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिर विश्व कप में शतक बनाने की मेरी हसरत पूरी हो गई। मैंने कोचिंग स्टाफ से बातचीत की और उनसे कहा कि मुझे लग रहा है कि मैं अगले दो तीन मैचों में अपना शतक पूरा कर लूंगा। पिच अच्छी रही और गेंद बल्ले पर आ रही थी। मैंने महसूस किया कि यदि हम अच्छी भागीदारियां करने के साथ विकेट बचा कर रखेंगे तो हम 330 रन तक बना सकते हैं लेकिन हमने कुछ विकेट गंवा दिए और जैसी बढिया भागीदारियां चाहते थे वैसी नहीं कर पाए। पारी के आखिर में राशिद भई बहुत बढिया खेले। हमारे पास हर प्रतिद्वंद्वी के लिए योजना है और हमारा लक्ष्य ऐसा बड़ा स्कोर बनाना था। मंगलवार के मैच से पहले मेरी सचिन तेंदुकर के साथ बढिया बातचीत हुई और उन्होंने हमारे साथ अपना अनुभव साझा किया। मैंने मंगलवार के मैच से पहले कहा था कि मैं सचिन तेंदुलकर की तरह बल्लेबाजी करूंगा और इससे मुझे बहुत उर्जा और आत्मविश्वास मिला।


इंडियन बैंक Indian Bank

इलाहाबाद ALLAHABAD

**कब्जा नोटिस (अचल सम्पत्ति के लिए)**

(Under Rule-8(1) of Security Interest (Enforcement) Rules- 2002)

सेक्यूरीटाइजेशन एण्ड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेनशियल असेटेस एण्ड एनफोर्समेंट ऑफ सेक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के नियम– 8 और 9 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत् प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत् इंडियन बैंक (ई–इलाहाबाद बैंक) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित उधारकर्ता/जमानतदार को डिमांड नोटिस, नोटिस में दर्शाई राशि, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया।

उधारकर्ता द्वारा राशि अदायगी में असफल रहने पर एतद् द्वारा उधारकर्ता और जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम के नियम– 8 और 9 के साथ पठित उक्त एक्ट के द्वारा 13(4) के तहत् उन्हें प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा निम्नांकित दिनांक को ले लिया है।

विशेष रूप से निम्नलिखित उधारकर्ता/जमानतदार और सामान्य रूप से जनता को एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि इस सम्पत्ति से संबंधित कोई लेन–देन नहीं करें और निम्नलिखित सम्पत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन–देन इस पर वर्णित बकाया राशि के लिए इंडियन बैंक (ई–इलाहाबाद बैंक) की संबंधित शाखा के निर्मित प्रभार के अध्याधीन होगा।

| क्र. | शाखा का नाम | ऋणी एवं बंधककर्ता एवं जमानतदार का नाम एवं पता | संपत्ति का विवरण | मांग सूचना का दिनांक | कब्जा दिनांक | देय राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीधी | **ऋणी– (1) श्रीमति राजकुमारी चौरसिया पत्नि श्री राम नरेश चौरसिया** **सह– ऋणी– श्री राम नरेश चौरसिया पिता श्री रामानुज चौरसिया,** शास्त्री नगर, करौंदिया टोला, सीधी– 486661 | सम्पत्ति के सभी भू– भाग डायवर्टेड भूमि एवं बिल्डिंग, सम्पत्ति स्वामी– श्रीमति राजकुमारी चौरसिया पत्नि श्री राम नरेश चौरसिया, स्थित खसरा नं. 829/1/22, एरिया– 3000 वर्गफुट, मौजा– नौधिया, प.ह.नं.– 48, आर.आई. सर्किल– सीधी ग्रिड II, तहसील– गोपद बनास, जिला– सीधा, (सेल डीड नं. 520 दिनांक 26.05.2014)। चतुर्सीमाः उत्तर– पंचायत बिल्डिंग, दक्षिण– दीपंकर सिंह की भूमि, पूर्व– उमेश सिंह की भूमि, पश्चिम– 10 फुट रोड। | 10/05/2023 | 04/11/2023 | रू. 10,37,080/- + बाद का ब्याज और अन्य व्यय |
| 2 | रीवा मेन | **ऋणी/बंधककर्ता– श्री उमेश कुमार गुप्ता पिता श्री मोतीलाल गुप्ता,** वार्ड नं. 43, बर्धवान (चिरहुला), रीवा (म.प्र.)– 486001 **जमानतदार– (2) श्री सतीश कुमार पाण्डे, पिता श्री संतोष कुमार पाण्डे,** चिरहुला मंदिर, रीवा (म.प्र.)– 486001 | सम्पत्ति के सभी भू– भाग डायवर्टेड भूमि, सम्पत्ति स्वामी– श्री उमेश कुमार गुप्ता, स्थित खसरा नं. 478/1/2/11 साथ में खसरा नं. 478/2/क एवं 479/2/क, एरिया– 20–59= 1180 वर्गफुट स्थित ग्राम– बर्धोन 415, पटवारी हल्का– चिरहुला, आर.आई. सर्किल– रीवा, तहसील– हुजूर, जिला– रीवा (सेल डीड नं. **MP328492017A1111619** दिनांक 10.03.2017), चतुर्सीमाः उत्तर– विक्रेता की भूमि, दक्षिण– रामनरेश का प्लाट, पूर्व– 20 फुट चौड़ी प्रस्तावित रोड, पश्चिम– पंडित जी एवं अन्य की भूमि। | 18/05/2023 | 06/11/2023 | रू. 12,97,753/- + बाद का ब्याज और अन्य व्यय |
| 3 | मनगवां | **ऋणी- (1) श्री बाबूलाल पाण्डे पिता श्री द्वारिका प्रसाद पाण्डे,** 1296, वार्ड नं. 15, एन.एच– 07, खामहरी, पुलिस थाना के पास, मनगवां– 486111 **सह–ऋणी- (2) जागीर स्व. सतीश कुमार पाण्डे विधिक उत्तराधिकारी पिता श्री बाबूलाल पाण्डे** 1296, वार्ड नं. 15, एन.एच– 07, खामहरी, पुलिस थाना के पास, मनगवां– 486111 **सह–ऋणी- (3) श्रीमति श्यामवती पाण्डे पत्नि श्री बाबूलाल पाण्डे** 1296, वार्ड नं. 15, एन.एच– 07, खामहरी, पुलिस थाना के पास, मनगवां– 486111 **जमानतदार– (4) श्री विकास पाण्डे पिता श्री बाबूलाल पाण्डे** 1296, वार्ड नं. 15, एन.एच– 07, खामहरी, पुलिस थाना के पास, मनगवां– 486111 | सम्पत्ति के सभी भू– भाग भूमि एवं बिल्डिंग, सम्पत्ति स्वामी– श्रीमति श्यामवती पाण्डे पत्नि श्री बाबूलाल पाण्डे, स्थित खसरा नं. 51/22, एरिया– 620 वर्गफुट स्थित मौजा– खामहरी 99, हल्का– मनगवां 30, पुराना एन.एच.– 07 रोड, वार्ड नं. 15, तहसील– मनगवां, जिला– रीवा (रजिस्ट्रर्ड सेल डीड नं. 3503 दिनांक 04/09/2001, पेज नं. 05 से 08, बुक नं. ए–1)। चतुर्सीमाः उत्तर– सम्पत्ति मालिक की भूमि, दक्षिण– एन.एच.– 07, पूर्व– गुप्ता जी की भूमि, पश्चिम– अजय तिवारी की भूमि। | 18/03/2023 | 06/11/2023 | रू. 9,45,560.42 + बाद का ब्याज और अन्य व्यय |
| 4 | छतरपुर | **ऋणी- (1) स्व. भूपेन्द्र राजोटिया,** पता– एमआईजी– 57, इन्द्रप्रस्थ गार्डन, सागर रोड, बगौटा, तहसील एवं जिला– छतरपुर– 471001 **(2) जागीर स्व. श्री भूपेन्द्र राजोटिया प्रतिनिधित्व विधिक उत्तराधिकारी श्रीमति मंजूला बी. राजोटिया पत्नि श्री भूपेन्द्र राजोटिया (ज्ञात),** एमआईजी– 57, इन्द्रप्रस्थ गार्डन, सागर रोड, बगौटा, तहसील एवं जिला– छतरपुर– 471001 | सम्पत्ति के सभी भू– भाग भूमि एवं बिल्डिंग, (मकान नं. 57–बी), सम्पत्ति स्वामी– श्री भूपेन्द्र राजोटिया पिता श्री गुरूदयाल राजोटिया, स्थित खसरा नं. 39/1/4/2, एरिया– 0.011 हेक्टे. या 1200 वर्गफुट या 111.52 वर्गमीटर (उत्तर से दक्षिण– 30 फुट एवं पूर्व से पश्चिम– 40 फुट), स्थित मौजा– भगौटा, वार्ड नं. 36, रवीन्द्रनाथ टैगोर वार्ड, इन्द्रप्रस्थ गार्डन कॉलोनी, प.ह.नं– 50, आर.आई. सर्किल– छतरपुर, तहसील एवं जिला– छतरपुर (सेल डीड नं. MP06432018A1776133 दिनांक 30.11.2018), चतुर्सीमाः उत्तर– हरीश तिवारी का मकान नं. 57 ए, दक्षिण– 25 फुट प्रस्तावित रोड, पूर्व– 20 फुट प्रस्तावित रोड, पश्चिम– सुधा पौराणिक का मकान नं. 63 | 18/01/2023 | 07/11/2023 | रू. 30,91,383/- + बाद का ब्याज और अन्य व्यय |
| 5 | छतरपुर | **ऋणी- (1) मेसर्स शुक्ला ट्रेडर्स (प्रोप. श्री विनोद शुक्ला),** वार्ड नं. 2, विश्वनाथ कॉलोनी, छतरपुर (म.प्र.)– 471001 **(2) श्री विनोद कुमार शुक्ला प्रोप. मेसर्स शुक्ला ट्रेडर्स पिता श्री राजकुमार शुक्ला,** 241/थ, सरदार भगत सिंह वार्ड नं. 1, पुराना छतरपुर (म.प्र.)– 471001 **जमानतदार/ बंधककर्ता– (3) श्रीमति नीलम पाण्डे पत्नि श्री विकास पाण्डे,** 659 मऊ, ग्राम– मऊ, तहसील– नौगांव, जिला– छतरपुर (म.प्र.)– 471001 **जमानतदार/ बंधककर्ता– (4) श्रीमति राजेश्वरी शुक्ला पत्नि श्री प्रमोद शुक्ला,** 241/थ, सरदार भगत सिंह वार्ड नं. 1, पुराना छतरपुर (म.प्र.)– 471001 | सम्पत्ति 1– सम्पत्ति के सभी भू– भाग भूमि (मकान नं. 201), सम्पत्ति स्वामी– श्रीमति राजेश्वरी शुक्ला पत्नि श्री प्रमोद शुक्ला, स्थित खसरा नं. 974/2/1/मिन–7, एरिया– 0.009 हेक्टे. या 92.93 वर्गमीटर या 1000 वर्गफुट (उत्तर से दक्षिण25 फुट एवं पूर्व से पश्चिम– 40 फुट), स्थित मौजा– सऊरा, प.ह.नं– 42/56, आर.आई. सर्किल– छतरपुर, तहसील एवं जिला– छतरपुर (सेल डीड नं. 3664 दिनांक 01.11.2011), चतुर्सीमाः उत्तर– शिव दत्त मिश्रा की भूमि, दक्षिण– शिव दत्त मिश्रा की भूमि, पूर्व– 20 फुट प्रस्तावित रोड, पश्चिम– शिव दत्त मिश्रा की भूमि। सम्पत्ति 2– सम्पत्ति के सभी भू– भाग भूमि (मकान नं. 199), सम्पत्ति स्वामी– श्रीमति नीलम पाण्डे पत्नि श्री विकास पाण्डे, स्थित खसरा नं. 198/4/मिन–1, एरिया– 0.010 हेक्टे. या 92.936 वर्गमीटर या 1000 वर्गफुट (उत्तर से दक्षिण 25 फुट एवं पूर्व से पश्चिम– 40 फुट), स्थित मौजा– सऊरा, प.ह.नं– 42, आर.आई. सर्किल– छतरपुर, तहसील एवं जिला– छतरपुर (सेल डीड नं. 3600 दिनांक 19/11/2009), चतुर्सीमाः उत्तर– 20 फुट का कच्चा रास्ता, दक्षिण– शिव दत्त मिश्रा की भूमि, पूर्व– 20 फुट कच्चा रास्ता, पश्चिम– शिव दत्त मिश्रा की भूमि। सम्पत्ति 3– सम्पत्ति के सभी भू– भाग भूमि (मकान नं. 200), सम्पत्ति स्वामी– श्रीमति नीलम पाण्डे पत्नि श्री विकास पाण्डे, स्थित खसरा नं. 1748, एरिया– 0.009 हेक्टे. या 92.93 वर्गमीटर या 1000 वर्गफुट (उत्तर से दक्षिण 25 फुट एवं पूर्व से पश्चिम– 40 फुट), स्थित मौजा– सऊरा, प.ह.नं– 56, आर.आई. सर्किल– छतरपुर, तहसील एवं जिला– छतरपुर (सेल डीड नं. 6491 दिनांक 23.03.2011), चतुर्सीमाः उत्तर– असाटी जी का प्लाट, दक्षिण– विक्रेता की भूमि, पूर्व– 20 फुट प्रस्तावित रोड, पश्चिम– अग्रवाल जी की भूमि। | 25/08/2023 | 07/11/2023 | रू. 9,73,141.32 + बाद का ब्याज और अन्य व्यय |

**दिनांक: 08/11/2023, स्थान– सतना** **प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक**


# मुझे निर्णय लेना था कि मेरी टीम जीत जाए : शाकिब अल हसन



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने कहा कि सोमवार को श्रीलंका के खिलाफ विश्व कप मैच में एंजेलो मैथ्यूज के विवादास्पद टाइम-आउट के बाद उन्हें लगा कि वह युद्ध में हैं। हेलमेट की खराबी के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में टाइम आउट दिए जाने वाले मैथ्यूज पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बने। शाकिब ने घटना के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि बांग्लादेशी क्षेत्ररक्षकों में से एक ने उन्हें बताया कि मैथ्यूज को उनकी पहली गेंद का सामना करने में समय लग रहा है और वे अंपायर से इसकी अपील कर सकते हैं। हमारे क्षेत्ररक्षकों में से एक मेरे पास आया और कहा, यदि आप अभी अपील करते हैं, तो वह आउट हो जाएगा, यदि आप गंभीर हैं। फिर मैंने अपील की और अंपायर ने मुझसे पूछा कि क्या मैं गंभीर हूँ और क्या मैं इसे वापस लूंगा या नहीं। बांग्लादेश के चार विकेट से मैच जीतने के बाद शाकिब ने मैच के बाद की प्रस्तुति में कहा, मैंने कहा कि नहीं, अगर यह नियम में है, अगर यह बाहर है, तो मैं इसे वापस नहीं लूंगा। यह कानूनों में है। मुझे नहीं पता कि यह सही है या गलत। लेकिन मुझे लगा जैसे मैं युद्ध में हूं। मुझे यह सुनिश्चित करने के लिए निर्णय लेना था कि मेरी टीम जीत जाए और मुझे जो भी करना था, मुझे करना था उन्होंने कहा, सही या गलत – बहस होगी। लेकिन अगर यह नियमों में है, तो मुझे उन अवसरों को लेने में कोई आपत्ति नहीं है।

यह घटना तब हुई जब सदीरा समरविक्रमा के आउट होने के बाद मैथ्यूज बल्लेबाजी करने आए और शाकिब की अपील के बाद अंपायर ने टाइम आउट का हवाला देते हुए उन्हें आउट दे दिया। शाकिब हालांकि पहली पारी में हुई घटना से उत्साहित थे। श्रीलंका के 279 रनों का पीछा करते हुए, ऑलराउंडर ने 65 गेंदों में 82 रन बनाए और अंततः मैथ्यूज की गेंद पर आउट हुए जिन्होंने उन्हें विदाई दी। शाकिब ने कहा, मैंने सोचा कि (घटना ने) मुझे प्रेरित रखने में मदद की। हम लड़ाई के बारे में बात करते हैं। मैं 36 साल का हूं, वह लड़ाई हर समय नहीं आती। लेकिन आज इसने एक तरह से मदद की, मैं इससे इनकार नहीं करूंगा। श्रीलंका के कप्तान कुसल मेंडिस अंपायरिंग के फैसलों से निराश दिखे और उन्होंने कहा कि अंपायरों को इस स्थिति में अधिक सामान्य ज्ञान का इस्तेमाल करना चाहिए था। मेंडिस ने मैच के बाद कहा, यह बहुत निराशाजनक है कि जब एंजेलो क्रीज में आए, तो कुछ सेकंड बचे थे, यानी उन्हें तैयार होने में पांच सेकंड बचे थे। उन्हें पता चला कि हेलमेट का पट्टा निकल गया है। यह एक उपकरण विफलता है . इसलिए मैं निराश हूं कि अंपायर उस पर प्रतिक्रिया नहीं दे सके और वहां सामान्य ज्ञान नहीं जोड़ सके। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि यह एक महत्वपूर्ण समय के दौरान हुआ जब विकेट गिरने के बाद एंजेलो क्रीज पर आये, हमें उम्मीद थी कि वह हमारे लिए कुछ रन बनाएगा, और यह निराशाजनक है कि अंपायर उस समय हस्तक्षेप नहीं कर सके और अच्छे निर्णय नहीं ले सके।

**आईसीसी विश्वकप 2023 अंक तालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | पाइंट |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 8 | 8 | 0 | 0 | 16 |
| दक्षिण अफ्रीका | 8 | 6 | 2 | 0 | 12 |
| ऑस्ट्रेलिया | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 |
| न्यूजीलैंड | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 |
| पाकिस्तान | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 |
| अफगानिस्तान | 7 | 4 | 3 | 0 | 8 |
| बांग्लादेश | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 |
| श्रीलंका | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 |
| नीदरलैंड | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 |
| इंग्लैंड | 7 | 1 | 6 | 0 | 2 |

## शाकिब व बांग्लादेश का रवैया स्पष्ट रूप से अपमानजनक था : एंजेलो मैथ्यूज

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज ने सोमवार को बांग्लादेश के खिलाफ टाइम-आउट दिए जाने के बाद शाकिब अल हसन और बांग्लादेश टीम की हरकतों को स्पष्ट रूप से अपमानजनक बताया। मैथ्यूज ने कहा, मैंने अपने 15 साल के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के दौरान कभी किसी टीम या खिलाड़ी को इतना नीचे गिरते हुए नहीं देखा। यह दुर्भाग्यपूर्ण था कि बांग्लादेश के खिलाफ मैच में उनके हेलमेट का पट्टा टूट गया क्योंकि उन्हें नहीं लगता कि कोई अन्य टीम ऐसा करेगी।

एंगल मैथ्यूज़ को टाइम-आउट का हवाला देते हुए गेंद का सामना किए बिना आउट दिए जाने के बाद शब्द-युद्ध की श्रृंखला शुरू हो गई। मैथ्यूज बल्लेबाजी क्रीज पर आ गए थे और शाकिब की गेंदबाजी का सामना करने की तैयारी कर रहे थे, जब उन्होंने हेलमेट को कसने का प्रयास किया तो उनके हेलमेट का पट्टा टूट गया, हेलमेट बदलने की मांग करते हुए, उन्हें बांग्लादेश की अपील पर लगभग तीन मिनट और 20 सेकंड में आउट दे दिया गया। मैथ्यूज ने कहा, यह शाकिब और बांग्लादेश के लिए स्पष्ट रूप से अपमानजनक था। अगर वे इस तरह से विकेट लेना चाहते हैं और उस स्तर तक गिरना चाहते हैं, तो इसमें बहुत बड़ी गड़बड़ी है। बांग्लादेश ने जिस तरह से खेला वह बेहद निराशाजनक है। अगर यह मांकड़िंग या क्षेत्ररक्षण में बाधा डाल रहा था, तो कोई समस्या नहीं है।

## सुडोकू 6369 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 3 |
| 4 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 5 | 8 | 6 |
| 3 | 2 | 8 | 1 | 6 | 5 | 9 | 4 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 8 | 7 | 3 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 6 | 4 | 2 | 1 | 5 | 8 |
| 8 | 5 | 6 | 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 7 | 8 | 5 | 3 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 8 | 5 | 9 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 9 | 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |


**पश्चिम मध्य रेल**

सामग्री प्रबंधन विभाग

(भंडार आपूर्ति हेतु ई-निविदा सूचना संख्या वरि.मं.सा.प्र./ईपीएस/47/2023)

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई–खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाये आमंत्रित करते हैं। इसमें हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए **https://ireps.gov.in** पर ई–निविदा की जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं।

| Sr. No. | Tender No. | Short Description | Tendered Qty. | Opening Date |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 94235879 | Portable emergency light tripod | 12 Nos. | 30.11.2023 |
| 2 | 94235010 | RETROREFLECTIVE TYPE POWER BLOCK WORKING LIMIT BOARD | 660 Nos. | 30.11.2023 |
| 3 | 94235911 | Fabrication and supply of heavy duty emergency mast complete set | 12 Sets | 30.11.2023 |
| 4 | 94235910 | Emergency Mast for Conventional (Normal) OHE Complete Assembly | 9 Sets | 30.11.2023 |
| 5 | 94225512 | DV Test (Computerized Microprocessor Controlled Distributor Valve Test Bench) | 1 No. | 30.11.2023 |
| | | CAMC of 03 Years after 02 Years of warranty period | 1 No. | |
| 6 | 94235597 | Supply of Relay, DC Polarized 3-position | 50 Nos. | 30.11.2023 |

*वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर.*

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर


## भारत एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में अभियान द. कोरिया के खिलाफ मैच से शुरू करेगा

**नई दिल्ली।** भारत क्वालालंपुर (मलयेशिया) में 5 से 16 दिसंबर तक होने वाले 13 वें एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में पूल सी में अपने अभियान का आगाज टूर्नामेंट के पहले दिन दक्षिण कोरिया के खिलाफ मैच से करेगा पहले दिन 12 टीमें खेलती दिखेंगी। भारत की टीम पिछले 2021 के संस्करण में अपने घर में भुवनेश्वर में फ्रांस से हार कर चौथे स्थान पर रही थी।

जवाबी हमले में यकीन करने वाले भारत और कनाडा के सामने पूल सी में बेहद मजबूती से चौकसी करनी करने वाले स्पेन के साथ स्ट्रक्चर के साथ हमले बनाने वाली दक्षिण कोरिया की टीम होगी। जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में शिरकत करने वाली कुल 16 टीमों को चार-चार टीमों के चार पूल ए, बी, सी, डी में बांटा गया है। मलयेशिया तीसरी बार एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा। मलयेशिया ने पहली बार 1992 में क्वालालंपुर में, 1989 में इपोह में और 2009 में जोहोर में जूनियर पुरुष हॉकी विश्व के क्रमश दूसरे, चौथे और नौवें संस्करण की मेजबानी की थी।


| SENSEX | BSE | 64942.40 ▼ 16.29 | 19406. 70 ▼ 5.05 | MCX | Gold 60223 ▼ 547 | silver 70837 ▲ 1280 |
|---|---|---|---|---|---|---|



# [ अर्थ जगत ]

## डॉलर के मुकाबले रुपया फिसला

**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले भारतीय रुपया मंगलवार को 0.06 प्रतिशत कमजोर होकर 83.2575 प्रति डॉलर पर आ गया। सोमवार को बीएसई सेंसेक्स 594.91 अंक या 0.92 प्रतिशत उछलकर 64,958.69 पर बंद हुआ था जबकि निफ्टी 181.15 अंक या 0.94 प्रतिशत चढ़कर 19,411.75 पर आ गया था।



## बाजार में तीन दिन से जारी तेजी पर ब्रेक

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में मंगलवार को कारोबार उतार-चढ़ाव भरा रहा और बीएसई सेंसेक्स ट्रेडिंग के अंतिम समय तक हरे और लाल निशान के बीच झूलता रहा। हालांकि, अंत में सेंसेक्स 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ लगभग सपाट बंद हुआ। चीन के मिलेजुले आर्थिक आंकड़ों के जारी बाद एशियाई बाजारों में आई गिरावट का असर भारतीय शेयर बाजार पर भी पड़ा जिससे सेंसेक्स और निफ्टी में तीन दिन से जारी तेजी का सिलसिला थम गया। साथ ही फाइनेंशियल और रियल्टी कंपनियों के शेयर में बिकवाली से भी बाजार नीचे आया। बाजार के 13 प्रमुख सेक्टर में से 9 में गिरावट आई। हाई वेटेज वाले फाइनेंशियल सेक्टर में 0.5 प्रतिशत की गिरावट आई। पिछले तीन कारोबारी सत्रों में फाइनेंशियल सेक्टर 2.05 प्रतिशत तक चढ़ गया था। तीस शेयरों पर आधारित, बीएसई सेंसेक्स 16.29 अंक या 0.03 प्रतिशत गिरकर 64,942.4 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 65 हजार के स्तर को पार करते हुए 65,021.29 अंक तक और नीचे में 64,638 अंक तक फिसल गया था। इसी तरह, व्यापक एनएसई इंडेक्स का निफ्टी-50 भी 8.75 अंक या 0.05 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19,403 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी की 30 कंपनियों के शेयर हरे जबकि 20 के शेयर लाल निशान में बंद हुए।

# सरकार ने बढ़ाई अरहर और उड़द दाल की स्टॉक लिमिट



*नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने अरहर और उड़द दाल पर लागू स्टॉक लिमिट में संशोधन किया है। सरकार ने इन दोनों दालों पर मौजूदा स्टॉक लिमिट को बढ़ा दिया है। इस संबंध में सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। जिसके मुताबिक संशोधित स्टॉक लिमिट तत्काल प्रभाव से लागू होगी।*

**अब इतना स्टॉक रख सकेंगे दाल कारोबारी-** सरकार ने थोक कारोबारियों को अब प्रत्येक दाल का 200 टन स्टॉक रखने की इजाजत दी है। पहले ये कारोबारी 50 लाख टन दाल रख सकते थे। खुदरा दाल कारोबारियों को दोनों दालों में से प्रत्येक का 5 टन स्टॉक रखने की अनुमति होगी। इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया। बड़ी श्रृंखला वाले खुदरा विक्रेता (बिग चेन रिटेलर) प्रत्येक खुदरा आउटलेट पर प्रत्येक दाल का 5 टन स्टॉक रख सकते हैं, जबकि डिपो या वेयर हाउस में दाल रखने की लिमिट 200 टन होगी। पहले डिपो पर दाल रखने की लिमिट 50 टन थी। मिलर पिछले 3 महीने के उत्पादन का या वार्षिक क्षमता का 25 फीसदी इनमें जो भी ज्यादा हो दाल का स्टॉक रख पाएंगे। पहले मिलर के लिए यह स्टॉक लिमिट एक महीने के उत्पादन या वार्षिक क्षमता का 10 फीसदी थी। आयातक इन दालों का स्टॉक कस्टम क्लीयरेंस के 60 दिनों तक रख सकेंगे। पहले आयातक 30 दिन तक की दाल रख सकते थे। अगर किसी कारोबारी के पास इस तय स्टॉक लिमिट से ज्यादा स्टॉक है तो वे उपभोक्ता मामले विभाग के पोर्टल पर सूचित करेंगे कि वे इस अधिसूचना के जारी होने के 30 दिन के भीतर स्टॉक को निर्धारित लिमिट तक लाएंगे। दाल कारोबारियों को विभाग के पोर्टल पर स्टॉक की नियमित घोषणा करनी होगी।

**दालों की महंगाई थामने लगी थी स्टॉक लिमिट**

केंद्र सरकार ने बढ़ती दालों की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए अरहर व उडद दालों पर स्टॉक लिमिट लगाई थी। सरकार ने सितंबर महीने में अरहर व उड़द दाल पर स्टॉक लिमिट को घटा दिया था। अब सरकार ने फिर से इस लिमिट को बढ़ा दिया है।

पहले स्टॉक लिमिट 30 अक्टूबर तक के लिए प्रभावी थी। इसे भी हाल में बढ़ाकर 31 दिसंबर तक के लिए प्रभावी कर दिया गया है।

# डीजीसीए ने एयर इंडिया पर लगाया 10 लाख रुपये का जुर्माना

## सीएआर प्रावधानों का अनुपालन नहीं किया



*नई दिल्ली। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने मंगलवार को नागरिक उड्डयन जरूरतों के उल्लंघन पर एयर इंडिया पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।*

विमानन रेगुलेटर ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि उन्होंने साल 2010 में गाइडलाइन जारी की थीं, जिसका टाइटल था बोर्डिंग से इनकार, फ्लाइट रद्द होने और फ्लाइट में देरी के कारण यात्रियों को एयरलाइंस द्वारा सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

फ्लाइट में व्यवधान, बोर्डिंग से इनकार, फ्लाइट कैंसिलेशन और देरी जैसी स्थितियों में हवाई यात्रियों के लिए उचित सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इन गाइडलाइन में समय के साथ बदलाव किया गया था। डीजीसीए ने मई 2023 से प्रमुख हवाई अड्डों पर घरेलू एयरलाइनों का निरंतर निरीक्षण किया। डीजीसीएके बयान में लिखा है, इन निरीक्षणों में, यह पाया गया कि एयर इंडिया सीएआर प्रावधानों का पालन नहीं कर रहा था। नतीजतन, एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जिसमें सीएआर का अनुपालन न करने पर उनसे जवाब मांगा गया है। यह पहला मामला नहीं है जब सीएआर नियमों का पालन नहीं करने पर एयरलाइन को फटकार लगाई गई हो। विमानन नियामक ने कहा, पिछले साल, प्रमुख हवाई अड्डों पर इसी तरह के निरीक्षण किए गए थे, जिसमें एयर इंडिया द्वारा बोर्डिंग से इनकार पर सीएआर प्रावधानों का अनुपालन न करने का पता चला था। परिणामस्वरूप, इन उल्लंघनों के लिए एयर इंडिया पर 10,00,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया था।

# सोने में आंशिक गिरावट, चांदी 650 रुपये लुढ़की

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना 250 रुपये टूटकर 61,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 61,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, विदेशी बाजारों में मंदी के रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने का हाजिर भाव 250 रुपये गिरकर 61,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। चांदी भी 650 रुपये टूटकर 74,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना और चांदी दोनों गिरावट के साथ क्रमशः 1,970 डॉलर प्रति औंस और 22.75 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार करते दिखे।



# देश की स्टील मैन्युफैक्चरिंग कैपेसिटी 16.1 करोड़ टन के पार

*नई दिल्ली। देश की इस्पात विनिर्माण क्षमता 16.1 करोड़ टन को पार कर चुकी है और उद्योग लगातार वृद्धि की ओर अग्रसर है। इस्पात सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा ने मंगलवार को यह बात कही। राष्ट्रीय इस्पात नीति के अनुसार, भारत का 2030 तक 30 करोड़ टन इस्पात विनिर्माण क्षमता स्थापित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य है।*

सिन्हा ने राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय इस्पात संघ (आईएसए) के चौथे इस्पात सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, "हम पहले ही 16.1 करोड़ टन क्षमता पार कर चुके हैं। इसमें ब्लास्ट फर्नेस-बेसिक ऑक्सिजन फर्नेस (बीएफ-बीओएफ) के जरिये 6.7 करोड़ टन, इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस (ईएएफ) से 3.6 करोड़ टन और इंडक्शन फर्नेस (आईएफ) के जरिये 5.8 करोड़ टन क्षमता शामिल है।" उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश का इस्पात उद्योग लगातार वृद्धि की राह पर है। सिन्हा ने कहा कि भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा वाहन बाजार है और अगले 10 साल में इसके सालाना आठ से 10 प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। इसके अलावा विनिर्माण क्षेत्र की सालाना वृद्धि दर सात से आठ प्रतिशत रहने का अनुमान है। इस वजह से दोनों क्षेत्रों में इस्पात की मांग बढ़ रही है। सिन्हा ने कहा कि इस्पात क्षेत्र में उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआई) बेहतर तरीके से आगे बढ़ रही है। उद्योग ने इसके तहत 29,500 करोड़ रुपये में से 10,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इस्पात सचिव ने कहा कि इस क्षेत्र को कार्बन उत्सर्जन और वैश्विक बाजार की मांग से संबंधित महत्वपूर्ण चुनौतियों का भी सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि उद्योग की दीर्घावधि की स्थिरता और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यावरणीय लक्ष्यों को पाने के लिए कम कार्बन उत्सर्जन वाली प्रौद्योगिकियों को अपनाना, हितधारकों के साथ सहयोग और हरित व्यवहार को अपनाना जरूरी हो जाता है यूरोपीय संघ के कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (सीबीएएम) पर उन्होंने कहा कि इसने इस्पात उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती खड़ी कर दी है। उन्होंने कहा, "सामान्य रूप से इस्पात विनिर्माण में कॉर्बन उत्सर्जन को कम करने की काफी गुंजाइश है।"



## भारत का इस्पात का शुद्ध आयातक होना चिंता का विषय : टाटा स्टील सीईओ

**नयी दिल्ली।** टाटा स्टील के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक टी वी नरेंद्रन ने मंगलवार को कहा कि भारत का इस्पात का शुद्ध आयातक होना चिंता का विषय है। नरेंद्रन ने राष्ट्रीय राजधानी में भारतीय इस्पात संघ के सम्मेलन में कहा, सरकार ने भरोसा दिलाया है कि अगर आयात बढ़ता रहा, तो वह हस्तक्षेप करेगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह थोड़ी चिंता की बात है क्योंकि चीन की वजह से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस्पात की कीमतें अभी भी थोड़ी नरम हैंज आपने (वाणिज्य) मंत्री पीयूष गोयल को यह कहते हुए सुना है कि अगर आयात बढ़ता है, तो सरकार इसपर विचार करेगी कि वह मदद के लिए क्या कर सकती है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को घरेलू उद्योग को भरोसा दिलाया कि भारत यूरोपीय संघ के कॉर्बन कर को स्वीकार नहीं करेगा, क्योंकि यह अनुचित है।

# वोल्टास होम अप्लायंस बिजनेस को बेचने का विचार कर रहा टाटा ग्रुप

*मुंबई। टाटा ग्रुप वोल्टास लिमिटेड के होम अप्लायंस बिजनेस को बेच सकता है क्योंकि उन्हें प्रतिस्पर्धी बाजार में इसके विस्तार में चुनौतियों का अनुमान है लेकिन वे निश्चित नहीं हैं कि वे सौदे में आर्सेलिक एएस के साथ अपनी साझेदारी को शामिल करना चाहेंगे या नहीं। यह जानकारी सूत्रों के हवाले से आई है। इस खबर के बाद इसके शेयर में गिरावट देखने को मिली।*

**शुरुआती स्टेज में है अभी डील-** टाटा ग्रुप बेचने के बारे में सोचने के शुरुआती फेज में है। हालांकि, वे संपत्ति को लंबे समय तक रखने का फैसला कर सकते हैं। उन्होंने अभी तक इस पर कोई कॉमेंट नहीं किया है। इस साल भारत में वोल्टास के शेयरों में लगभग 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिससे कंपनी का बाजार मूल्य लगभग 3.3 बिलियन डॉलर हो गया है। उनकी वेबसाइट के अनुसार, 1954 में शुरू हुई, वोल्टास एयर कंडीशनर और वॉटर कूलर के साथ-साथ कमर्शियल रेफ्रिजरेटर यूनिट जैसे प्रोडक्ट बनाती है। इसकी मौजूदगी पूरे भारत, मध्य पूर्व, दक्षिण पूर्व एशिया और अफ्रीका में है। कंपनी का भारत में आर्सेलिक के साथ एक ज्वाइंट वेंचर भी है और उसने घरेलू बाजार में वोल्टास बेको ब्रांड के तहत कई तरह के घरेलू अप्लायंस लॉन्च किए हैं।

**मुनाफे में चल रही है वोल्टास बेको-** वोल्टास बेको ने मौजूदा वित्तीय वर्ष में लगभग 96.7 बिलियन रुपए (1.2 बिलियन) का राजस्व दर्ज किया है। इसकी तिमाही आय रिपोर्ट से पता चलता है कि 30 सितंबर तक, वोल्टास बेको की भारत में रेफ्रिजरेटर के लिए 3.3 प्रतिशत और वॉशिंग मशीन के लिए 5.4 प्रतिशत की बाजार हिस्सेदारी थी।




**शेयर में आई गिरावट-** टाटा ग्रुप द्वारा कारोबार बेचने की खबरों का असर वोल्टास के शेयर पर देखने को मिला। वोल्टास का शेयर आज के कारोबारी सत्र में 1.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 813.80 रुपये पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान वोल्टास के शेयर ने 829.85 के उच्चतम स्तर और 811.25 के न्यूनतम स्तर को छुआ।

**वोल्टास का कारोबार-** वोल्टास का नाम देश की बड़ी इलेक्ट्रॉनिक कंपनियों में आता है। कंपनी एसी, वाटर कूलर, फ्रीज और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बनाती है।

कंपनी का कारोबार भारत के साथ मध्य पूर्व, दक्षिण पूर्व एशिया और अफ्रीका में फैला हुआ है। कंपनी की मार्केट वैल्यू 3.3 अरब डॉलर है। कंपनी ने आर्सेलिक के साथ ज्वाइंट वेंचर के तहत एक ब्रांड वोल्टास बेको भी बाजार में उतारा हुआ है, जो कि होम एप्लाइंसेस बनाता है। इसकी आय 1.2 अरब डॉलर है। इसका फ्रीज में मार्केट शेयर 3.3 प्रतिशत और वाशिंग मशीन में 5.4 प्रतिशत के करीब है।

# एयरटेल ने मध्य प्रदेश में टैलेंट डेवलपमेंट के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया

*नई दिल्ली। टीमलीज के आंकड़ों के अनुसार, भारतीय आईटी क्षेत्र वित्त वर्ष 23 की तुलना में 40 प्रतिशत कम फ्रेश ग्रेजुएट्स की नियुक्तियां करेगा। वित्त वर्ष 23 के दौरान 2,50,000 फ्रेशर इंजीनियरों की नियुक्तियां हुई थीं।*

आमतौर पर, अगस्त-सितंबर तक, आईटी कंपनियां अपनी कैंपस प्लेसमेंट प्रक्रिया शुरू कर देती हैं, लेकिन इस प्लेसमेंट सीजन में वे कैंपस से अनुपस्थित रही हैं। हाल ही में, कई भारतीय आईटी आउटसोर्सिंग कंपनियों ने कॉलेज स्नातकों की भर्ती रोक दी है। वहीं दूसरी ओर, एयरटेल ने मोबिलिटी, एयरटेल बिजनेस, होम्स, एयरटेल डिजिटल और नेक्स्ट्रा बाय एयरटेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने के लिए देश भर में 100 से अधिक कॉलेजों से 700 से अधिक नए स्नातकों को नियुक्त करने की योजना बनाई है।

कंपनी अपने कैंपस प्लेसमेंट प्रोग्राम्स को सक्रिय रूप से विस्तारित कर रही है ताकि नए कॉलेजों में अपनी उपस्थिति स्थापित कर सके और सेल्स, इंजीनियरिंग और बिजनेस सॉल्यूशंस जैसे विशिष्ट जॉब रोल्स पर ध्यान केंद्रित कर सके।

एयरटेल ने हमेशा से प्रतिभाओं पर उनके प्रारंभिक दौर से ही भरोसा जताया है। हम दृढ़ता से मानते हैं कि वास्तविक प्रतिभा में कोई लेबल नहीं होता है और इसलिए हम अपने कैंपस कार्यक्रम को केवल कुछ संस्थानों तक ही सीमित नहीं रखते हैं। इस साल, एयरटेल देश भर के 100 से अधिक कैंपस से 700 से अधिक शीर्ष प्रतिभाओं को अपने कारोबार के विभिन्न क्षेत्रों- मोबिलिटी, एयरटेल बिजनेस, होम्स, एयरटेल डिजिटल और नक्स्ट्रा बाय एयरटेल में वृद्धि को गति देने के लिए नियुक्त करेगा। हम अपने भविष्य के लीडर्स के नए बैच का स्वागत करते हुए बेहद उत्साहित हैं।

**- अमृता पद्दा, चीफ पीपल्स ऑफिसर, भारती एयरटेल**

# एफएमसीजी उद्योग ने सितंबर तिमाही में मात्रा में 8.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की : नीलसन आईक्यू

**नई दिल्ली।** भारत में रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाले उद्योग ने सितंबर तिमाही में मात्रा में 8.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। उद्योग को महंगाई का दबाव कम होने के कारण खपत बढ़ने से मदद मिली।

विश्लेषण फर्म नील्सनआईक्यू की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। कीमतों में सुधार के साथ एफएमसीजी उद्योग ने जुलाई-सितंबर तिमाही में मूल्य के लिहाज से नौ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। यह आंकड़ा पिछली तिमाहियों से कम है। जब महंगाई अपने रिकॉर्ड उच्चस्तर पर थी, तो पिछली 5-6 तिमाहियों में एफएमसीजी उद्योग ने मूल्य के लिहाज से वृद्धि दर्ज की थी, हालांकि मात्रा में वृद्धि दबाव में थी। नीलसनआईक्यू की एफएमसीजी तिमाही रिपोर्ट में कहा गया है कि जिंस कीमतों में नरमी के साथ यह प्रवृत्ति पलटने लगी है। इसके अलावा ग्रामीण बाजार में भी सुधार के संकेत दिख रहे हैं, जहां पिछली कई तिमाहियों से खपत में मंदी थी। शहरी बाजार स्थिर वृद्धि दर बनाए हुए है। रिपोर्ट के मुताबिक, ग्रामीण बाजार में छोटे आकार के पैक का उठाव अधिक हो रहा है, जबकि शहरी बाजारों में औसत पैक आकार बेहतर हो गया है। यहां बड़े पैक को प्राथमिकता दी जा रही है। एनआईक्यू इंडिया के प्रबंध निदेशक सतीश पिल्लई ने कहा कि एफएमसीजी उद्योग में पिछली तिमाही से मूल्य के लिहाज से वृद्धि कम हुई है। उपभोक्ताओं की खर्च करने की शक्ति बढ़ी है और यह विशेष रूप से ग्रामीण बाजारों में स्पष्ट है।




## महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज

फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 17000-17500, एक्स्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7400-7600 चना दाल मार्का 7600-7800, मसूर दाल एवरेज 7800-8000, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 11000-12000, फाइन 12500-13000, उड़द धुली 11500-12500, फाइन 13000-13500, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 10000-10200, मूंगदाल धुली 10500-10800, फाइन 10800-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3400, बीपीटी चालू 3200-3400, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5300 फाइन-5500-5800 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5500-6000, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 4000-4500, बेस्ट 4500-5500, मोगरा- 4000-4500, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 10000-11000, बेस्ट 12000-12500 पोहा- 4000-4200, फाइन 4200-4400, मुरमुरा- 5800-6500, फाइन- 7000-7500, रु.- लाई- 6000-6500 रु., फाइन- 8000-8500 रु.।

## सोहन लाल एण्ड संस

रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 62250 चांदी रिफाइन - 74400

## दुल्हन श्री आभूषण

कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 62250 चांदी रिफाइन - 74400


## रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.25 |
| एक यूरो | 88. 93 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 102 . 40 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53. 38 |
| एक जापानी येन | 00. 55 |


## परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 78 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 100 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-110 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -75 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

## अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6700, 6 एम एम 6700, 8 एम एम 6200, 10 एम एम 6050,12 एम एम, 6000 एवं 16 एम 6000 रु.। तार- 75 रु. किलो।

देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

## चुनाव प्रचार

चुनाव हेतु प्रचार एनाऊंसमेंट गीत रिकार्डिंग बनवाने अंतिम समय
सम्पर्क- अमित परनामी (उदघोषक)
आवाज स्टूडियो, जबलपुर
मो.नं. 7000837560
9329995050



प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# जबलपुर की हवा में निरंतर बढ़ रहे 2.5 पीएम बारीक कण

## बच्चों में बढ़ रही सांस की तकलीफ



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर शहर में वायु प्रदूषण का प्रतिशत बढ़ गया है। जिसकी चपेट में छोटे-छोटे बच्चे आ रहे हैं और वह गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। प्रशासन की कोशिशों के बावजूद शहर में वायु प्रदूषण निरंतर बना हुआ है।

धूल के कण बढ़ गये हैं। जो निर्धारित सुरक्षित सीमा से ज्यादा है। साफ सुथरी हवा का नगर निगम का दावा भ्रामक है। 4 नवंबर को हवा के प्रति घन मीटर में (बारीक कण) पीएम 2.5 की मात्रा औसत 97.84 तथा मढ़ाताल सिस्टम में 226 माईक्रोग्राम प्रति घन मीटर थी। 6 नवंबर को औसत 64.73 तथा मढ़ाताल सिस्टम में 116 माईक्रोग्राम थी। राष्ट्रीय मापदण्ड के तहत हवा में पीएम 2.5 केवल 60 माईक्रोग्राम होना चाहिये। मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के इस रिपोर्ट से स्पष्ट होता है कि जबलपुर के हवा में निरंतर सीमा से ज्यादा 2.5 पीएम बना हुआ है। नेपीयर टाउन तथा राईट टाउन क्षेत्र में धूल के बारीक कण भारी मात्रा में बने हुये हैं। पीएम 2.5 में धूल कण के अलावा सल्फाईड, नैट्राईट, आमोनियम, कार्बन तथा धातु के कण भी सम्मिलित हैं, जो हानिकारक है। यह चिंताजनक रिपोर्ट नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने मंगलवार को मुख्य सचिव भोपाल को भेजकर कार्यवाही की मांग की है।

डॉ. पीजी नाजपांडे ने बताया कि सीमा से अधिक पीएम 2.5 हवा में निरंतर होने से जन स्वास्थ्य विशेषत: 5 वर्ष तक आयु के बच्चों पर भारी विपरीत परिणाम होता है। नेपीयर टाउन तथा राईट टाउन के हर तीसरे घर में बच्चों में सांस की तकलीफ पायी गई है। धूल कण तथा अन्य रसायन उन्हें हानी पहुंचा रहे हैं। मंच के रजत भार्गव, एड. वेदप्रकाश अधोलिया, एड. प्रभात यादव, मनीष शर्मा तथा सुशीला कनौजिया ने बताया कि तत्काल कार्यवाही नहीं हुई तो न्यायालय की शरण ली जायेगी।

## केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल का काफिला भीषण दुर्घटना का शिकार, बाल-बाल बचे

# शिक्षक की मौत, तीन बच्चे गंभीर रुप से घायल



**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** भाजपा के स्टार प्रचारक केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल की कार सड़क हादसे का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि छिंदवाड़ा से नरसिंहपुर आते समय अमरवाड़ा के पास ये हादसा हुआ है।

केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल की कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति समेत तीन स्कूली बच्चे घायल हुए हैं।

### प्रहलाद पटेल के पैर में चोट

हादसे के दौरान प्रहलाद पटेल के पैर में भी मामूली चोट आई है। वहीं, उन्होंने तत्काल घायलों को अस्पताल भिजवाया। हादसे के कुछ देर बाद प्रहलाद पटेल दूसरे वाहन से नरसिंहपुर निकल गए। इस दौरान काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए थे, यहां से प्रहलाद पटेल के जाने के बाद कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के द्वारा नारेबाजी भी की गई।

हादसा उस समय हुआ जब प्रहलाद पटेल छिंदवाड़ा से जनसंपर्क कार्यक्रम निपटा कर नरसिंहपुर लौट रहे थे। सिंगोड़ी बाईपास के पास निजी स्कूल से बच्चों को लेकर लौट रहे एक शिक्षक की मोटर सायकिल को उनकी कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे भूरा मोहगांव निवासी निरंजन चंद्रवंशी बुरी तरह से जख्मी हो गए, जबकि उनके साथ बैठे तीन बच्चे भी घायल हो गए, तत्काल केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान मोटर सायकिल चला रहे भुला मोहगांव के रहने वाले शिक्षक निरंजन चंद्रवंशी (35) की मौत हो गई।

घटना में घायल 3 बच्चों को जिला अस्पताल से नागपुर रेफर किया गया है। घायलों में सात वर्षीय निखिल और आठ वर्षीय संस्कार और 17 वर्षीय जतिन शमिल हैं। सात वर्षीय निखिल और आठ वर्षीय संस्कार को सिर पर गंभीर चोट आई है।

## अधिवक्ताओं के भ्रम को दूर करते हुए एसबीसी ने स्पष्ट किया अपना रुख

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद वैरीफिकेशन, डिक्लेरेशन ऑनलाईन फार्म के मामले में अपना रुख स्पष्ट किया है। भ्रमित हो रहे अधिवक्ताओं को देखते हुए एसबीसी के वाईस चेयरमेन आरके सिंह सैनी ने कहा कि जिन अधिवक्ताओं ने पूर्व में वैरीफिकेशन एवं डिक्लेरेशन फार्म भर दिया है, उन्हें पुन: फार्म भरने की आवश्यकता नहीं है।

श्री सैनी ने कहा कि अधिवक्तागण ऑनलाईन आवेदन फार्म भरने में किसी भी प्रकार से भ्रमित न हो। इसके साथ ही श्री सैनी ने बताया कि प्रदेश के जिन अधिवक्ताओं ने आज दिनांक तक वैरीफिकेशन एवं डिक्लेरेशन फार्म ऑनलाईन नहीं भरा है, उन्हें 30 नवंबर तक अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। उक्त अंतिम तिथि तक यदि वैरीफिकेशन एवं डिक्लेरेशन फार्म ऑनलाईन नही भरा जाता है तो उन अधिवक्ताओं का नाम नामांकन नामावली से हटा दिया जायेगा। जिसके बाद ऐसे अधिवक्तागण वकालत के पात्र नहीं होंगे। साथ ही मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा किसी भी लाभकारी योजना का लाभ प्राप्त नहीं कर सकेगें।






## समदड़िया आभूषण ने ग्राहकों के लिए पेश किए दिवाली ऑफर







**जबलपुर, देशबन्धु।** समदड़िया आभूषण सराफा बाजार में एक जाना-माना नाम है, इस प्रतिष्ठान में अपने कारोबार का विस्तार सिर्फ जबलपुर तक ही सीमिति नहीं रखा, बल्कि कटनी, सतना एवं रीवा में भी अपने कारोबार का विस्तार किया है। समदड़िया आभूषण की लोकप्रियता की वजह आभूषणों में शुद्धता और उचित दाम का होना माना जाता है। चाहे गोल्ड, डायमंड ज्वेलरी या फिर सिल्वर, प्लेटिनम ज्वलेरी और प्रमाणित राशि रत्न हो, इन सभी की खरीदी पर ग्राहकों को पूर्ण संतुष्टि एहसास होता है। समदड़िया आभूषण ग्राहकों को समय-समय पर विशेष ऑफर देकर लाभ पहुंचाने का प्रयास करता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी त्यौहारी सीजन में ग्राहकों के लिए समदड़िया आभूषण में शानदार ऑफरों की पेशकश की है। इसका भरपूर लाभ ग्राहक उठा रहे हैं। इन ऑफरों के तहत 91.6 हॉलमार्क आभूषणों की बनवाई पर 20 प्रतिशत और डायमंड ज्वेलरी की खरीदी पर 20 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। इसके अलावा प्रत्येक 1 लाख रूपये के गहनों की खरीद पर सोने का सिक्का ग्राहकों को मुफ्त दिया जा रहा है। समदड़िया आभूषण के संचालक पवन समदड़िया ने बताया कि समदड़िया आभूषण पीढ़ी-दर-पीढ़ी अपने विश्वास की परम्परा निभाता आ रहा है। यह प्रतिष्ठान ग्राहकों में शुद्धता और उचित दाम के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। यही वजह है कि समदड़िया आभूषण की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। त्यौहारी सीजन को देखते हुए समदड़िया आभूषण में ग्राहकों के लिए हॉलमार्क गोल्ड, डायमंड, प्लेटिनम व सिल्वर ज्वेलरी की आकर्षक सम्पूर्ण रेंज संजोयी गई है। इसके अलावा सभी राशियों के प्रमाणित राशि रत्न भी उपलब्ध है। जबलपुर में समदड़िया आभूषण के दो प्रतिष्ठान है, समदड़िया मॉल सिविक सेंटर और दूसरा सराफा बाजार में स्थित है।






## सुहागन आभूषण एम्पोरियम को भारत के टॉप ज्वेलरी शोरूम के लिए मिला अवॉर्ड







**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी में सुहागन आभूषण एम्पोरियम एक लोकप्रिय प्रतिष्ठान है। यह ग्राहकों में कम बनवाई और कम भाव के लिए पहचान बना चुका है।

सुहागन आभूषण एम्पोरियम ने आर्शीवाद मार्केट से ग्राहकों में अपनी नई पहचान बनाई वहीं राईट टाउन क्षेत्र में नये भव्य शोरूम सुहागन आभूषण एम्पोरियम की स्थापना वर्ष 2021 में की थी, 2 वर्ष के कम समय में ही इस शोरूम ने ग्राहकों में लोकप्रियता हासिल कर ली।

यही नही सुहागन आभूषण एम्पोरियम भारत के टॉप ज्वेलरी शोरूम में भी शामिल हो गया है, एम.ए.एम.आर. कम्पनी की ओर से अभिनेत्री नेहा धूपिया ने सुहागन आभूषण एम्पोरियम शोरूम को भारत के टॉप ज्वेलरी शोरूम के लिए इंडियास मोस्ट प्रोमिनेंट अवॉर्डस 2022 देकर सम्मानित किया था। यह सम्मान सुहागन आभूषण एम्पोरियम के संचालक यश राज अग्रवाल को वर्ष 2022 में दिया गया था। संचालक यशराज अग्रवाल ने बताया कि सुहागन आभूषण एम्पोरियम शोरूम में ग्राहकों को सदैव भारत के चुनिंदा राज्यों की आधुनिक व नई डिजाईनों की ज्वेलरी का अनूठा संग्रह मिलता है। ग्राहकों के प्रति हमारा सदैव यही ध्येय रहता है कि उन्हें कम बनवाई व कम भाव पर ज्वेलरी मिले।

उन्होंने बताया कि दीवाली पर्व को देखते हुए लकी ड्रा स्कीम पेश की गई है। शोरूम में डायमण्ड के हार, टॉप्स, अंगूठी केसाथ-साथ हॉलमार्क गोल्ड ज्वेलरी की सम्पूर्ण रेंज के साथ सिल्वर की नायाब ज्वेलरी के साथ सोने-चांदी के सिक्के, डायमण्ड व प्लेटिनम ज्वेलरी व राशि रत्नों की आकर्षक रेंज उपलब्ध है।

## रेलवे अधिकारियों के स्थानांतरण

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे बोर्ड मुख्यालय दिल्ली ने अधिकारियों की स्थानांतरण सूची जारी की है। सूची के अनुसार सीआर स्वाई (एचएजी) पश्चिम रेलवे मुंबई को मध्य रेलवे मुंबई का अपर महाप्रबंधक के पद पर स्थानांतरित किया गया है।

इसके अलावा विराट गुप्ता पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर को गोरखपुर जोन और महीपाल सिंह गोरखपुर से पमरे जबलपुर जोन एवं पीटी नाइक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर से मध्य रेलवे मुंबई में पदस्थ किया गया है।